डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते



जय जगन्नाथ

आषाढ़ शुक्ल पक्ष 02, संवत 2081 | डालटनगंज (मेदिनीनगर), रविवार, 07 जुलाई 2024, वर्ष-30, अंक-259, पृष्ठ-12 | ₹3.00 | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

सेंसेक्स 79,996.60 -53.07

डॉलर 83.468 -0.034

पलामू सर्राफा

10 ग्राम 73,160

01 किलो 93,520

## व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

# एकांतवास से बाहर आए भगवान जगन्नाथ, प्रभु को देख भाव-विभोर हुए भक्त

### रविवार शाम पांच बजे रस्सा बंधन के बाद निकलेगी रथ यात्रा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** भगवान जगन्नाथ 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को नेत्रदान के बाद भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ बाहर आए तो भक्त भाव-विभोर हो उठे। वैदिक मंत्रोच्चारण व जय जगन्नाथ के जयघोष के बीच भक्तों ने प्रभु का भव्य स्वागत किया। भगवान का एकांतवास खत्म होने की खुशी में 108 दीपों से भगवान की मंगल आरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति हुई। मालपुआ सहित अन्य मिष्ठान्नों का भोग लगाया गया। भगवान रात नौ बजे तक भक्तों को दर्शन मंडप में दर्शन देंगे। उसके बाद प्रभु जगन्नाथ आज यहीं रात्रि विश्राम करेंगे। रांची में रविवार को रथ यात्रा है। दोपहर दो बजे के बाद भगवान जगन्नाथ, भैया बलभद्र और बहन सुभद्रा को बारी-बारी से रथ पर बैठाया जाएगा। रथ पर ही भगवान के सभी विग्रहों का श्रृंगार होगा। इस दौरान विष्णु सहस्त्रनाम अर्चना और मंगल आरती होगी। मंगल आरती के बाद रथ में रस्सा बंधन होगा और शाम पांच बजे रथयात्रा शुरू होगी। सभी भक्त रथ की रस्सी खींचकर रथ को मौसीबाड़ी तक ले जाएंगे। मौसीबाड़ी में महिलाएं रथ पर भगवान की पूजा करेंगी। शाम सात बजे तक सभी विग्रहों को मौसीबाड़ी में रखा जायेगा। आरती और भोग निवेदन किया जायेगा। रात आठ बजे भगवान का पट बंद कर दिया जायेगा।



## रथ यात्रा आज, तैयारी पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** प्रखंड के चैनपुर बाजार क्षेत्र के राजगढ़ में पारंपरिक रथ यात्रा को लेकर तैयारी पूरी कर ली गई है तीन अलग-अलग रथ का निर्माण किया गया है। तीन रथो पर अलग-अलग भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र, बहन सुभद्रा की प्रतिमा को स्थापित की जाएगी। इसे लेकर राजगढ़ परिसर में स्थित भगवान जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को भगवान के समक्ष छप्पन भोग का प्रसाद चढ़ाया गया। इसमें चैनपुर शाहपुर मेदनीनगर शहर आसपास के सैकड़ों लोग उपस्थित हुए और प्रसाद ग्रहण किए। रविवार को गाजे बाजे के साथ भव्य रथ यात्रा निकाली जाएगी। इसे लेकर शनिवार को छप्पन भोग का आयोजन के साथ-साथ ही रथों की पूजा की गई। राजपरिवार की ओर से वैदिक मंत्रोच्चार, घंटे घड़ियाल व शंख ध्वनि के बीच मंदिर में स्थापित भगवान जगन्नाथ, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा की विधिवत आरती उतार कर पूजा अर्चना की गई । इसके बाद उन्हें 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया गया। इसी क्रम में रथ यात्रा में शामिल होने वाले तीन रथों की पूजा अर्चना की गई। इन्हीं रथो पर भगवान को आरुढ़ करा कर रथयात्रा निकाली जाएगी। पूजन कार्यक्रम में चैनपुर राजपरिवार के वरूण देव नारायण सिंह, विक्रम भवानी सिंह, सुनील सिंह, विकास सिंह सहित मौके पर शिवनाथ साव, आदित्य नारायण पाठक, पुजारी नगवंत पाठक, पंडित राम जी मिश्रा सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे। इसके बाद परंपरानुसार सभी श्रद्धालुओं ने मंदिर प्रांगण में बैठकर सामूहिक रूप से प्रसाद ग्रहण किया। मंदिर के पुजारी पंडित नागवंत पाठक, व रामजी मिश्र ने पूजन कार्य संपन्न कराया और उन्होंने ने बताया कि जेष्ठ शुक्ल प्रतिपदा से भगवान के अस्वस्थ रहने के कारण मंदिर का पट बंद रहता है। आषाढ़ शुक्ल प्रतिपदा को भगवान स्वस्थ हो जाते हैं। इस उपलक्ष्य में उन्हें 56 प्रकार के व्यंजनों का भोग लगाया जाता है। द्वितीया तिथि को भगवान की रथयात्रा निकाली जाएगी।



## एक नजर

### संसद का बजट सत्र 22 से शुरू होगा : संसदीय कार्य मंत्री

**नई दिल्ली।** संसद का बजट सत्र 22 जुलाई से शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय बजट 2024-25 लोकसभा में 23 जुलाई को पेश किया जाएगा। संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि भारत सरकार की सिफारिश पर राष्ट्रपति ने बजट सत्र, 2024 के लिए संसद के दोनों सदनों को 22 जुलाई से 12 अगस्त तक (संसदीय कार्य की अनिवार्यताओं के अधीन) बुलाने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय बजट, 2024-25 23 जुलाई को लोकसभा में पेश किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री ने ईरान के राष्ट्रपति चुने जाने पर मसूद पेजेशकियन को दी बधाई



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को मसूद पेजेशकियन को इस्लामी गणराज्य ईरान का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी है। प्रधानमंत्री मोदी ने एक्स पर पोस्ट किया, इस्लामी गणराज्य ईरान के राष्ट्रपति चुने जाने पर मसूद पेजेशकियन को बधाई। हमारे लोगों और क्षेत्र के लाभ के लिए हमारे मधुर और दीर्घकालिक द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए आपके साथ मिलकर काम करने की आशा है।

# अधिक से अधिक रोजगार सृजन के लिए सरकार प्रतिबद्ध : हेमंत सोरेन

**- मुख्यमंत्री चैम्बर की सृजन स्टार्टअप कॉन्क्लेव में हुए शामिल**

**- उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेंगे**

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन शनिवार को रांची विश्वविद्यालय परिसर के आर्यभट्ट सभागार में फेडरेशन आफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज की ओर से आयोजित 'सृजन' स्टार्टअप कॉन्क्लेव में बतौर मुख्य अतिथि सम्मिलित हुए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि राज्य में जो भी उद्योग हैं और जो भी नए उद्योग आने वाले हैं, उसके प्रति सरकार की सकारात्मक सोच है। राज्य में ज्यादा से ज्यादा निवेश हो। अधिक से अधिक रोजगार के अवसर पैदा हों। हमारी सरकार उद्योगों और उद्योग स्थापित करने वालों को पूरा सहयोग करेगी। मुख्यमंत्री ने झारखंड चैंबर्स से कहा कि झारखंड में कई ऐसे उद्योग है जो वर्षों पुराने हैं। उद्यमियों के पीढ़ी-दर-पीढ़ी यहां व्यवसाय कर रहे हैं। ये सभी झारखंड के बदलते स्वरूप को देखते आ रहे हैं। वे यहां की आर्थिक-सामाजिक और भौगोलिक स्थितियों से भली-भांति वाकिफ हैं। वे जितनी अच्छी तरह इस राज्य को समझ सकते हैं, दूसरे नहीं समझ सकते हैं। ऐसे में आपके साथ मिलकर राज्य का सर्वांगीण विकास करना हमारा उद्देश्य है। इस अवसर पर ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर



### स्टार्टअप को बढ़ावा देने के लिए सरकार करेगी सहयोग

मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार ने स्टार्टअप पॉलिसी बनाई है। हालांकि, इस राज्य में स्टार्टअप को जितना बढ़ावा मिलना चाहिए था, उसमें थोड़ा पीछे हैं लेकिन सरकार जल्द ही स्टार्टअप को मजबूती और बढ़ावा देने के लिए ठोस कदम उठाएगी। स्टार्टअप के जरिए युवा रोजगार से जुड़े और दूसरों को भी रोजगार दें, इस सोच के साथ सरकार आगे बढ़ेगी।

### उद्योगों का लाभ पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिल सके

मुख्यमंत्री ने कहा कि आजादी के बाद देश के नीति-निर्धारकों ने इस राज्य की अहमियत को समझा था। इसी का नतीजा था कि हमारे राज्य में कई बड़े उद्योग स्थापित हुए। टाटा और बिड़ला जैसे कई उद्योग समूहों ने अपने उद्योग लगाए। इसी राज्य में कोल इंडिया की सबसे ज्यादा गतिविधियां संचालित हो रही है। देश की मशहूर हैवी इंजीनियरिंग कॉर्पोरेशन लिमिटेड (एचईसी) भी हमारे राज्य में स्थापित है लेकिन जैसे-जैसे समय आगे बढ़ता गया और परिस्थितियों कुछ ऐसी बनती गई कि यहां के कई उद्योग-धंधे बंद हो गए। मुख्यमंत्री ने कहा कि जिन उद्योगों का विस्तार होना था, वे सिमटते गए। इस वजह से लोग बेरोजगार भी हुए लेकिन हमारी सरकार उद्योगों की ऐसी बुनियाद डालना चाहती है, जिसका लाभ लोगों को पीढ़ी-दर-पीढ़ी मिल सके। इसमें झारखंड चैम्बर्स का जो भी सुझाव होगा उस पर सकारात्मक अमल करते हुए सरकार पूरा सहयोग करेगी।

## चंपाई सोरेन का छलका दर्द, बोले-

# सीएम के रूप में थोड़ा और समय मिलता तो कई काम करता



**सरायकेला।** झारखंड के सीएम पद से हटने पर चंपाई सोरेन का दर्द छलक पड़ा है। सीएम पद से इस्तीफा देने के बाद पहली बार अपने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र सरायकेला पहुंचे चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्हें थोड़ा और समय मिलता तो राज्य के विकास के लिए और भी बहुत कुछ करने की इच्छा थी। मीडिया से बात करते हुए चंपाई सोरेन ने कहा कि काम करने वाले व्यक्ति की सभी इच्छाएं कभी पूरी नहीं होतीं। मैंने सीएम के रूप में अच्छा काम करने का प्रयास किया। हमने सभी जाति, समुदाय के लोगों के लिए कई तरह की योजनाएं लाईं। मैं कम समय में जितना काम कर पाया, उससे संतुष्ट हूं। शिक्षक बहाली, पुलिस विभाग में भर्ती, जनजातीय भाषाओं पर आधारित शिक्षकों की भर्ती और मुख्यमंत्री अबुआ स्वास्थ्य बीमा योजना जैसी कई जनकल्याणकारी योजनाएं शुरू की। 21 से 50 वर्ष की उम्र की महिलाओं को हर महीने एक हजार रुपये की आर्थिक मदद के लिए मुख्यमंत्री माई-कुई (बहन-बेटी) योजना शुरू की। 200 यूनिट बिजली मुफ्त करने का फैसला लिया। इसका लाभ आम जनता को मिलेगा। चंपाई सोरेन ने कहा कि उन्होंने हर विभाग में काम के लिए कैलेंडर बनाया। शेड्यूल के अनुसार मैंने खुद काम किया। जनजातीय भाषाओं के शिक्षकों की बहाली शुरू की, लेकिन इसका अफसोस है कि उन्हें नियुक्ति पत्र नहीं बांट पाया। जनजातीय भाषा साहित्य अकादमी के गठन की प्रक्रिया भी शुरू की। हमने ज्यादातर योजनाएं पटरी पर ला दी हैं। हमने जातीय जनगणना का निर्णय लिया और यह भी तय कर दिया कि कौन सा विभाग यह काम करेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड अलग राज्य बनने के बाद जिस तरह विकास होना चाहिए था, वह नहीं हुआ। पूर्व सीएम ने कहा कि पार्टी और संगठन में जो भी निर्णय लिया जाता है, उसे मानना पड़ता है। मेरे बारे में जो भी निर्णय लिया गया है, उसके अनुसार काम करूंगा। पद पर रहूं या न रहूं, जनता की सेवा करता रहूंगा।

## आज | कल




## झारखंड विधानसभा में विश्वास मत के दौरान अधिकारियों को दीर्घा में मौजूद रहने के निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना दादेल के कार्यालय से इस संबंध में शनिवार को एक आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के प्रमुख, रांची के उपायुक्त और एसएसपी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## ब्रिटेन के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ाने को हम प्रतिबद्ध : नरेन्द्र मोदी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को यूनाइटेड किंगडम के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर से बात की। प्रधानमंत्री मोदी ने उन्हें ब्रिटेन के प्रधानमंत्री के रूप में कार्यभार संभालने और चुनाव में लेबर पार्टी की उल्लेखनीय जीत पर बधाई दी। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और स्टार्मर ने दोनों देशों के बीच ऐतिहासिक संबंधों को याद किया और भारत और ब्रिटेन के बीच व्यापक रणनीतिक साझेदारी को और गहरा करने और आगे बढ़ाने के लिए अपनी प्रतिबद्धता की पुष्टि की। दोनों नेताओं ने पारस्परिक रूप से लाभकारी भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को जल्द से जल्द पूरा करने की दिशा में काम करने पर सहमति जताई। ब्रिटेन के सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक विकास में भारतीय समुदाय के सकारात्मक योगदान की सराहना करते हुए दोनों पक्षों ने लोगों के बीच घनिष्ठ संबंधों को बढ़ावा देने पर सहमति व्यक्त की। प्रधानमंत्री मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री स्टार्मर को शीघ्र भारत आने

## झारखंड में माओवादियों का खतरनाक मंसूबा विफल, विस्फोट से पहले 35 आईईडी बरामद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** झारखंड के गुमला जिले में स्थानीय लोगों की सक्रियता से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने माओवादियों के खतरनाक मंसूबे को विफल करते हुए गुमला जिले के सुदूरवर्ती गुमला कुरुमगढ़ सीमावर्ती क्षेत्र में निमाणार्धीन सड़क और एक अन्य स्थान पर विस्फोट करने के इरादे से लगाए गए 35 आईईडी बरामद किए हैं। बम निरोधक दस्ते ने शुक्रवार को पांच केन बम को सड़क खोदकर निकाला और निष्क्रिय कर दिया। इसके अलावा हरिनाखाड़ इलाके से करीब 30 आईईडी बरामद किए गए हैं। इनको शनिवार को ▸▸शेष पृष्ठ 11 पर

## इंडिया

# परिवार ढूंढ़ता पश्चिम और खोते हुए हम



सुनील बादल

भारत की विशेषता इसकी परंपराएं हैं जहां कहा जाता है अयं निजःपरोवेत्ति गणना लघुचेतसाम। उदारचरितानाम तु वसुधैवकुटुम्बकम।। अर्थात-यह मेरा है ,यह पराया है इस प्रकार की गणना लघु चेतना वाले लोग करते हैं। उदार चरित्र वाले मनुष्यों के लिए तो पूरी पृथ्वी ही कुटुम्ब अर्थात परिवार है। पर पश्चिमी देशों के एकल परिवार की अवधारणा के विपरीत एक अच्छी खबर आई स्वीडन में दादा-दादी और नाना-नानी को पोते-पोतियों, नाती-नातिनों की देखभाल करने के लिए बच्चे के जन्म के पहले साल में तीन महीने की सवैतनिक छुट्टी मिलेगी। स्वीडन दुनिया का पहला देश है, जिसने पचास साल पहले माता-पिता बनने पर न केवल माताओं को, बल्कि पिताओं के लिए भी अवकाश देने की घोषणा की थी। यहां बच्चे के जन्म पर सोलह महीने या चार सौ अस्सी दिन के अवकाश लाभ दिए जाते हैं। जहां अमेरिका और यूरोप में लोग इस बात पर आश्चर्य करते हैं कि भारत से दादा-दादी, नाना-नानी बारी-बारी से अपने नाती-नातिनों, पोते-पोतियों की देखभाल करने के लिए छह-छह महीने के लिए वहां जाते रहते हैं। पश्चिम इन दिनों परिवार के संपूर्ण बिखराव से परेशान है। वहां बहुत से युवा, जिनमें लड़के-लड़कियां, दोनों शामिल हैं, विवाह नहीं करना चाहते। विवाह हो भी जाए, तो वे बच्चों को जन्म देना नहीं चाहते। बच्चे पालना उन्हें भारी जिम्मेदारी और अपनी आजादी में व्यवधान की तरह लगता है। यूरोप में ऐसे अनेक लोग हैं जो या तो अकेले रहते हैं या उनके बच्चे नहीं हैं। बच्चों का शौक पूरा करने के लिए वे कई सारे कुत्ते-बिल्लियां पालते हैं। सुबह-शाम उन्हें घुमाने ले जाते हैं। उनके स्वास्थ्य की देखभाल करते हैं। उन्हें अच्छा भोजन देते हैं। इन जानवरों को पालने में भी लगभग उतनी ही मेहनत करनी पड़ती है, जितनी बच्चों को पालने में। कुछ प्रगतिशील लोगों ने पिछली एक सदी से परिवार नामक संस्था की इतनी बुराई की है कि युवाओं को परिवार बसाना-बढ़ाना अपने जीवन की सबसे बड़ी मुसीबत लगता है। माता-पिता से तो वे बहुत जल्दी ही अलग हो जाते हैं। उनसे वे किसी पर्व-त्योहार या ऐसे ही किसी अवसर पर मिलते हैं। बहुतेरे तो उनके बीमार होने पर मृत्यु में भी उनकी कोई सुध नहीं लेते। वे भारत के पारिवारिक ढांचे को आश्चर्य से देखते हैं, लेकिन खुद पारिवारिक बंधनों से दूर भागते हैं। हालांकि हमारे यहां भी दशकों से एकल परिवार को किसी वरदान की तरह देखा जा रहा है।



अक्सर बुजुर्ग शिकायत करते हैं कि उन्होंने अपनी पूरी उम्र और जमा-पूंजी अपने बच्चों को पालने, उनकी देखभाल करने और शिक्षा पर खर्च कर दी। मगर अब बच्चे उनसे मिलना तो दूर, एक फोन करने तक की जरूरत महसूस नहीं करते।माता-पिता की मृत्यु हो जाती है, तो विदेशों में रहने वाले बच्चे पड़ोसियों से कहते हैं कि अंतिम संस्कार आप ही कर दीजिए। हमें अपना अकाउंट नंबर दे दीजिए। पैसे ट्रांसफर कर देंगे। पश्चिम के लोग परिवार की वापसी के नारे लगा रहे हैं। वे एकल परिवारों की मुसीबतों से परेशान हैं। वहां के बहुत से बच्चे कम उम्र में ही ऐसी तमाम गतिविधियों में लग जाते हैं, जो उनके भविष्य के लिए अच्छी नहीं हैं। लेकिन जिन विचारों को फैलाकर पश्चिम ने परिवारों को नष्ट किया, उनके रहते परिवार की वापसी मुश्किल ही दिखती है। व्यक्तिवाद के चलते मनुष्य कितना स्वार्थी और आत्मकेंद्रित हो जाता है, पश्चिम के समाज उसके ज्वलंत उदाहरण हैं। किसी डे केयर सेंटर में बच्चे पालने से बच्चों को वैसी देखभाल नहीं मिलती, जो दादा-दादी या नाना-नानी के रहते होती है। सहायिकाओं के भरोसे भी बच्चों की उचित देखभाल की गारंटी नहीं दी जा सकती। इसके अलावा, जब युवाओं को यह बताया जाएगा कि परिवार तुम्हारे कॅरिअर में सबसे बड़ा रोड़ा है, तो वे भला परिवार क्यों बसाएंगे! स्वीडन का कानून बता रहा है कि अगली पीढ़ी की बेहतरी के लिए पुरानी पीढ़ी का होना और बच्चों को उनका स्नेह मिलना कितना जरूरी है। दादा-दादी या नाना-नानी के सान्निध्य में बच्चों की परवरिश से बहुत से अच्छे मूल्य उनके मन में आसानी से जगह बना लेते हैं। वे माता-पिता के काम पर जाने के बाद खुद को अकेला नहीं महसूस करते हैं। उनमें सुरक्षा की भावना भी मजबूत होती है। अपने यहां आजादी के नाम पर हम जिस परिवार के बिखराव का जश्न मना रहे हैं, उस बारे में भी सोचने की जरूरत है। दुनिया में कहीं भी सिर्फ अपने अकेले के भरोसे न जीवन जिया जा सकता है, न चुनौतियों से मुकाबला ही संभव है।

## झारखंड हाईकोर्ट ने जेल में कैदी की खुदकुशी पर लिया संज्ञान



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव की आत्महत्या पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने शनिवार को संज्ञान लिया। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया कि वह तत्काल टीम गठित कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करें। साथ ही मृतक के परिजनों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश का पालन करते हुए झालसा के उप-सचिव अभिषेक कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव कमलेश बेहरा खुद निरीक्षण करने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचे। उन्होंने मौत का स्पॉट निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। मृतक के परिजनों को भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव बिरसा मुंडा ने केंद्रीय कारा में शुक्रवार भोर 4.30 बजे जेल अस्पताल के बाथरूम में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी थी। वह पत्नी की हत्या के जुर्म जेल में 2017 से बंद था।

## एक नजर

### भाजपा ने मनाया डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी



**पाटन।** भाजपा पार्टी के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी। प्रखंड के ग्राम हिसरा बरवाडीह बूथ संख्या 180 पर जिला कार्य समिति सदस्य निरंजन पासवान के आवास पर डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी, पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित किया। कार्यक्रम में निरंजन पासवान ने कहा कि हिंदुओं की रक्षा के लिए डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ पार्टी का 1951 में स्थापना किया था। भारतीय जनता पार्टी का स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुआ था। उसी समय से भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता धूमधाम से पार्टी का स्थापना दिवस मनाते हैं। कार्यक्रम में मंडल उपाध्यक्ष गोपाल पासवान, मंडल मंत्री आनंद सिंह, कोषाध्यक्ष रवींद्र साव, उमा शंकर सिंह, उदयनाथ सिंह, शंभू नाथ सिंह, मनोज पासवान आदि उपस्थित थे।

### डीडीसी ने सड़क का किया निरीक्षण



**हरिहरगंज।** उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद ने शनिवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत निमार्णाधीन एनएच 139 कॉलेज मोड़ से अररूआ कला, तुरी होते हुए चहका तक जानेवाली सड़क का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने सड़क निर्माण के विभागीय कार्यपालक अभियंता को शो कॉज किया। मालूम हो कि ग्रामीणों द्वारा आधी अधूरी सड़क व नाली निर्माण की शिकायत की गई थी। ज्ञात हो कि उक्त सड़क सितंबर 2022 से निर्माण किया जा रहा है, परंतु अभी तक आधा ही सड़क बन पाया है। काम बंद है। उप विकास आयुक्त ने कहा कि काम जल्द चालू कराया जाएगा। मौके पर छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, समाजसेवी राजीव रंजन, दिनेश मेहता, सहित कई लोग मौजूद थे।

### वित्त रहित इंटर कॉलेज के शिक्षक लंबित मांगों को लेकर हुए एकजूट

# विधानसभा पर प्रदर्शन कर रखेंगे मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** वित्त रहित एवं अनुदानित इंटर कॉलेजों, उच्च विद्यालयों, संस्कृत विद्यालय एवं मदरसा विद्यालय के प्राचार्य, प्रधानाचार्य, शिक्षक प्रतिनिधियों ने सूबे के विभिन्न जिलों में बैठक कर अनवरत गोलबंद होने में जुटे हैं। इस संबंध में प्रेस को मनीष कुमार व अरविंद कुमार सिंह ने बताया कि विगत 25-30 वर्षों से शिक्षक व कर्मी सूबे के गरीब आदिवासी, दलित एवं अनुसूचित जाति, अल्पसंख्यक समुदाय के बच्चों के पठन-पाठन कार्य में लगे हैं। जो सारे स्कूल, कॉलेज अधिकांशतः सुदूरवर्ती क्षेत्र में रहने से आज भी शिक्षा का काफी अभाव है। उन्हें सेवा करने के बाद भी वेतन नहीं मिलता है। छात्र संख्या के आधार पर अनुदान इस महंगाई के समय में काफी कम है। उच्च विद्यालय, संस्कृत विद्यालय, मदरसा विद्यालयों के शिक्षक कर्मचारियों को अनुदान से प्रतिमाह चार से पांच हजार रुपया मिलता है। जबकि 1000 से अधिक छात्र संख्या होने पर स्कूलों को 14 लाख 40 हजार रुपया मिलता है। उन्होंने कहा कि एक विद्यालय में शिक्षकों की यूनिट 12 एवं कर्मियों की संख्या तीन है। इंटर कॉलेजों में 2000 से अधिक छात्र संख्या और तीनों संकाय होने पर 60 लाख रुपया मिलता है। जिसमें शिक्षक व कर्मियों की संख्या 25 से 30 है। एक संकाय में 168000 रुपया मिलना काफी कम है। उन्होंने कहा कि सरकार ने विधानसभा में वित्त रहित शिक्षा नीति समाप्त कर सरकारी कर्मी के समान वेतन देने का आश्वासन दिया था। जिसमें स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के सचिव ने कार्मिक विभाग को उनका वेतन चार गुना करने को पत्र भी लिखा गया। पर मामला अब तक कार्मिक विभाग में लंबित है। इसके लिए गठित एक कमेटी ने रिपोर्ट भी दे दिया है।

जिसमें 75 % अनुदान बढ़ाने की अनुशंसा की गई है। उन्होंने कहा कि बैठकों का दौर खत्म होते ही मंत्री परिषद विस्तार के बाद मोर्चा का प्रतिनिधिमंडल मुख्यमंत्री से मिलकर अपनी समस्याओं से अवगत करायेगा। अगर 16 जुलाई तक उनकी मांगों पर विभाग कार्रवाई नहीं की तब आंदोलन की घोषणा होगा। जिसमें विधानसभा सत्र के समय विधानसभा का घेराव, राजभवन पर धरना देने का निर्णय लिया गया है। इस दौरान राज्य के सभी शिक्षक व कर्मी स्कूल, कॉलेज बंद कर रांची की धरती पर आंदोलन में शामिल होंगे। वार्ता में उनके अलावे रघुनाथ सिंह, कुंदन कुमार सिंह, हरिहर प्रसाद कुशवाहा, फज्लुल कादिर अहमद, संजय कुमार, देवनाथ सिंह, नरोत्तम सिंह, गणेश महतो, मनीष कुमार, मनोज तिर्की, रेशमा बेक, रघु विश्कर्मा, अमरावती कुमारी, सिस्टर मंजूषा, कल्याणी कुजूर, मनोज कुमार, डालेश चौधरी, विनय उराव, मुरारी सिंह, अनिल तिवारी प्रमुख थे।



### एके सिंह कॉलेज में मनाया गया वन महोत्सव

## एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत हुआ पौधरोपण

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में एके सिंह कॉलेज जपला परिसर में वन महोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 1 से 7 जुलाई तक वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत पौधा रोपण कार्यक्रम किया जा रहा है। इसी कड़ी में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना के नेतृत्व में एके सिंह कॉलेज जपला के प्रांगण में प्राचार्य सूर्य मणि सिंह, कार्यक्रम पदाधिकारी सह नोडल पदाधिकारी प्रो. राजेश कुमार सिंह ने छात्रों के साथ मिलकर इसका शुभारंभ किया। नोडल पदाधिकारी ने बताया कि यह कार्यक्रम भारत सरकार के राष्ट्रीय सेवा योजना क्षेत्रीय निदेशालय पटना के निर्देश के आलोक में पूरे झारखंड और बिहार राज्य में किया जा रहा है। मौके पर महाविद्यालय के प्राचार्य सूर्यमणि सिंह ने कहा कि प्रत्येक स्वयंसेवक और छात्र-छात्राएं अपने मां के नाम एक पौधा अवश्य लगाएं। ताकि पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ मां का नाम हमेशा याद रहें। यहां आम अमरूद, पारिजात, गंधराज बेला इत्यादि पौधे लगाए गए। वहीं इस मौके पर आइक्यूएसी कोऑर्डिनेटर प्रो. अरुण कुमार सिंह, डॉ.आलोक रंजन, प्रो. उपेंद्र कुमार सिंह प्रो. रेखा सिंह, प्रो. राहुल कुमार सिंह, अर्चना सिंह, कुंदन कुमार सिंह, प्रिंस कुमार सिंह, मनीष प्रताप सिंह, अशोक कुमार सिंह एवं स्वयंसेवकों में दिव्या कुमारी, आरुषि कुमारी, शीतल कुमारी, नाजिया परवीन, रजिया तबस्सुम, आलोक कुमार, शुभम प्रकाश, हीरालाल शर्मा, राजा कुमार, कुंदन कुमार शर्मा सहित स्वयंसेवकों का योगदान सराहनीय रहा।



### मुख्यमंत्री से मिले हाजी एजाज हुसैन व राज अली

## हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र पर की चर्चा

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** हेमंत सोरेन को तीसरी बार मुख्यमंत्री की शपथ लेने पर हुसैनाबाद जेएमएम के वरिष्ठ नेता सह आंदोलनकारी हाजी एजाज हुसैन उर्फ छेदी खान व जेएमएम के वरिष्ठ नेता जाकिर अली उर्फ राज अली ने उन्हें बुके देकर बधाई दी। साथ ही उक्त नेताओं ने हुसैनाबाद विधानसभा क्षेत्र से जेएमएम के युवा नेत सह जिप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह उर्फ टुटू सिंह के बारे में विस्तृत चर्चा करते हुए इंडिया गठबंधन से टिकट देने का आग्रह मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की है। उन्होंने कहा कि हुसैनाबाद में इस बार लोग युवा प्रत्याशी की तलाश है, जो आलोक कुमार सिंह ने जेएमएम में शामिल होकर हुसैनाबाद के लोगों को मान बढ़ाने के लिए काफी लोकप्रिय हैं। वहीं मुख्यमंत्री को जेल से छूटने के बाद उनका हौसला बढ़ाते हुए कहा कि संविधान की ताकत व सच्चाई की जीत हुई है। और षड्यंत्रकारियों के सपने टूट गए, हेमंत सोरेन जेल से छूट गए हैं। अब आगामी होने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इसका मुंहतोड़ जवाब वोटों से देगी। और राज्य में एकबार फिर इंडिया गठबंधन की सरकार बनेगी।



## न्यूज बॉक्स

### रैली निकाल पौधरोपण के प्रति किया जागरूक, लगाए पौधे

**हरिहरगंज।** सतगावां टंडवा रोड मजार शरीफ स्थित ब्लूमिंग बड्स ग्लोबल स्कूल के छात्र-छात्राओं ने हाथ में पौधे व तख्तियां लेकर शहर में रैली निकाल कर लोगों को वृक्षारोपण के लिए जागरूक करने का कार्य किया। विद्यालय परिसर में ही फलदार व छायादार दर्जनों पौधे लगाए और सुरक्षा का संकल्प लिया गया। साथ ही विद्यालय के बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण पर भाषण दिया। विद्यालय के निदेशक अरुंजय कुमार ने कहा कि पर्यावरण को स्वस्थ रखने के लिए सभी को पौधारोपण अवश्य करना चाहिए। पृथ्वी पर मौजूद पेड़-पौधे पर्यावरण में संतुलन बनाए रखने का काम करते है। इसलिए हमें पर्यावरण को संरक्षित व सुरक्षित करने के लिए धरा को हरा-भरा करना होगा। इस मौके पर शिक्षक सत्येन्द्र कुमार, गुप्ता सिंह, सलमा खातून, कंचन साव, शैली मिश्रा, आइसा गुप्ता, सुमन शर्मा, पिंकी शर्मा, प्रिया, राधा, रुचि गुप्ता, वैष्णव कुमार आदि मौजूद थे।

### मवि नुरु के विद्यार्थियों को साइकिल बांटा गया



**पांकी।** प्रखंड के राजकीयकृत कन्या मध्य विद्यालय नूरु के प्रधानाध्यापक सुधीर कांत ने आठवीं पास छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण विद्यालय परिसर में शनिवार को किया गया। प्रधानाध्यापक सुधीरकांत ने छात्र-छात्राओं को साइकिल देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। बता दें की विद्यालय के प्रधानाध्यापक द्वारा अपने निजी खर्च से रन्नेभरी विद्यालय से बड़े वाहनों से साइकिल मंगवा कर बच्चों के बीच वितरित किया। एक तरफ सरकार छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने के लिए निःशुल्क साइकिल का वितरण कर रही है, वहीं आपूर्तिकर्ता द्वारा बच्चों के विद्यालय तक साइकिल नहीं पहुंचने से शिक्षकों सहित छात्र-छात्राओं को बेहद परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है इसका ताजा उदाहरण है कि नुरू विद्यालय के प्रधानाध्यापक को अपने निजी खर्च करना पड़ रहा है।

### आजसू का हल्ला बोल कार्यक्रम में 14 सूत्री मांगपत्र सौंपा

**हरिहरगंज।** आजसू पार्टी द्वारा शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय में हल्ला बोल कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हरिहरगंज प्रखंड अध्यक्ष अजीत कुमार सिंह और संचालन जिला सचिव जितेंद्र विश्वकर्मा ने किया। आजसू के केंद्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व विधायक कुशवाहा शिवपूजन मेहता के नेतृत्व में 14 सूत्री मांग-पत्र बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया को सौंपा गया। उनकी मांगों में नगर पंचायत में अवैध टेंडर के अविलंब जांच कराने, शहर को साफ सुथरा रखने, जमीन दाखिल खारिज के आवेदनों का निष्पादन, अबुआ व पीएम आवास के लाभुकों के चयन में पारदर्शिता, हाइवा के परिचालन रात्रि में करने, आवासीय, जाती, आय अविलंब बनाने, प्रखंड में 24 घंटे बिजली आपूर्ति करने सहित अन्य मांग शामिल है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कुशवाहा शिवपूजन मेहता ने कहा कि राज्य सरकार हर मोर्चे पर विफल है। हल्ला बोल कार्यक्रम में केंद्रीय कार्यसमिति सदस्य रामजी पासवान, इरशाद आलम, इस्तखार आलम, आदित्य तिवारी, जितेंद्र प्रजापति, अखिलेश मेहता, मंजूर आलम, विजय मेहता, जफरुद्दीन खान, राजेंद्र यादव, विनय यादव, सागर आलम, कुर्बान, इरशाद, छोटू सहित अन्य मौजूद थे।

## आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में संपूर्णता अभियान हुआ शुरू

**नवीन मेल संवाददाता**

**हरिहरगंज।** भारत सरकार के आकांक्षी प्रखंड में शामिल हरिहरगंज प्रखंड परिसर में शनिवार को प्रखंड स्तर के संपूर्णता अभियान की शुरूआत मुख्य अतिथि उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद द्वारा दीप प्रज्ज्वलित व फीता काट कर की गयी। मौके पर उन्होंने कहा कि छह मुख्य इंडीकेटर्स पर फोकस करते हुए इस अभियान को बनाया गया है। यह संपूर्णता अभियान प्रखंड स्तर पर अगले तीन माह तक संचालित होगा। जिसमें स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, उच्च रक्तचाप व मधुमेह रोगियों की पहचान करना, बाल विकास परियोजना अंतर्गत उन्हें पोषाहार उपलब्ध कराना, कृषि विभाग अंतर्गत किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना, शिक्षा विभाग अंतर्गत बच्चों के बीच पाठ्य पुस्तक वितरण और जेएसएलपीएस द्वारा स्वयं सहायता समूहों के बीच रिवॉल्विंग फण्ड का वितरण आदि कार्यक्रम चलाना लक्ष्य है। जिसमें सभी बिंदुओं पर सौ प्रतिशत अच्छादन करना है। डीडीसी ने कहा सरकार सभी सुविधाएं दे रहीं हैं। अगले तीन माह के अंदर निर्धारित इंडीकेटर्स को प्राप्त किया जा सके। प्रखंड स्तर के संपूर्णता अभियान अंतर्गत सितंबर माह तक प्राप्त करना है। इस दौरान संपूर्णता अभियान के लिए सभी की सहभागिता निभाने व अभियान को सफल बनाने की सामूहिक शपथ दिलाई गयी। कार्यक्रम में कृषि विभाग, स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास परियोजना, जीविका एवं शिक्षा विभाग की ओर स्टॉल लगाया गया। इस मौके पर अपर समाहर्ता विजय केरकेट्टा, जिला कृषि पदाधिकारी विवेक बिरुआ, छतरपुर एसडीओ हीरा कुमार, जिला योजना पदाधिकारी कुमार अविनाश, बीडीओ कुमार अरविंद बेदिया, बीइओ रामनरेश राम, ब्लॉक कोऑर्डिनेटर प्रणव कुमार, जिला पार्षद मंजू देवी, प्रमुख कमला देवी, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. गोपाल प्रसाद, डॉ राजेश कुशवाहा, समाजसेवी राजीव रंजन, कमलेश कुमार यादव, मुखिया विनय सिंह, जितेंद्र पासवान, प्रखंड कृषि पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, पीरामल फाउंडेशन के अनिल गुप्ता, कृष्ण मौर्या मुख्य रूप से मौजूद थे।

### पहल


### आधा दर्जन माइनर में किसानों के लिए पर्याप्त पानी पहुंचना शुरू

# उत्तर कोयल मुख्य नहर से किसानों को मिलने लगा पानी, खुशी

**नवीन मेल संवाददाता**

**हैदरनगर।** पलामू जिले की बहुचर्चित मोहम्मदगंज स्थित उत्तर कोयल मुख्य नहर में शनिवार को 1174 क्यूसेक पानी छोड़ दिया गया है। इससे जुड़े आधा दर्जन माइनर में भी किसानों के लिए पर्याप्त पानी पहुंचना शुरू हो गया है। साथ ही हुसैनाबाद अनुमंडल क्षेत्र के एक तिहाई भूभाग को भी व्यापक रुप से नहरी इलाकों के अगल बगल के खेतों में पानी पहुंचाने का लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है। बराज डिवीजन के कार्यपालक अभियंता विनीत प्रकाश ने बताया कि बुधुआ लघु वितरणी में गेट लगाने का काम मेकेनिकल डिवीजन औरंगाबाद (बिहार) ने पूरा किया है। इससे मुख्य नहर में निर्बाध रूप से पर्याप्त पानी छोड़ने का मार्ग प्रशस्त हो सका है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार की दोपहर बाद नहर में 364 क्यूसेक पानी प्रवाहित किया गया था। मांग और जरूरत के मुताबिक जलप्रवाह के लेवल को बढाया जा सकता है। भीमबराज में पूरी क्षमता तक पानी संग्रहित है। किसानों की जरूरत को देखते हुए कोयल नदी के डाउन स्ट्रीम में पानी नहीं खोला जाता है। बताते चलें कि बुधवार को इस सीजन फिर से बुधुआ लघु वितरणी के गेट के टूट जाने से मुख्य नहर के प्रवाह को कम कर दिया गया था। जबकि इससे पहले चालू सीजन में जलप्रवाह सर्वाधिक 1672 क्यूसेक कर दिया गया था। वर्तमान में इस नहर में भरपूर पानी प्रवाहित होने से मोहम्मदगंज के सोनबरसा, भजनिया, बीरधवर, गाजी बिहरा, पचपोखरी, रामबांध जबकि हैदरनगर के बलडिहरी, बहेरा, संतोषडीह, रजौंधा, परता, कबरा खुर्द, रानीदेवा, सजवन, सलेमपुर, रीगाडीह सहित दो दर्जन गांवों के किसानों में अब जमकर धान का बिचड़ा डालने को लेकर खुशी है।





स्माईल क्राफ्ट दांतों का अस्पताल
SMILE KRAFT DENTAL CLINIC — We Want you to Look Your Best
बहु-विशिष्ट दन्त चिकित्सालय Multi Speciality Dental Clinic
A SEPARATE UNIT FOR DENTAL IMPLANT WITH HIGH QUALITY OF STERLIZATION
टेढ़े-मेढ़े दांतों को क्लिप एवं तार से सीधे करने के विशेषज्ञ डॉक्टर

डॉ. श्वेता सिंह
BDS, MDS, Esthetic & Dental Surgeon
Trained Fellow in Esthetic &Conservation Dentistry
Periodontist & Oral Implantologist

FACILITIES AVAILABLE
• Digital OPG Facility Available in Clinic (Full Mouth X-Ray)
• Single Sitting RCT
• Dental Implant 15000*
• अत्याधुनिक मशीनों से इलाज

ईलाज किसी भी उम्र में सम्भव है




DENTAL LASER Blood Less, Painless Surgery
• इनविजिबल क्लिप • दंत रोपण • स्माईल डिजाईन • पायरिया का ईलाज • अत्याधुनिक तकनीक द्वारा ईलाज • आर.सी.टी. • टेढ़े-मेढ़े दांतों का ईलाज • ऑर्थोडोंटिक ट्रीटमेंट • फिक्स डेंचर
टूटे हुए जबड़े का ईलाज होता है



डॉ. विनीत कुमार सिंह
BDS, MDS, MIOS
HOD and Prof. VDCH Garhwa
AOI Life Member, Fellowship in Academy of Oral Implantology, Orthodontist & Oral Implantogist

सेवा सदन के बगल में, डॉ. विजय सिंह के आवास पर, डालटनगंज 7762926170 | 7979933143


## एक नजर

### पूर्वडीहा इलेवन ने बंदुआ इलेवन को हराया



**मेदिनीनगर।** चंद्रशेखर आजाद क्रिकेट क्लब तत्वाधान में चैनपुर के बंदूआ में चल रहे नाइट क्रिकेट टूर्नामेंट में पहला सेमीफाइनल पूर्वडीहा 11 तथा बंदुआ इलेवन के बीच खेला गया जिसमें पूर्वडीहा की टीम ने 32 रन से जीत हासिल की। पहले बल्लेबाजी करते हुए पूर्वडीहा टीम ने निर्धारित 10 ओवर में सारे विकेट गंवाकर 81 रन बनाएं जवाब में बंदुआ की टीम 49 रन ही बना सकी। 35 रन की पारी खेलने वाले पूर्व बिहार के सौरभ को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया गया। पूर्वडीहा के तरफ से शिवम कुमार ने चार विकेट,नीलेश दुबे दो विकेट तथा विक्की पांडेय ने दो विकेट झटके।

### शादी समारोह में शामिल होने से पहले छाया मातम

# सिंगरा निवासी बीएसएफ जवान की सड़क दुर्घटना में मौत

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निगम क्षेत्र अंतर्गत सिंगरा निवासी उपेंद्र शुक्ला के 30 वर्षीय पुत्र बीएसएफ जवान अमित शुक्ला की सड़क दुर्घटना में शनिवार की सुबह मौत हो गई। उपेन्द्र शुक्ला अपने परिजन के साथ रेड़मा छेछानी टोला वार्ड न0- 17 में रहते थे। जानकारी के अनुसार अमित शुक्ला के घर में चचेरे भाई की शादी है। इस शादी में शामिल होने के लिए वह घर पर ड्यूटी से छुट्टी लेकर आ रहे थे। शुक्रवार की रात दस बजे छिंदवाड़ा कैंप से जम्मू रेलवे स्टेशन जाने के लिए वाहन से निकले थे। इसमें आठ जवान सवार थे। सभी अपने घर छुट्टी में जाने के लिए स्टेशन से ट्रेन पकड़ने



निकले थे। शनिवार की सुबह चार बजे के करीब जम्मू के चिनैनी नाशरी टनल में तेज रफ्तार जीप पलट गई। दुर्घटना में अमित शुक्ला की मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक महिंद्रा जायलो वाहन से सीमा सुरक्षा बल की 26वीं वाहिनी के अधिकारी व जवान श्रीनगर से जम्मूर की तरफ आ रही थी। इस हादसे में वाहन में सवार सीमा सुरक्षा बल की 26वीं वाहिनी के जवान अमित शुक्ला (30) की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक वाहन में दो एएसआई रैंक के अधिकारियों सहित कुल आठ जवान सवार थे। अन्य सभी सुरक्षित है। वहीं पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चिनैनी उप जिला अस्पताल के शवगृह में रखवा दिया है। हादसे के बाद से वाहन चालक फरार है, जिसकी धरपकड़ के लिए पुलिस कार्रवाई तेज कर दी है। हादसे के कारण कुछ देर तक यातायात प्रभावित रहा। बाद में क्रेन की मदद से वाहन को सीधा कर बाहर निकाल कर यातायात सुचारू कर दिया गया।



### तेज रफ्तार वाहन चलाने से हुआ हादसा

वाहन चालक अश्फाक अहमद पुत्र मोहम्मद अनवर भट्ट निवासी कुपवाड़ा तेज रफ्तार से वाहन चला रहा था। सुबह साढ़े चार बजे जब वाहन चिनैनी नाशरी टनल से गुजर रहा था तो तेज रफ्तार वाहन टनल के अंदर किलोमीटर नंबर 13.53 पर नियंत्रण से बाहर होकर टनल के अंदर पलट गया।

## श्री महावीर नवयुवक दल के अध्यक्ष ने मोहर्रम इंतजामियां कमेटी के सदर को सम्मानित किया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** श्री महावीर नवयुवक दल (जेनरल) के अध्यक्ष पंकज कुमार जायसवाल के नेतृत्व में शनिवार को मोहर्रम इंतजामिया कमेटी (जेनरल) के नवनिर्वाचित अध्यक्ष जीशान खान को उनके कन्नी राम चौक के समीप उनके आवास पर जाकर पगड़ी बांध कर, माला पहनाकर व शॉल ओढ़ा कर सम्मानित किया। साथ ही लड्डू खिलाकर मुहर्रम पर्व शांतिपूर्वक मनाने की शुभकामानएं दी। श्री महावीर नवयुवक दल की पूरी टीम मुर्हरम इंतजामियां कमेटी को अच्छे से त्यौहार मनाने के लिए अपना सहयोग देने का अश्वासन दिया। मौके पर श्री महावीर नवयुवक दल जेनरल के महामंत्री विकास सिंहा, सरक्षक कपूर चंद्र प्रसाद, कोषाध्यक्ष शशिकांत कुमार, प्रधान कैप्टन राजन सहाय, पिंकू मिश्रा, चिंटू गुप्ता, विकास काश्यकार, राहुल राज, अंकित प्रताप देव, गौतम गुप्ता, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के सदर मुस्तफा कमाल, असगर हुसैन, इस्राइल आजाद, मोहम्मद रियाज, सन्नी सिद्दीकी,सैफ खान, मासूम अंसारी, राज अशर्फी, जफर महमूद, गुड्डू अंसारी उपस्थित थे।

## पानी यात्रा के दौरान संकलित मांग पत्र उपायुक्त को सौपा गया

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** 15 दिनों से लगातार चले पानी यात्रा के पहले चरण के विराम के बाद युवाओं की टीम ने उपायुक्त से मुलाकात कर उन्हें ज्ञापन सौपा। शहर में व्याप्त भीषण पेयजल संकट के विरोध में स्थानीय डा राजेन्द्र प्रसाद चौक (छहमुहान) पर घड़ा, तसला, बाल्टी, नाद, गैलन आदि जल संचय के पारंपरिक वस्तु के साथ पानी दो, आहर, पोखर, तालाब को अतिक्रमण मुक्त करो, पीने का पानी दो के नारों के साथ पानी यात्रा के पहले चरण पूरा हो गया। युवाओं के टीम का नेतृत्व कर रहें आशीष भारद्वाज ने कहा कि पानी यात्रा के दौरान भीषण पेयजल संकट से जूझ




रहें नगर निगम के हर एक ड्राई जोन एरिया का दौरा किया। जानने का प्रयास किया कि शहर में पेयजल संकट का कारण क्या-क्या है और उसका समाधान क्या हो सकता है। जल संकट का समाधान के लिए अपने यात्रा के दौरान संकलित इस समस्या के समाधान के लिए सात सूत्री मांग पत्र उपायुक्त को सौंपा गया है। मांग पत्र में जीवनदाई कोयल नदी पे बराज बनाकर पानी को रोकना, केचकी संगम से सिंगरा संगम तक तटबंधी करते हुए बियर बनाना, सरकारी स्तर पर वृहद् पैधारोपण करना, शहर के सभी आहर, पोखर, तालाब को अतिक्रमण मुक्त कर उनका जीणोर्धार करना आदि मांग शामिल है। उन्होंने कहा कि समस्या अपने घर परिवार का है। शहर के 90 फीसदी भूभाग पेयजल संकट से प्रभावित है। जबतक पेयजल संकट का समुचित समाधान नहीं हो जाता चैन से नहीं बैठेंगे। पानी यात्रा के दौरान चलाये गये हस्ताक्षर सह जनजागरण अभियान के क्रम में प्राप्त 11000 हस्ताक्षर के साथ सभी मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंपा जाएगा। मौक पर साहेबजी नामधारी, वंदना श्रीवास्तव, रवि शर्मा, ज्ञान सिंह, सूर्या शाही, राहुल गुप्ता आदि मौजूद थे।

**शहर के 90 फीसदी भूभाग पेयजल संकट से प्रभावित है। जबतक पेयजल संकट का समुचित समाधान नहीं हो जाता चैन से नहीं बैठेंगे : आशीष भारद्वाज**

## कश्मीर में 370 व दो झंडा नहीं होने का श्रेय डॉ. मुखर्जी को : विनय जायसवाल

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती मनायी गयी। मौके भाजपा कार्यकर्ताओं ने श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धासुमन अर्पित किया। मुख्य अतिथि चतरा जिला प्रभारी विनय जायसवाल ने कहा कि यदि कश्मीर में 370 नहीं है, दो झंडे नहीं हैं तो इसका श्रेय डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी को जाता है। डॉ. मुखर्जी जम्मू-कश्मीर को विशेष राज्य का दर्जा देने वाले संविधान के अनुच्छेद 370 के कट्टर आलोचक थे। 6 जुलाई को श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 121 वीं जयंती मनाई जा रही है। श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने ही जनसंघ की स्थापना की। भारतीय जनता पार्टी जनसंघ का ही नया रूप है। जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जन्म 6 जुलाई 1901 को कोलकाता में हुआ था। उनके पिता आशुतोष मुखर्जी एक प्रतिष्ठित वकील थे। उन्होंने 1929 में राजनीति में कदम रखा। बंगाल विधान परिषद के सदस्य बनें। वह देश के पहले उद्योग मंत्री थे, लेकिन उन्होंने जल्द ही विरोध के चलते नेहरू सरकार से इस्तीफा दे दिया। अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अमित तिवारी ने विषय प्रवेश कराया। उन्होंने कहा की जयंती के अवसर पर सेवा बस्तियों में वृक्षारोपण, स्वच्छता अभियान जैसे रचनात्मक कार्यक्रम कर डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी की जयंती मनाई गई। समस्त मंडलों में डॉ. मुखर्जी का स्मरण कर स्वच्छता अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। 23 जून से 6 जुलाई तक स्वच्छता, पौधारोपण अभियान के तहत एक पेड़ अपनी मां के नाम जिले के सभी 1563 बूथों पर पौधे लगाए गए। संगोष्ठी में भाजपा प्रदेश मंत्री मनोज सिंह ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देता है। उनके ऊंचे आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करता हैं। डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की एकता, प्रगति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। एक असाधारण विद्वान के रूप में भी अपनी पहचान बनाई। वर्तमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के सपनों को साकार करने व भारत को आधुनिक शक्ति संपन्न कर विकसित राष्ट्र के निर्माण में प्रयत्नशील हैं। वारिष्ठ भाजपा नेता प्रदेश कार्यसमिति सदस्य प्रेम सिंह, परशुराम ओझा, नरेंद्र पांडेय, अविनाश वर्मा, दुर्गा जौहरी ने भी संगोष्ठी में अपने विचारों को रखा। संचालन महामंत्री सुरेंद्र विश्वकर्मा व धनवाद ज्ञापन महामंत्री श्याम बाबू ने किया। आगामी 11 जुलाई को डालटनगंज विधानसभा अंतर्गत होने वाले कार्यकताओं का अभिनंदन सह विजय संकल्प सभा की तैयारी को लेकर डालटनगंज विधानसभा के कार्यकताओं की बैठक भी आज आयोजित की गई। कार्यक्रम में पूर्व मेयर अरूणा शंकर, पूर्व उपमहापौर मंगल सिंह, जिला परिषद सदस्य प्रमोद सिंह, रामलव चौरसिया, भीष्म चौरसिया, विजय ओझा, ज्योति पांडेय, जितेंद्र तिवारी, अरविंद गुप्ता, सुनील पासवान, धर्मेंद्र उपाध्याय, अजय तिवारी, अभिमन्यु तिवारी, सोमेश सिंह, अजय सिंह, शशि भूषण पांडेय, अविनाश सिन्हा छोटू, सुनील पांडेय, सिकेंदर चौधरी, शंभू राम, विजय पाठक, जवाहर चंद्रवंशी, मनोज विश्वकर्मा, स्वेतांग गर्ग, विपुल गुप्ता, भोला सिंह, चंदू चंद्रवंशी, मनीष भिवानिया, श्यामजी चौधरी, राकेश दुबे, अनिमेष सिंह, विकास सिंह, सुशील सिन्हा, निवेदन अग्रवाल, नंदलाल प्रसाद गुप्ता, रेखा सिंह, रूबी सिंह सहित काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित मौजूद थे।

### आकांक्षी प्रखंड हरिहरगंज में संपूर्णता अभियान का शुभारंभ

## 30 सितंबर तक चलाया जायेगा अभियान



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नीति आयोग के कार्यक्रम के तहत संचालित आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम को लेकर शनिवार को हरिहरगंज प्रखंड कार्यालय सभागार में संपूर्णता अभियान की शुरूआत की गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ जिले के उप विकास आयुक्त शब्बीर अहमद, छत्तरपुर एसडीओ हीरा कुमार,भूमि सुधार उप समाहर्ता, जिला योजना पदाधिकारी अविनाश कुमार व बीडीओ ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस दौरान डीडीसी समेत अन्य पदाधिकारी ने आकांक्षी प्रखंड कार्यक्रम के संबंध में विस्तार पूर्वक लोगों को जानकारी दी। उप विकास आयुक्त ने कहा कि आकांक्षी प्रखंड में छह प्रमुख संकेतकों की परिपूर्णता अर्जित करने के उद्देश्य के साथ यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है। जो आगामी 30 सितंबर तक चलाया जायेगा। स्वास्थ्य, शिक्षा, समृद्धि को चिन्हित किया गया है। कार्यक्रम में कई तरह के स्टॉल भी लगाए गए थे, जहां लोगों का स्वास्थ्य जांच, खानपान, बीमा योजना, मिट्टी जांच, समेत कई प्रकार की जानकारी दी गयी। आईसीडीएस के स्टॉल पर गर्भवती महिलाओं की गोदभराई भी की गयी। मौके पिरामिल के अनिल कुमार, विभिन्न पदाधिकारी समेत बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### सरकारी योजनाओं का लाभ जनता तक पहुंचाए : हिदायतुल्लाह खान




**मेदिनीनगर।** अल्पसंख्यक आयोग के चेयरमैन हिदायततुल्लाह खान का स्वागत स्थानीय परिसदन भवन में पलामू जिला झामुमो अल्पसंख्यक मोर्चा के तत्वावधान में किया गया। अध्यक्षता पलामू जिलाध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद सिन्हा ने की। संचालन मुन्नवर जमां ने किया। मौके पर झामुमो कार्यकर्ताओं ने चैयरमैन हिदायतुल्लाह खान, अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा का सम्मान पगड़ी पहना कर किया गया। बैठक में अल्पसंख्यक चैयरमैन हिदायतुल्लाह खान ने कहा कि सभी सरकारी योजनाओं का लाभ सरकारी पदाधिकारियों के माध्यम से जनता तक पहुंचाने का काम करें। काम करने में अगर कोई पदाधिकारी कोताही करते हैं तो उन्हें जानकारी दे। समस्याओं का समाधान अल्पसंख्यक आयोग द्वारा किया जाएगा। अध्यक्षता कर रहे पलामू जिलाध्यक्ष राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि निश्चय ही पलामू में अल्पसंख्यक मोर्चा पार्टी के एक बहुत बड़े अंग के रूप मे उभरा है। झामुमो की सरकार सिख, ईसाई, मुस्लिम और जैन सहित सभी अल्पसंख्यकों के हितों का ख्याल रखती है। झामुमो समाज को जोड़ती है, और तोड़ने वाली भाजपा के सभी षड्यंत्रों से लड़ कर जनता का विकास कर रही है। झामुमो के अल्पसंख्यक नेताओं ने चैयरमैन से डालटनगंज विधानसभा झामुमो लड़ने की मांग रखी। उन्हें बताया की पलामू में झामुमो सबसे बड़ी व मजबूत पार्टी है। मौके पर कारी बरकत, एम तौसीफ, झामुमो जिला अल्पसंख्यक अध्यक्ष फजायल अहमद, जिला अल्पसंख्यक सचिव नन्हे खान, जिला अल्पसंख्यक कोषाध्यक्ष मन्नत सिंह बग्गा, वरिष्ठ नेता बबलू शाहनवाज, मुन्नवर जमां, रिशु अग्रवाल, अल्पसंख्यक महानगर अध्यक्ष सोनम राईन थे। चैयरमैन ने झामुमो नेताओं के साथ सभी आम जन की समस्याएं सुनी व सभी समस्याओं का निदान करने का भरोसा दिलाया। मौके पर उपाध्यक्ष असफर रब्बानी, संयुक्त सचिव शहबाज खान, डॉ. एजाज अहमद, अब्दुल मुत्तलिफ, दिलावर राइन, चांद महताब मौजूद थे।

### वाहन के धक्के से वृद्ध घायल

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखंड के किन्नी खुटार गांव के रहने वाले 55 वर्षीय श्रीकांत पांडेय शुक्रवार की शाम को मेदिनीनगर से अपने गांव जाने के क्रम में बस के धक्के से गंभीर रूप से घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार पूर्णिमा नामक बस ने गांधीपुर मोड़ पर उन्हें धक्का मार दिया और घसीटते 50 मीटर तक लेकर चली गई। इसके बाद स्थानीय लोगों ने उन्हें मेदिनीराय मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में भर्ती कराया जहां डॉक्टर और उन्होंने मृत घोषित कर दिया। वह सिंगरा गांव से रिश्तेदार के यहां से श्राद्ध कर्म में शामिल होकर अपने घर वापस आ रहे थे। घटना के बाद परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है। स्थानीय लोगों की माने तो बस काफी तेज रफ्तार में थी सामने सीधे मोड़ होने के कारण मुड़ नहीं सकी जिसके बाद दूसरी तरफ से आ रही मोटरसाइकिल में धक्का मारते हुए एक दुकान में घुस गई। घटनास्थल पर बस खड़ी थी जिसे पुलिस अपने कब्जे में लेकर थाने ले आई है।

### ट्रैफिक प्रभारी ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान



**मेदिनीनगर।** शहर के छः मुहान चौक पर लगातार ट्रैफिक इंचार्ज समाल अहमद के नेतृत्व में वाहन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। आज इसी क्रम में छःमुहान चौक पर सघन जांच अभियान चलाया गया। जिसमें चार पहिया तथा दो पहिया वाहनों की जांच की गई। इस वाहन चेकिंग के दौरान दो पहिया वाहनों के कई चालकों को बगैर हेलमेट तथा ट्रिपल लोड की वजह से पकड़ा गया और उन्हें जप्त कर वहां को सुरक्षा शहर थाने में रखा गया है साथ ही 17 मोटरसाइकिल को परिवहन कार्यालय चालान हेतु भेज दिया गया।साथ ही 13 गाड़ियों का ऑनलाइन फाइन परिवहन कार्यालय से कराया गया।वाहनों के काटे गए चालान से कुल 76552 रुपए प्राप्त हुए हैं। यातायात प्रभारी समाल अहमद ने बताया कि सभी लोगों को यातायात के नियमों का पालन करना चाहिए साथ ही दो पहिया वाहन चलाते समय दो से ज्यादा लोग ना बैठे और हेलमेट का प्रयोग अवश्य करें। यातायात नियमों का पालन करने से स्वयं के साथ-साथ दूसरे लोगों को भी सुरक्षित रखा जा सकता है।

## कार्यक्रम

### मुहर्रम को लेकर शहर थाना में शांति समिति की बैठक

# शांतिपूर्ण जुलूस निकालने का प्रयास करें: डीएसपी


- मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी
- आपसी भाईचारा से मोहर्रम को मनाना है



**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** मोहर्रम को लेकर शहर थाना परिसर में शनिवार को एसडीओ अनुराग तिवारी व डीएसपी मणिभूषण प्रसाद की संयुक्त अध्यक्षता में शांति समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में स्थानीय जनप्रतिनिधि व शांति समिति के सदस्य उपस्थित थे। एसडीओ अनुराग तिवारी ने कहा कि हर वर्ष मोहर्रम का त्यौहार शांतिपूर्ण वातावरण में मनाते रहे हैं। इस बार भी शांतिपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। डीएसपी मणि भूषण प्रसाद ने लोगो से अपील की कि सार्वजनिक रूप से शांति पूर्वक जुलूस निकालने का प्रयासक करें। आपसी भाईचारा से मोहर्रम को मनाना है। एक दूसरे से किसी प्रकार का भेदभाव नहीं रखना है। मोहर्रम पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से मुस्तैद रहेगी। हर जगह पुलिस की पैनी नजर रहेगी। असामाजिक तत्वों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर रहेगी। हुड़दंग मचाने वाले के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मोहर्रम का त्यौहार हिंदू मुस्लिम दोनों समुदाय के लोग मिलजुल कर मनाएं, आपसी भाईचारगी का परिचय दें। शहर थाना प्रभारी के प्रभार में सोनू चौधरी ने कहा कि पर्व के दौरान यदि किसी प्रकार की समस्या या परेशानी हो तो पुलिस को तुरंत सूचित करें। त्वरित कार्रवाई की जाएगी। मौके पर महावीर ने युवक दल के जनरल अध्यक्ष जुगल किशोर चंद्रवंशी, मोहर्रम इंतजामिया कमेटी के जनरल जीशान खान, दुर्गा जौहरी सहित दोनों समुदाय के अन्य लोग उपस्थित थे।

### ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत



**मेदिनीनगर।** शहर थान क्षेत्र के रेड़मा ओवर ब्रिज के नीचे रेलवे ट्रैक पर शनिवार की सुबह मालगाड़ी की चपेट में आने से एक अज्ञात व्यक्ति की घटना स्थल पर ही मौत हो गई। सूचना मिलने पर जीआरपी थाना प्रभारी अशोक कुमार घटना स्थल पर पहुंचकर शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए एमएमसीएच भेज दिया है। जीआरपी थाना की पुलिस अज्ञात मृत व्यक्ति के परिजनों का पता लगाने में का प्रयास कर रही है।


## आवश्यकता है

1994 से प्रकाशित आइपीआरडी और डीएवीपी से मान्यताप्राप्त प्रतिष्ठित **'दैनिक राष्ट्रीय नवीन मेल'** को अपने रांची और डाल्टनगंज संस्करण के लिए उत्साही और ऊर्जावान रिपोर्टर, मार्केटिंग कार्यकारी और प्रखंड स्तर से लेकर ब्यूरो स्तर के रिपोर्टर की आवश्यकता है। ससमय उचित पारिश्रमिक और अन्य सुविधाएं। शैक्षणिक योग्यता, अनुभव, स्थान और मानदेय की मांग के विवरण के साथ शीघ्रातिशीघ्र आवेदन करें। पत्राचार पूर्णतः गोपनीय रहेगा। hr.rnmail@gmail.com या प्रधान संपादक **'राष्ट्रीय नवीन मेल'** ,502 बी,मंगलमूर्ति हाइट्स, विशाल मेगामार्ट के पास हरमू रोड रांची 834001 (झारखंड)

## एक नजर

### निर्वाचन कार्यों को तेजी से पूरा करने का निर्देश

**केतार।** आगामी विधानसभा चुनाव के मध्येनजर प्रखंड कार्यालय केतार के सभागार कक्ष में बीडीओ सावित्री कुमारी ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर के साथ बैठक की। बीडीओ ने सभी बीएलओ और सुपरवाइजर को घर- घर जाकर मतदाताओं का सत्यापन करने, मृत मतदाताओं का नाम मतदाता सूची से हटाने , नाम सुधार करने, तथा नये मतदाता का नाम जोड़ने की प्रक्रिया तेजी से पुरा करने का निर्देश दिया। बीडीओ ने कहा की किसी भी सुरत में निर्वाचन कार्य में लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जायेगी। उन्होंने सभी कमीयों को अपने कार्य पारदर्शिता के साथ करने का निर्देश दिया। इस मौके पर बीपीआरओ राम सुरेश राम, जनसेवक राजीव कुमार, आनंद कुमार, बीएलओ रानी देवी, उर्मिला देवी सहित अन्य लोग मौजूद थे।

### विद्यालय परिसर में किया गया पौधरोपण

**केतार।** प्रखंड मुख्यालय केतार स्थित राजकीय मध्य विद्यालय परिसर में शनिवार को एक दर्जन से अधिक पौधा लगाये गये। विद्यालय के प्रधानाध्यापक देवेन्द्र कुमार और शिक्षक संतोष ठाकुर, धनंजय पटेल ने बच्चों के साथ पौधारोपण किया। इन पौधों को बचाने के लिए उन्हें जागरूक भी किया। उन्होंने कहा की आज वनों की कटाई से प्रदुषण बढ़ा है। पेड़- पौधे काटने से तापमान में वृद्धि हो रही है। वहीं पर्याप्त बारिश नहीं हो पा रहा है। इससे बचने के लिए पौधा लगाना जरूरी है। अगर समय रहते हम लोग नहीं चेते तो आने वाला समय में सांस लेना भी मुश्किल हो जायेगा। उन्होंने बच्चों को अपने घर के पास पड़ोस में भी पौधा लगाने और उसे बचाने के लिए प्रेरित किया।

### दो महिलाओं को सांप ने डसा, चल रहा इलाज

**गढ़वा।** श्रीबंशीधर नगर थाना क्षेत्र के पाल्हे कला गांव निवासी विमला देवी व रेहला थाना क्षेत्र के गीता देवी को सांप ने डस लिया। बताया गया कि विमला देवी अपने घर के आसपास कुछ काम कर रही थी। इस दौरान उसे सांप ने डस लिया। गीता देवी ने शनिवार को अल सुबह में पीपल वृक्ष के समीप पूजा करने गई थी। इस दौरान उसके बायां पैर में सांप ने डस लिया। उन्हें इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### पदाधिकारियों को बैठक में शामिल करने की मांग

**गढ़वा।** भवनाथपुर जिला परिषद सदस्य रंजनी शर्मा ने डीसी एवं डीडीसी को पत्र प्रेषित कर जिला परिषद बोर्ड की बैठक में सभी विभागों के पदाधिकारियों को शामिल होने के लिए आदेश निर्गत करने का आग्रह की है। सौंपे गये आवेदन में श्रीमती शर्मा ने कहा है कि जिला परिषद बोर्ड की बैठक में पारित किये गये किसी भी प्रकार के प्रस्ताव का निष्पादन नहीं हो पा रहा है। साथ ही विभाग द्वारा बैठक में पारित प्रस्ताव का अनुपालन भी नहीं किया जाता है। जिससे जिला परिषद सदस्यगण अपमानित महसूस करते हैं।

पंचायत में मिला 47 अबुआ आवास, लेकिन जिन्हें ज्यादा जरूरत थी उन्हें ही दरकिनार किया

# अबुआ आवास में गरीबों की उपेक्षा

**नविन मेल संवाददाता। रमना**



केंद्र और राज्य सरकार द्वारा चलाया जा रहा अबुआ आवास एवं प्रधानमंत्री आवास योजना चल रहा है जिसमें ग्रामीणों को पक्का मकान बनाने के लिए आवास योजना के अन्तर्गत वैसे लोगो का नाम चयनित किया जाना है जिनका पक्का मकान नहीं है और आर्थिक रूप से कमजोर है। लेकिन आवास योजना में उलटी गंगा बह रही है सिलीदाग पंचायत के मुखिया अनीता देवी नें इस बात की जनकारी दी की इस पंचायत के लिए प्रखंड मुख्यालय द्वारा मांगी गयी आवास योजना के योग्य लाभुकों के लिए कुल 437 योग्य लाभुकों की सूची प्रखंड मुख्यालय को भेजी गयी थी, जिसमें वैसे लोगो को प्राथमिकता देने की बात कही गयी थी जो अति निर्धन और जिनको रहने लायक घर नहीं है।

प्रखंड के आदेशानुसार वैसे ग्रामीणों की सूची दी गयी थी जिनको रहने लायक घर नहीं था, लेकिन वैसे लोगो को प्रथम सूची में नाम शामिल नहीं किया गया। हमारे पंचायत के वैसे निर्धन लोग जो आर्थिक तंगी के कारण घर बनाने में सक्षम नहीं है उनको ग्राम सभा द्वारा चयनित कर प्रखंड को सूची उपलब्ध कराने के बाद भी उन्हें प्राथमिकता नहीं दिया गया और आज वे जर्जर मकान पर प्लास्टिक का तिरपाल डाल कर रहने को विवश हैं, अगर इन परिवारों को किसी भी प्रकार का कोई हानि होती है तो इसके लिए पूरी तरह प्रखंड पदाधिकारी जिम्मेवार है। इस पंचायत को कुल 47 अबुआ आवास मिला है लेकिन जिन्हे अति आवश्यक थी उनको ही दरकिनार कर दिया गया। सिलीदाग निवासी धनज्जय कुमार चंद्रवंशी पंचायती राज के करीब 15 वर्ष होने को है लेकिन आज तक पीएम आवास एवं अबुआ आवास दोनो से वंचित है, मजदूरी कर पहले अपना और परिवार का पालन- पोषण करते थे लेकिन गत वर्ष लकवा बीमारी से दाहिना पैर और हाथ कमजोर हो जाने के कारण पूरी तरह से बेरोजगार हो गये है, विवश होकर इनके दो नाबालिक बच्चे बाहर जाकर मजदूरी कर किसी प्रकार परिवार का भरण पोषण कर रहे है। इनकी इतनी कमाई नहीं है की यें स्वयं घर बना ले विवश होकर जर्जर मकान में रहते हैं। मुखिया द्वारा अबुआ आवास में प्राथमिकता के बाबजूद भी मकान नहीं मिला है। संजीव राम भी टूटे फूटे घर घर में रहने को विवश हैं इनको भी सरकारी आवास नहीं मिला है वहीं इस पंचायत के वैसे भी ग्रामीण हैं जिनको गत मुखिया द्वारा दो दो पीएम आवास मिल चूका हैं लेकिन इस परिवार को आज भी सरकारी आवास नहीं मिला है। दिहाड़ी मजदूर सुरेश पासी का भी हाल ऐसा ही है अबुआ आवास के लिए मुखिया द्वारा आर्थिक तंगी को देखते हुए इनको भी प्राथमिकता के साथ प्रखंड को सूची दिया गया था, लेकिन इनको भी आवास नहीं मिला, जिससे मजबूर होकर जान जोखिम में डालकर जर्जर घर में रहने को विवश है। बेघर ग्रामीणों के लिए बरसात का मौसम सबसे कस्टदायी होता है क्योंकि इस मौसम में भारी बर्षा होने पर जहरीले जीव जंन्तु भी निकलते हैं और कच्चा मकान गिरने का प्रबल संभावना रहता उक्त सभी लोगो का जिस प्रकार का घर हैं यदी इस बार भारी वर्षा हुआ तो इनका आशियाना छीन जायेगा और किसी हादसा का शिकार भी हो सकते हैं।

विश्व जूनोजेज दिवस पर सदर अस्पताल गढ़वा में कार्यशाला का आयोजन

## जूनोज रोग विश्व की प्रमुख स्वास्थ्य समस्याओं में एक है : डॉ संतोष मिश्र

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**




**कैसे फैलती हैं जूनोटिक बीमारियां**

जूनोटिक बीमारियां फैलने के सभी तरीकों में से एक मच्छर का काटना भी है। वहीं डब्ल्यूएचओ के अनुसार जूनोजेज में सभी नए पहचाने गए संक्रामक रोगों के साथ-साथ कई पहले से मौजूद संक्रामक रोगों का भी एक बड़ा प्रतिशत इसमें शामिल है। एचआईवी की शुरूआत भी एक जूनोजेज रोग के रूप में होती है। लेकिन म्यूटेट होने के बाद यह केवल ह्यूमन स्ट्रेन में बदलकर रह जाती है।

विश्व जूनोजेज दिवस पर शनिवार को सदर अस्पताल परिसर स्थित सिविल सर्जन कार्यालय के सभागार में कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें जिले के विभिन्न सीएचसी के एमओआइसी, पशु चिकित्सक एवं वन विभाग के कर्मियों ने भाग लिया। कार्यशाला में बतौर प्रशिक्षक जिला महामारी विशेषज्ञ डा.संतोष कुमार मिश्र उपस्थित थे। प्रशिक्षण में जिला भीबीडी पदाधिकारी डा.पुष्पा सहगल, जिला भीवीडी कंसल्टेंट अरविंद कुमार द्विवेदी, सीएचसी गढ़वा के एमओआईसी डा.संजय कुमार सिंह, डा.गोविंद सेठ, डा.विजय किशोर रजक, डा.रत्नेश कुमार, डा.गौरव विक्रम, पशु चिकित्सक डा अमित कुमार अमित आदि ने भाग लिया। मौके पर डा.संतोष कुमार मिश्र ने कहा कि जूनोजेज एक ऐसा संक्रामक रोग है, जो जानवरों से इंसानों में या फिर इंसानों से जानवरों में फैलने वाला रोग है। उन्होंने कहा कि विश्व स्वास्थ्य संगठन के अनुसार जूनोटिक रोगजनक बैक्टीरिया, वायरल या पैरासाइटिक हो सकते हैं। इसके अलावा ये सीधे संपर्क में आने, खाने के जरिए या फिर पानी एवं पर्यावरण के माध्यम से भी इंसानों में फैल सकते हैं।

आजसू पार्टी का हल्ला बोल कार्यक्रम

## झूठ और फरेब की सरकार ने जनता के साथ खिलवाड़ किया है

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



खरौंधी प्रखंड कार्यलय में ज़िला प्रक्वता सह प्रखण्ड प्रभारी गोरख नाथ चौधरी के नेतृत्व में खरौंधी प्रखंड विकास पदाधिकारी को 12 सूत्री मांग पत्र सौंपा गया एवं एक जनसभा को संबोधित किया। कार्यक्रम में गोरख नाथ चौधरी ने कहा की इस झूठ और फरेब की सरकार ने झारखंडी जनता के भावनाओं के साथ खिलवाड़ किया है। झारखंड सरकार हमेशा गांव गलियों में दरबार के नाम पर भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया है। झारखंड के जनता को ठगने का काम किया है। आज भी झारखंड के चारों ओर व्याप्त पैमाने में भ्रष्टाचार हो रहा है। जनता चारों तरफ ठगा हुआ महसूस कर रहा है। कहीं अबुआ आवास के नाम पर,कहीं मनरेगा जैसे कार्यों में भी कमीशन खोरी बढ़ा हुवा है। एक तरफ सरकार अबुआ आवास की बात करती है और दूसरी तरफ बालू मिलना मुश्किल है। बालू का भाव भी आसमान छू रहा है, बालू माफियाओं का बोलबाला हो गया है। इस पूरे राज्य में भ्रष्टाचार चरम सीमा पर है। पानी, बिजली को लेकर पूरा झारखंड की जनता परेशान है। इस सरकार में जनता कहीं सुरक्षित महसूस नहीं कर रही है। इसलिए जनता आने वाले समय में इस झूठ और फरेब की सरकार को माकूल एवं मुहतोड़ जवाब देगी। चौधरी ने कहा कि झारखंड के सरकार के सभी योजनायें फेल है। सिर्फ चारों तरफ झारखंड मुक्ति मोर्चा के नेताओं का कब्जा है। जनता के काम कम और नेताओं का काम ज्यादा होता है। ई कल्याण से लेकर खाद आपूर्ति विभाग तक लूट मचा हुआ है। सरकार छात्र युवाओ को परेशान करके रखी है।

## बारिश के बाद खरौंधी प्रखंड क्षेत्र के किसान खेती-बाड़ी में जुटे

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी (गढ़वा)**



प्रखंड क्षेत्र में लगातार हुई बारिश के बाद अब किसान खेती-बारी की तैयारी में जुट गए हैं। शनिवार की सुबह धूप निकलने के बाद ग्रामीण क्षेत्रों में किसान खेत-बारी की जुताई में जुट गए हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार की सुबाह किसान अपने बैलों के साथ खेत एव बारी की जुताई करते नजर आए। किसान सह पूर्व उपप्रमुख गोरखनाथ चौधरी ने खेतों में हल जुताई करते समय कहा की इस बार जिस तरह से बारिश हो रही है आगे भी समय-समय पर बारिश होगी तो इस बार किसान की फसल बढ़िया होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि अभी मकई,अरहर, और धान की बिचड़ा लगाने का समय है। जिसको लेकर सभी किसान तैयारी में जुट गए हैं। अन्य किसानों ने बताया कि अभी जिस तरह से बारिश हुई है कुछ दिन धूप निकलने से खेतों बारी में बढ़िया नमी रहेगा। जिससे खेती-बारी करने में आसानी रहेगी। क्योंकि ज्यादा बारिश से खेत बारी-गिला हो जाता है और किसानों को खेतों की जुताई में काफी परेशानी होती है। किसान सह पूर्व उपप्रमुख ने बताया की पिछले साल कम बारिश होने से खेतीबाड़ी का कार्य वृहत पैमाने पर नही हो सका था जिससे हम सब आर्थिक तंगी का शिकार हुए थे। हम सभी का कमर टूट चुका है। सरकार को किसानों को आर्थिक मदद करनी चाहिए ताकि किसान सुचारू रूप से खेतीबाड़ी का कार्य कर सकें।

## जयंती पर याद किए गए श्यामा प्रसाद मुखर्जी

**नवीन मेल संवाददाता। खरौंधी**



भारतीय जनता पार्टी मंडल खरौंधी द्वारा डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती मनाया गया भाजपा मंडल कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष सांध्यकर विश्वकर्मा ने की। कार्यक्रम की शुरूआत श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर पुष्प चढ़ाकर किया गया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सांध्यकर विश्वकर्मा ने कहा कि डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी सिर्फ एक व्यक्ति नहीं बल्कि विचार थे। उनके बताए रास्ते पर हम सबों को चलने की जरूरत है। उनके पद चिन्हों पर चलकर भारत विश्व गुरु बन सकता है। पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी सबसे कम उम्र में कोलकाता में वाइस चांसलर के पद पर पदस्थापित हुए थे। वहीं से इनकी राजनीतिक सफर की शुरूआत हुई। इन्होंने पंडित जवाहरलाल नेहरू के मंत्रिमंडल में मंत्री पद भी संभाला लेकिन अपने आप को उनके मंत्रिमंडल में स्थापित नहीं कर सके। क्योंकि उनके अंदर देशभक्ति की भावना हिलोरे मार रही थी। उन्होंने उनके मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर यह कहा कि कश्मीर भारत का अभिन्न अंग है। लेकिन एक देश दो निशान एक देश दो विधान नहीं चलेगा। उन्होंने इसका विरोध करते हुए कश्मीर की यात्रा प्रारंभ की और वहां पर जाकर तिरंगा फहराने का संकल्प लिया।

### रामचंद्र केशरी के आवास पर मना समारोह



**श्री बंशीधर नगर।** भारतीय जन संघ के संस्थापक प्रखर राष्ट्रवादी डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी का जयंती समारोह का आयोजन चेचरिया स्थित पूर्वमंत्री सह भाजपा के प्रदेश कार्यसमिति आवास पर आयोजित किया गया जयंती समारोह का शुभारंभ डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। पूर्वमंत्री रामचन्द्र केशरी ने जयंती समारोह को सम्बोधित किया। जयंती समारोह में पूर्व चेयरमैन शिवधारी राम, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष रघुराज पांडेय, मण्डल अध्यक्ष कुमार कनिष्क, विधायक प्रतिनिधि अशोक सेठ, लाला पासवान, रमेश प्रसाद, मुन्ना गुप्ता, नीरज कुमार, इस्लाम खलीफा सहित अन्य उपस्थित थे।

## न्यूज | बॉक्स

### राज्य मनरेगा कर्मचारी ने 'वादा निभाओ, स्थायी करो' मुहिम के तहत अपनी मांग रखी




**भवनाथपुर।** झारखंड राज्य मनरेगा कर्मचारी के बैनर तले मनरेगा कर्मियों ने 'वादा निभाओ, स्थायी करो' मुहिम के तहत शनिवार को विधायक भानु प्रताप शाही के आवास पर पहुंचकर उन्हें अपनी एकसूत्री मांग पत्र सौंपा। इस मांग पत्र के माध्यम से मनरेगा कर्मियों ने विधायक को अवगत कराया कि वे 2007 से मनरेगा योजना के क्रियान्वयन हेतु ग्रामीण विकास विभाग अंतर्गत कार्यरत हैं और अब स्थायीकरण और वेतनमान की मांग कर रहे हैं। मनरेगा कर्मियों ने कहा कि वे बीते 17 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं, लेकिन अल्प मानदेय के अतिरिक्त सरकार द्वारा अन्य कोई सुविधा नहीं दी जा रही है। विभागीय अधिकारी और सूबे के हुक्मरान मनरेगा कर्मियों की बेबसी का फायदा उठाकर उनका आर्थिक शोषण कर रहे हैं। मांग पत्र सौंपने वालों में संघ के जिलाध्यक्ष बसंत सिंह, सचिव अभिमन्यु तिवारी, अनुमंडल अध्यक्ष बिरेंद्र प्रसाद यादव, सचिव रोहित शुक्ला, बीपीओ दयानंद प्रजापति, तहमीद अंसारी, परमानंद ठाकुर, रामकुमार प्रजापति, शशि कुमार, मनोज गुप्ता, विष्णुकांत उरांव सहित अन्य कर्मी शामिल थे।

### स्कूलों में पहली से बारहवीं तक के छात्रों का हुआ साप्ताहिक रेल परीक्षा का आयोजन




**खरौंधी।** झारखंड सरकार शिक्षा विभाग के निदेर्शानुसार सावधिक मूल्यांकन परीक्षा शैक्षणिक सत्र 2024-25 के निमित प्रोजेक्ट रेल( रेगुलर असेसमेंट फॉर इंप्रूवमेंट लर्निंग) के तहत साप्ताहिक जांच परीक्षा शनिवार को प्रखंड के सभी सरकारी स्कूलों में ली गई। प्लस टू उच्च विद्यालय राजी, उच्च विद्यालय खरौंधी, परियोजना उच्च विद्यालय तोरेलावा, उत्क्रमित उच्च विद्यालय माझिगावां उत्क्रमित उच्च विद्यालय कोसलिबार, मध्य विद्यालय अरंगी, उत्क्रमित मध्य विद्यालय कूपा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय सुंडी कस्तूरबा आवासीय विद्यालय खरौंधी सहित सभी विद्यालयों में निर्धारित विषय के अनुसार परीक्षा लिया गया। सभी प्राथमिक और मिडिल स्कूलों के साथ माध्यमिक विद्यालयों में कक्षा एक से 12 वर्ग के छात्रों के साप्ताहिक जांच ली गई। साप्ताहिक जांच से बच्चे काफी उत्साहित दिखे। बच्चों और शिक्षकों को भी मानना है की इससे बच्चों के बीच उनके दक्षता का आकलन हो जाता है। बच्चों के बीच आपस में एक प्रतियोगिता की भावना उत्पन्न होता है। वही बीपीएम नवीन प्रकाश के द्वारा परीक्षा को लेकर शिक्षकों को लिंक आवश्यक रूप से भरने का निर्देश दिया।

### बच्चों की प्रगति में अभिभावक एवं शिक्षक में तालमेल की आवश्यकता : इंजीनियर इमाम



**मेराल।** पराडाईज पब्लिक स्कूल में लखेया रोड स्थित शनिवार को अभिभावक शिक्षक गोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अभिभावक उपस्थित होकर अपने बच्चों के प्रगति के बारे में जानकारी हासिल किया। साथ ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षण अनुशासनिक व्यवस्था एवं संसाधनों पर चर्चा किया गया। विद्यालय के निदेशक इंजीनियर इमाम ने कहा कि आज के दौर में बच्चों के प्रगति में आदर्श जीवन की अत्यंत आवश्यकता है जिसके लिए स्कूल में प्रति माह अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। अभिभावक शिक्षकों के तालमेल से शिक्षा के क्षेत्र में बच्चों के लिए बेहतर बनाया जा सकेगा तथा बच्चों के दिनचर्या का समुचित पालन करना उतना ही जरूरी है जितना विद्यालय जाना, बच्चों के लिए माता-पिता शिक्षक एवं समाज मार्गदर्शन होते हैं। मौके पर दीनानाथ चौधरी, के के ठाकुर सरफराज अंसारी, अहमद अंसारी, मधु तिवारी, प्रतिमा भारती, हाजरा खातून, प्रिया कुमारी, चंचल कुमारी, अभिभावक की उपस्थिति हीरा प्रसाद यादव, झूम्रति अंसारी, तैयब अंसारी, महेंद्र राम, सत्येंद्र चौधरी, बसंत प्रजापति, जूही देवी , प्रेमलता देवी, सितारुद्दीन अंसारी आदि उपस्थित थे।

### प्रमुख ने स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र डीडीटी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया



**श्री बंशीधर नगर।** प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत समिति की बैठक प्रमुख उर्मिला देवी की अध्यक्षता में शनिवार को सम्पन्न हुई बैठक में विभागवार सभी योजनाओं की समीक्षा की गई। बैठक में शिक्षा विभाग द्वारा नव प्राथमिक विद्यालय टीकुलडीहा में शौचालय निर्माण एवं नव प्राथमिक विद्यालय, साहू टोला कोलझिकी में विद्युत कनेक्शन नहीं होने की जानकारी दिया गया। प्रमुख उर्मिला देवी ने शीघ्र बिजली कनेक्शन कराने एवं तिकुलडीहा विद्यालय में 15वे वित्त से शौचालय योजना लिये जाने का आदेश दिया। प्रमुख उर्मिला देवी ने स्वास्थ्य विभाग को शीघ्र डीडीटी का छिड़काव कराने का निर्देश दिया, साथ ही कोलझिकी उपस्वास्थ्य केंद्र के एएनएम द्वारा केंद्र नही खोले जाने पर स्पष्टीकरण पूछने का निर्देश दिया।

## राहत

विधायक ने किया छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण

# ...काश हमें साइकिल गर्मी के दिनों में मिल जाती

**नवीन मेल संवाददाता। डंडाई**

प्रखंड कार्यालय परिसर में पड़ा हजारों से भी अधिक साइकिलों को शानिवार के दिन विभिन्न विद्यालय के छात्राओं के हवाले कर दिया गया। विधायक भानु प्रताप शाही के द्वारा विद्यालय के 15 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल वितरण कर इसका शुभारंभ किया। उसके बाद बीडीओ जागो महतो व बीईईओ प्रतिमा कुमारी की उपस्थिति में छात्र छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। लगभग 1500 साइकिल का वितरण किया गया। विधायक को प्रखंड कार्यालय पहुंचते तक छात्र-छात्राओं का प्रखंड कार्यालय परिषर में हुजूम उमड़ गया था। पूछने पर प्लस टू उच्च विद्यालय लवाही के छात्र-छात्राओं ने बताया कि हम सभी को बहुत पहले ही जानकारी मिली थी कि प्रखंड कार्यालय परिसर में हम लोगों के लिए साइकिल लाकर रखा हुआ है। हमसभी चाहते थे कि बहुत जल्द साइकिल हम लोगों को मिल जाए लेकिन साइकिल के लिए हम लोगों को थोड़ा इंतजार करना पड़ा। उन्होंने कहा कि कास यह साइकिल हम लोगों को गर्मी के दिनों में मिल जाती तो चिलचिलाती धूप में हम लोगों को पैदल स्कूल जाना नहीं पड़ता।

### पंचायत प्रतिनिधियों ने विधायक भानु प्रताप शाही से मिलकर सौंपा मांग पत्र




**भवनाथपुर।** पंचायत समिति सदस्य संघ के प्रखण्ड अध्यक्ष चन्दन कुमार ठाकुर के नेतृत्व में भवनाथपुर प्रखण्ड क्षेत्र के पंचायत समिति सदस्य,वार्ड सदस्य एवं उप मुखिया का प्रतिनिधि मंडल ने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र के विधायक भानु प्रताप साही से मुलाकात कर पंचायत प्रतिनिधियों के हित से जुड़ी चार सूत्री मांग पत्र सौंपा। मौके पर पंचायत समिति सदस्य सकील अहमद, संजू देवी, माणिक राज देवी, सरिता देवी, उप मुखिया दयानंद यादव, वैस खान, वार्ड सदस्य मनोज रजक, कौशिला देवी, रीता देवी, उपेन्द्र यादव, दयानंद प्रजापति, संतोष चौबे सहित सैकड़ों प्रतिनिधि मौजूद थें।

## मझिआंव ब्लॉक में साइकल वितरित



**नवीन मेल संवाददाता। मझिआंव**

मझिआंव प्रखंड कार्यालय में शनिवार को 120छात्र छात्राओं के बीच साइकल का वितरण किया गया. इस संबंध में जानकारी देते हुए प्रभारी प्रखंड कल्याण पदाधिकारी श्रीकांत उपाध्याय ने बताया कि प्रखंड क्षेत्र के विद्यालयों में कक्षा आठवीं पास( अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, पिछड़ा एवं मुश्लीम समुदाय) छात्र छात्राओं के बीच 1200साइकल वितरण करने का लक्ष्य रखा गया है. जिसमे अभी तक कुल 600साइकल का वितरण किया जा चुका है.उन्होंने कहा कि शिक्षा के स्तर में सुधार लाने के उद्देश्य से सरकार के द्वारा अनेकों प्रयास किए जा रहे हैं,जिसमे साइकल वितरण भी महत्वपूर्ण कारक है.छात्राओं को विद्यालय आने में किसी प्रकार की परेशानी ना हो, इसको लेकर कल्याण विभाग के द्वारा साइकल वितरण कार्य किया जा रहा है।

### पिकअप के धक्के से बाइक सवार घायल

**गढ़वा।** एनएच 343 गढ़वा-अंबिकापुर मार्ग पर रंका थाना क्षेत्र अंतर्गत रंका चेकनाका के समीप शनिवार को पिकअप के धक्के से मोटरसाइकिल सवार बिहारी लाल घायल हो गया। वह गढ़वा थाना क्षेत्र के बानुटीकर गांव का रहने वाला है। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में लाया गया। उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया। बताया गया कि वह मोटरसाइकिल से रंका से घर लौट रहा था। इस दौरान रंका चेकनाका के समीप पीछे से आए एक अज्ञात पिकअप ने उसकी मोटरसाइकिल में धक्का मार दिया। इस घटना में उसका बायां हाथ व पैर फ्रैक्चर हो गया है।

## एक नजर

### 35 किसानों के बीच धान बीज का किया गया वितरण

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर प्रखंड अंतर्गत बरटा गांव के 35 किसानों के बीच शनिवार को एनएफएसएम योजना के तहत धान बीज का वितरण किया गया। धान बीज का वितरण सिंगल विंडो सेंटर गिद्धौर के की गई। विभाग द्वारा उपलब्ध 135 किलोग्राम उन्नत किस्म के धाम बीज का वितरण 35 किसानों के बीच किया गया। किसानों ने बताया कि कृषि विभाग द्वारा सही समय पर धान बीज उपलब्ध कराया गया है। इससे काफी लाभ होगा। धान बीज का वितरण पंचायत के मुखिया बेबी देवी के उपस्थिति में किया गया। मौके पर बीटीएम अमरेंद्र पांडेय, दीनदयाल प्रसाद, मुकेश साव, दिनेश तिवारी सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

### सीएसआर मद से एनटीपीसी ने उपहार में दिया स्मार्ट टीवी

**टंडवा (चतरा)।** शनिवार को एनटीपीसी परियोजना के टंडवा प्रखंड मुख्यालय स्थित कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित कर वसुंधरा लेडिज क्लब द्वारा नव विवाहिता को स्मार्ट टीवी का उपहार भेंट किया गया। बताया गया कि परियोजना से प्रभावित टंडवा निवासी शिवनंदन ठाकुर की पुत्री राखी कुमारी को विवाह के मौके पर उक्त उपहार सामाजिक कल्याण निधि से एनटीपीसी द्वारा दिया गया है। वहीं सीएसआर अधिकारी एनए शिपो ने मंगलकामना व्यक्त करते हुवे परियोजना से प्रभावित परिवारों के प्रति प्रबंधन के नैतिक दायित्वों की प्रतिबद्धता को दुहराया। मौके पर संचार अधिकारी मोहिनी कुमारी, क्लब की वरिष्ठ सदस्या विनेता सिन्हा, सरिता राय, गृहलक्ष्मी मिश्रा समेत अन्य मौजूद थे।

### करंट लगने से मवेशी की मौत ग्रामीण आक्रोषित



**हंटरगंज (चतरा)।** जिले के हंटरगंज प्रखंड अंतर्गत पाण्डेयपुरा में गिरे हुए विद्युत प्रवाहीत तार के चपेट में आने से एक मवेशी की मौत हो गयी। मवेशी पांडेयपुरा निवासी भीम पासवान की थी। ज्ञात हो की पाण्डेयपुरा क्षेत्र बिजली से सम्बन्धित मामलों में आये दिन सुर्खियों में बना रहता है। यहां सालो पुराने पोल और तार लगे होने के चलते यहा के ग्रामीण अपने आप को असुरक्षित महसूस करते हैं। स्थित ऐसी है कि बींच बाजार में लगे बिजली के खम्भे और उनपर लगे तार जहां-तहां से अक्सर टूट के गिरते रहते हैं। पर उसको बदला नही जाता बल्कि उसकी मरम्मत करके बिजली सेवा बहाल कर दी जाती है। ग्रामीणों का कहना है की आबादी वाले जगहों पर बिजली विभाग को कवर तार देने की जरूरत है ताकि अनहोनी से बचा जा सके। दुसरी ओर बिजली तार की लचर स्थिति को लेकर ग्रामीण आक्रोषित हैं।

## विकास मेले में डीसी ने सुनी ग्रामीणों की समस्याएं, लाखों रुपये की परिसंपत्ति वितरित

# ग्रामीणों की समस्याओं को दूर करने को लेकर जिला प्रशासन प्रतिबद्ध : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार/चंदवा।**

प्रखंड के सासंग पंचायत अंतर्गत दामर गांव स्थित पंचायत सचिवालय में शनिवार को जनता दरबार,विकास मेला सह स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उपायुक्त ने प्रखंड को विकसित प्रखंड बनाने को लेकर लोगों को शपथ भी दिलायी। जनता दरबार में पहुंचे फरियादियों से उपायुक्त ने रू-ब-रू होकर उनके समस्याओं को सुना व कई समस्याओं का त्वरित निष्पादन किया साथ ही अन्य समस्याओं के निष्पादन हेतु संबंधित विभाग को प्रेषित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपायुक्त गरिमा सिंह ने कहा कि सरकार व जिला प्रशासन आपके विकास को लेकर प्रतिबद्ध है। इसी प्रतिबद्धता के साथ आज जिला प्रशासन आपके पास पहुंची है। आपके सभी समस्याओं का समाधान पंचायत में आयोजित जनता दरबार के माध्यम से करने का प्रयास है। कार्यक्रम में डीडीसी सुरजीत सिंह, अपर समाहर्ता रामा रविदास, एलआरडीसी उदय कुमार, डीआरडीए निदेशक प्रभात रंजन चौधरी, आइटीडीए निदेशक, सिविल सर्जन, जिला आपूर्ति पदाधिकारी रश्मि लकड़ा, जिला कल्याण पदाधिकारी, बीडीओ चंदन प्रसाद, सीओ जयशंकर पाठक, जिप सदस्य सरोज देवी, प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी रामनाथ यादव, सासंग मुखिया समेत जिला व प्रखण्ड प्रशासन के कई अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।



### 16 लाख रुपये की परिसंपत्ति वितरित हुई

जनता दरबार में लाभुकों के बीच लाखों रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया जिसमें ग्रामीण बैंक सासंग के द्वारा सखी मंडल की महिलाओं के बीच 16 लाख रुपए की परिसंपत्ति का वितरण किया गया।

### शिविर में लगाए गए थे विभिन्न स्टॉल

विकास मेला में स्वास्थ्य विभाग, बाल विकास, स्वच्छता विभाग, मनरेगा, अंचल विभाग, पशुपालन, श्रम विभाग, कृषि, जनवितरण प्रणाली व प्रधानमंत्री आवास योजना, अबुआ आवास समेत कई विभागों के अलग अलग स्टॉल लगाकर पंचायत के ग्रामीणो को लाभाविंत किया गया।

## वनवासियों को वन पट्टा देने की मांगों को लेकर वन विभाग कार्यालय का घेराव

**नवीन मेल संवाददाता। बरवाडीह**

प्रखंड के भाजपा नेता सह पूर्वी जिप सदस्य कन्हाई सिंह के नेतृत्व में शनिवार को वन विभाग की कथित मनमानी व विभिन्न मांगों कोलेकर वन क्षेत्र के दर्जनों गांव की ग्रामीणों द्वारा रोशपूर्ण प्रदर्शन करते हुए छिपाडोहर वन विभाग कार्यालय का घेराव किया गया। पूर्व निर्धारित कार्यक्रमके अनुसार छिपादोहर गांधी मैदान से जिप सदस्य कन्हाई सिंह की अगुवाई में शामिल भाजपा कार्यकताओं, वन क्षेत्र का वनवासी समेत काफी संख्या में महिला पुरुष द्वारा एक रोशपुर्ण जुलूस निकाली गई। जिसमे शामिल लोग वन विभाग की मनमानी नहीं चलेगी, सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा वितरण करो, हेमंत सरकार जवाब दो आदि नारा लगाते ही छिपादोहर का भ्रमण कर छिपादोहर पूर्वी वन प्रक्षेत्र कार्यालय का घेराव करते हुई एक सभा का आयोजन किया गया। जिसे संबोधित करते हुए कन्हाई सिंहने कहा कि वन विभाग द्वारा कई क्षेत्र में मनमानी तरीकेसे वनवासी द्वारा चुने गए महुआ को जप्त कर वनवासी के साथ अत्याचार कर रही वन विभाग अभिलंब जप्त किए गए महुआ को वनवासियों को वापस और वन क्षेत्रमें रह रहे वनवासी के साथ अत्याचार बंद करे. कहां की वन अधिकार अधिनियम 2006के तहत वनवासी द्वारा प्रखंड के विभिन्न क्षेत्रों में सामुदायिक एवं व्यक्तिगत वन पट्टा के लिए आवेदन किया गया है जिसे वन विभाग अपने मनमानी तरीकेसे रोक लगाते हुई अब तक वन पट्टा का वितरण नहीं किया गया है जिसे अभिलंब वितरण किया जाए। कार्यक्रम को अन्य कई वक्ताओं ने संबोधित करते हुए वन विभाग के मनमानियो पर अंकुश लगाने की बात कही। एक घंटा से अधिक समय तक चले घेराव कार्यक्रम के उपरांत उपनिदेशक, पलामू व्याध परियोजना को वनों के क्षेत्रपदाधिकारी छिपादोहर की अनुपस्थिति में प्रभारी वनपाल दिलीप कुमार को पांच सूत्री मांग पत्र दिया गया। जिसे 15 अगस्त तक पूरा करने का अल्टीमेटम दिया गया है. घेराव कार्यक्रम में दीपक तिवारी,मुन्ना गुप्ता, मुंद्रिका सिंह,वन विभाग समिति के अध्यक्ष अशोक सिंह, कृष्ण सिंह, अमन कुमार, सुरेश सिंह, हरेश सिंह,मंदीप सिंह समेत काफी संख्या में वनवासी महिला पुरुष शामिल थे।



## चंदवा बस स्टैंड में नहीं हो रहा नियमों का पालन : विवेक दुबे

**नवीन मेल संवाददाता। चंदवा**

शहर के इंदिरा गांधी चौक के समीप स्थित बस स्टैंड में नियमों का नहीं हो रहा है पालन। यहां लगभग दो वर्षों से बस स्टैंड के बाहर रांची डालटेनगंज एनएच मुख्य मार्ग पर यात्री बसों को सड़क के किनारे खड़ा कर दिया जाता है। जबकि यहां पर यात्री गाड़ियों के रुकने के लिए स्टैंड का निर्माण कराया गया है। उक्त बातें आजसू प्रखंड अध्यक्ष विवेक कुमार दुबे उर्फ राजा दुबे ने कही है उन्होंने आगे कहा कि बस स्टैंड के बाहर यात्री वाहन खड़ी करने से महिला यात्रियों समेत राहगीरों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।वंही बस स्टैंड के अंदर लाखों रुपए की लागत से पब्लिक शौचालय का निर्माण किया गया है परंतु दुर्भाग्य है कि आज तक उस शौचालय का ताला भी नहीं खुला है जिस कारण यात्रियों को लघुशंका के लिए इधर उधर भटकना पड़ता है। बस स्टैंड में समुचित व्यवस्था है परंतु कुछ लोगों की मिलीभगत और गाड़ी वालों के आना कानी के कारण गाड़ी वाले एनएच किनारे सड़क पर ही गाड़ी लगा देते हैं जिससे आए दिन एनएच जाम हो जाया करता है। आए दिन गाड़ी वालों के द्वारा सड़क पर गाड़ी खड़ी करने से दुर्घटना की संभावना बनी रहती है। जब बस स्टैंड यात्री बसों को खड़ी करने के लिए बना है फिर भी गाड़ियां बस स्टैंड के अंदर प्रवेश क्यूं नहीं करती है। देखा जाये तो यहां पर नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। श्री दुबे ने आगे कहा कि अगर जल्द ही जिला प्रशासन इस पर पहल नहीं करती है तो आजसू पार्टी बस स्टैंड पर फैली अव्यवस्था के खिलाफ चरणबद्ध तरीके से आंदोलन करने को बाध्य होगी।



## पत्रकारों ने 5-5 पौधे लगाने व उसके संरक्षण का लिया संकल्प



**नवीन मेल संवाददाता पत्थलगड़ा (चतरा)।**

चतरा प्रेस क्लब अध्यक्ष सुनील कश्यप के दिशा निर्देशन में शनिवार को पत्थलगड़ा प्रखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल व पर्यटक स्थल लेंबोईया पहाड़ी स्थित मां भगवती मंदिर एवं मां संतोषी मंदिर परिसर में प्रखंड पत्रकार संघ द्वारा पर्यावरण संरक्षण को लेकर पौधारोपण किया गया। पौधारोपण कार्यक्रम पत्रकार संघ के अध्यक्ष मृत्युंजय कुमार के नेतृत्व में किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में चतरा प्रेस क्लब के कार्यकारिणी सदस्य श्रीकांत राणा उपस्थित थे। श्रीकांत राणा ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए प्रेस क्लब द्वारा अभियान चलने का निर्णय लिया गया है। जिसके आलोक में पत्थलगड़ा पत्रकार संघ द्वारा पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया। संघ के अध्यक्ष ने कहा कि दिन प्रतिदिन जंगल की कटाई होने से पर्यावरण प्रभावित होने लगा है। ऐसी परिस्थिति में पौधारोपण करना अति आवश्यक है। मौके पर पत्रकारों ने 5-5 पौधा लगाने व संरक्षण का संकल्प लिया। पौधारोपण में संघ के उपाध्यक्ष सुनील दांगी, सचिव मोहम्मद सिराजुल, उपसचिव कैलाश दांगी, कोषाध्यक्ष सुजेक सिन्हा, मनीष सिंह, अभिषेक सिंह, संजय राणा आदि शामिल थे।

## आकांक्षी प्रखंड को लेकर संपूर्णता अभियान का किया गया आयोजन

**नवीन मेल संवाददाता। मयूरहंड (चतरा)**

नीति आयोग के निदेर्शानुसार शनिवार को मयूरहंड प्रखंड सभागार में आकांक्षी प्रखंड को लेकर संपूर्णता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका शुभारंभ प्रमुख मिकी देवी, बीडीओ मनीष कुमार, डीपीओ शिशिर कुमार, चिकित्सा पदाधिकारी संजीत कुमार, उप प्रमुख पूनम कुमारी, मुखिया रेणु देवी, कलावती कुमारी ने संयुक्त रुप से दीप प्रज्वलित कर किया। साथ ही संपूर्णता कैलेंडर का विमोचन प्रमुख, बीडीओ समेत अन्य अतिथियों ने किया।

मौके पर आकांक्षी संपूर्णता अभियान को सफल बनाने को लेकर सभी पदाधिकारी व जनप्रतिनिधियों ने शपथ भी लिया। बताया गया कि कार्यक्रम के तहत प्रखंड के सभी पंचायत में शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, कृषि, बाल विकास के क्षेत्र में शत-प्रतिशत लक्ष्य प्राप्त करने को लेकर आगामी 30 सितंबर तक अभियान चलाया जायेगा। नीति आयोग के प्रतिनिधि ने कहा कि आकांक्षी कार्यक्रम के तहत 39 बिंदू पर काम किया जाना है। जिसके लिए संपूर्णता कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया है। फिलहाल छह बिंदुओं पर अगले तीन माह में सौ प्रतिशत लक्ष्य प्राप्ति करना है।

जिसमें महिलाओं के स्वास्थ्य, पोषण पर विशेष देखभाल पर जोर दिया जायेगा, कृषि को आधुनिक तकनीकी से जोड़ने के लिए मृदा परीक्षण किया जायेगा। कार्यक्रम 30 सितंबर तक चलाया जाएगा। इसे लेकर बीडीओ ने उपस्थित सभी मुखिया, जनप्रतिनिधियों एवं सम्बन्धित विभाग के पदाधिकारी व कर्मियों को छः संकेतों पर विशेष ध्यान देने की बात कही। साथ ही बीडीओ ने कार्यक्रम के तहत सभी पंचायतों में प्रभात फेरी निकालने के उपरांत ग्रामसभा आयोजन का निर्देश दिया। मौके पर पीरामल फाउन्डेशन के संजीत राय, साहेब अनवर, रोहित चौरसिया, बीपीआरो चंदन कुमार, बीपीओ सतीश कुमार मिश्रा समेत अन्य उपस्थित थे।




**बैठक**

## वनाधिकार अधिनियम 2006 को लेकर एकदिवसीय कार्यशाला का आयोजन

# अभियान चलाकर ग्रामसभा का करें सहयोग : उपायुक्त


**नवीन मेल संवाददाता। चतरा**

जिला खनिज निधि सह प्रशिक्षण भवन में शनिवार को अबुआ बीर दिशोम अभियान 2023 के तहत उपायुक्त रमेश घोलप की अध्यक्षता में वन अधिकार अधिनियम 2006 से संबंधित कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें सर्वप्रथम अतिथियों को पौधा भेंट कर स्वागत किया गया। तत्पश्चात दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उपायुक्त ने अपने संबोधन में सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री झारखण्ड सरकार का महत्वकांक्षी अभियान अबुआ बीर अबुआ दिशोम अभियान है। जंगल में रहने वाले जो वन पर निर्भर हैं, जो लोग हकदार है, जानकारी के अभाव में वनपट्टा से वंचित रह जाते हैं। सभी लोगों को वनपट्टा अधिनियम 2006 से संबंधित जानकारी रहे इस उद्देश्य से कार्यशालय का आयोजन किया गया है। अधिकारियों को उन्होने कहा वनाधिकार पट्टा में अभियान चलाकर दावों की प्राप्ति एवं निष्पादन करें। वहीं राजस्व एवं वन विभाग के पदाधिकारी को अबुआ बीर दिशोम अभियान की सफलता के लिए ग्राम सभा/ग्राम वनाधिकार समितियों को सहयोग करने को कहा। कार्यक्रम में डीएफओ उत्तरी राहुल मीणा, दक्षिणी मुकेश कुमार, अप समाहर्ता अरविन्द कुमार, एसडीओ चतरा सुरेन्द्र उरांव, एसडीओ सिमरिया सन्नी राज, स्टेट रिसोर्स पर्सन एफआरए मनोहर चौहान, पीपीआईए फेलोस दीपक शर्मा, प्रकाश राणा, राजस्व, वन विभाग, कल्याण विभाग के पदाधिकारी, ग्रामसभा, ग्राम वनाधिकार समिति के सदस्य, बीर बंधु समेत अन्य उपस्थित थे।



**उपायुक्त ने कहा वनाधिकार पट्टा वितरण में अभियान चलाकर करें दावों की प्राप्ति एवं निष्पादन, अबुआ बीर अबुआ दिशोम की सफलता के लिए समन्वय बनाकर करें कार्य।**

### जहरीले सांप के डसने से 60 वर्षीय वृद्ध मूर्छित



**बालूमाथ।** पुलिस अनुमंडल क्षेत्र के बारियातू प्रखंड अंतर्गत गोनिया के नवादीह ग्राम निवासी रामेश्वर गंझू 60 वर्ष को जहरीले सांप ने डंस लिया जिसे नागेश्वर गंझू मूर्छित हो गए. घायल अवस्था में परिजनों ने बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया .जहां डॉक्टर द्वारा प्राथमिक उपचार की गई। घटना के संबंधित जानकारी के अनुसार नागेश्वर गाय को चारा डालने गए थे इसी क्रम में जहरीले सांप ने डंस लिया प्राथमिक उपचार के पश्चात उचित इलाज के लिए लातेहार जिला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

## न्यूज बॉक्स

### थानेदार ने किया स्व. सुकरा उरांव स्मृति फुटबॉल टूर्नामेंट का उद्घाटन



**चंदवा।** जिला पुलिस कप्तान के नेतृत्व में सामुदायिक पुलिसिंग के तहत सहायक अवर निरीक्षक सुकरा उरांव स्मृति फुटबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। शनिवार को थाना प्रभारी रणधीर कुमार ने इस टूनार्मेंट के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का उद्घघाटन किया। 8 जुलाई को फाइनल मैच के अवसर पर समारोह आयोजित कर मानव तस्करी,डायन बिसाही, सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान,बाल मजदूरी से संबंधित जानकारी लोगो के साथ साझा किया जाएगा और विजेता टीम के बीच पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। कार्यक्रम में पुलिस उप महा निरीक्षक पलामू प्रक्षेत्र के वाई एस रमेश बतौर मुख्य अतिथि व पुलिस कप्तान अंजनी अंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। गौरतलब हो कि 22 नवम्बर 2019 को चंदवा थाना में पदस्थापित एक एएसआई समेत 4 पुलिसकर्मी नक्सली हमले में शहीद हो गए थे। उनकी स्मृति में ही फुटबाल टूनार्मेंट का आयोजन किया जा रहा है।

### जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनाई गई




**महुआडाड।** प्रखण्ड स्थित भाजपा कार्यालय मे जनसंघ के संस्थापक स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वी जयंती मनाई गई। जहा मुख्य रूप से भाजपा के जिला कार्यकारणी सदस्य भुवनेश्वर सिंह मौजूद रही एवं भाजपा मंडल अध्यक्ष शंम्भु प्रसाद कार्यक्रम का नेतृत्व किया जहा भाजपा परिवार ने स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण एवं पुष्प अर्पित कर अपनी भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। जिसके बाद एक एक कर सभा मे मौजूद भाजपा नेताओं एवं कार्यकर्ताओ ने भी स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी को नमन करते हुए पुष्प अर्पित कर उन्हे नमन किया।भाजपा मंडल अध्यक्ष शंम्भु प्रसाद ने कहा की स्वर्गीय श्यामा प्रसाद मुखर्जी के विचार आज भी लोगों को ताकत देते हैं। ह्यमैं श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर उन्हें श्रद्धापूर्वक नमन करता हूं। उनके ऊंचे आदर्श लाखों लोगों को आज भी प्रेरित करते रहते हैं। डॉक्टर मुखर्जी ने भारत की एकता और प्रगति के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया।

### कांटा घर पर दिनदहाड़े फायरिंग, भाग रहे कौशल को लगी 2 गोलियां



**चतरा/टंडवा।** शनिवार को चतरा जिले के टंडवा प्रखंड अंतर्गत स्थित एनके एरिया कोयला परियोजना के पास कांटा घर पर दिनदहाड़े फायरिंग हुई है। फायरिंग के दौरान वहां से भाग रहे व्यक्ति कौशल यादव की पीठ में 2 गोली लगी। कौशल यादव को तत्काल डकरा अस्पताल ले जाया गया। जहां से प्राथमिक उपचार के बाद उसे रांची रिम्स रेफर कर दिया गया। फायरिंग के बाद पूरे परियोजना का काम बंद कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार शनिवार सुबह पिपरवार थाना क्षेत्र के एनके एरिया के पुरनाडीह कोयला परियोजना के कांटाघर पर अज्ञात अपराधियों ने अचानक अंधाधुंध फायरिंग कर दी। जिससे दहशत फैल गई और लोग इधर-उधर भागने लगे। इसी दौरान भाग रहे कौशल यादव की पीठ में 2 गोलियां लग गयीं। दोनों गोली घायल के पीठ में धंसी है। वहीं एनके एरिया में लगातार हो रही आपराधिक घटनाओं से लोगों में आक्रोश है। एसपी विकास कुमार पांडेय घटना की सूचना मिलते हीं स्वयं एनके एरिया घटनास्थल पर पहुंचकर स्थित का जायजा लिया और कहा कि अपराधी किसी भी स्थिति में वक्से नहीं जाएंगे। वहीं घटना के बाद अपराधिकयों के धर पकड़ के लिए पुलिस संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है।

### बारियातू प्रखंड क्षेत्र में 9 जुलाई से होगा पंचायत स्तरीय राजस्व शिविर का आयोजन



**बारियातू।** प्रखंड क्षेत्र के सभी पंचायत / हल्का स्तरीय राजस्व शिविर 9 जुलाई से लगाया जायेगा। इस संबन्ध में जानकारी देते हुए अंचलाधिकारी नंद कुमार राम ने बताया कि सचिव राजस्व विभाग झारखंड सरकार से प्राप्त निर्देश के आलोक मे भुमि रैयतों के पैतृक/ परिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा /उत्तराधिकार के आधार पर राजस्व अभिलेख को अद्यतन तथा खतियानी रैयत के उत्तराधिकार को विधिवत स्वामीत्व प्रदान करने हेतु पैतृक/ पारिवारिक संपत्ति को आपसी बंटवारा,व उतराधिकारी के आधार पर दखल खारिज करने हेतु प्रखंड क्षेत्र मे नौ जुलाई से 11 जुलाई तक पंचायत /हल्का स्तरीय राजस्व शिविर लगाया जायेगा। 09 जुलाई को बालुभांग डाढा, टोटी, व गोनिया पंचायत, 10 को फुलसु व बारियातू 11 जुलाई को शिबला, अमरवाडीह व साल्वे पंचायत मे शिविर का आयोजन किया जाएगा।

### सड़क सुरक्षा समिति की बैठक 9 जुलाई को

**टंडवा (चतरा)।** सड़क दुर्घटनाओं में अप्रत्याशित वृद्धि पर रोकथाम लगाने हेतु एसडीएम सिमरिया द्वारा 9 जुलाई को बैठक आयोजित की गई है जिसपर लोगों की निगाहें टिकी है। बैठक में टंडवा प्रखंड में संचालित सीसीएल, एनटीपीसी प्रबंधकों समेत प्रदूषण नियंत्रण पर्षद के क्षेत्रीय पदाधिकारी, खनन विभाग तथा ट्रांसपोर्टरों को आमंत्रित किया गया है। बताया जाता है कि कोल वाहनों के उच्च गति व अनियंत्रित परिचालन से अधिकाधिक दुर्घटनाएं होती है। जिसमें ट्रांसपोर्टिंग समयावधि काफी कम होना मूल वजह माना जाता है। जिससे चालक आपाधापी में ओवरटेक तथा ओवर स्पीड करते हुवे वाहन चलाते हैं। दूसरा बड़ा कारण दुर्घटना संभावित जगहों में गति अवरोधकों की कमी है।

### सीवीसी ने ड्रोन कैमरे से आम्रपाली परियोजना का किया निरीक्षण



**टंडवा (चतरा)।** शुक्रवार को विभागीय निदेर्शानुसार मुख्य सतर्कता अधिकारी पंकज कुमार की अगुवाई में टीम ने टंडवा प्रखंड अन्तर्गत आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र का बारीकी से निरीक्षण किया। जिसमें मुख्य तौर पर खदान क्षेत्र में अनाधिकृत प्रवेश और निकास के आकलन के लिये ड्रोन उड़ाकर देखा गया। वहीं सीवीसी टीम सुरक्षात्मक दृष्टिकोण से आकलन करने के बाद कई महत्वपूर्ण जगहों में सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए। निरीक्षण के दौरान टीम के साथ जीएम सिविल आरआर सिंह, मुख्य प्रबंधक (खनन/सतर्कता) विमल कुमार, उप प्रबंधक (सिविल/सतर्कता) आदित्य प्रकाश, सहायक प्रबंधक (सर्वेक्षण) बलवंत सिंह, परियोजना पदाधिकारी पीके सिन्हा, बिपिन बिहारी, केपी सिंह, शशिकांत भारती, उमेश कुमार सिंह समेत अन्य मौजूद थे।

## रथारूढ़ भगवान जगन्नाथ के दर्शन मात्र से मिलती है समस्त पापों से मुक्ति

# लोहरदगा में 270 वर्ष पुराना है रथयात्रा का इतिहास

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** आषाढ़ शुक्ल पक्ष द्वितीय को भगवान जगन्नाथ, बलराम व बहन सुभद्रा की रथ यात्रा रविवार को निकाली जाएगी। ऐतिहासिक रथ यात्रा की शुरूआत गुदरी बाजार स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर से होगी। तिवारी दूरा ठाकुरबाड़ी मंदिर से निकला रथ यात्रा तेतरतर, चंद्रषेखर आजाद चौक स्थित ठाकुरबाड़ी मंदिर पहुचेगा। चंद्रषेखर आजाद चौक से गुदरी बाजार, तिवारी दुरा ठाकुरबाड़ी मंदिरो के रथ एकसाथ निकलेंगे। दस दिन मौसी बाड़ी में रहने के बाद भगवान की लौटती रथ यात्रा आशाढ़ षुक्ल पक्ष एकादशी को होगी। लोहरदगा में रथ यात्रा लगभग 270 साल से चली आ रही है। उस वक्त लोहरदगा न केवल नॉर्थ इस्ट फंट्रियर पोस्ट का मुख्यालय हुआ करता था,बल्कि यह कमिश्नरी शहर भी था। लोहरदगा में व्यापारियों का उड़ीसा के राज घरानों से संबंध था। देव परिवार के लोगों ने ही लोहरदगा में जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर के लिए पहल की। 1754 ई में रथ यात्रा शुरू हो गया। इसके लगभग 40 साल बाद मगध के राजा गोपालषरण ने 1795 ई में गया से आए पुरोहितो के सहयोग से राधा कृष्ण मंदिर की स्थापना की। उन्होंने ही भगवान के विग्रहों के साथ इसी वर्ष रथ यात्रा का शुभारंभ करवाया। अब इस रथयात्रा का 229 साल पूरे हो गये हैं।

इसके दो दशक बाद 1815 में तिवारी दूरा में जगन्नाथ महाप्रभु मंदिर का निर्माण हुआ। यहां से भी 209 साल से निरंतर रथयात्रा निकल रही है। यह साधारण यात्रा नहीं है। भगवान की यात्रा है ,जो निरंतर हमें विकास, प्रेम, सद्भाव के लिए मंगलगीत गाने, जय-जयकार करने की प्रेरणा देता है। प्रभु के पवित्र यशगाण से वातावरण शुद्ध होता है। हम नये फसल के लिए अपने को प्रेरित करते हैं।ऐसी मान्यता है कि महाराज इंद्रद्युम्न ने ही सबसे पहले भगवान विश्वकर्मा के सहयोग से विग्रहों को प्रतिष्ठित किया था। तब से पूरे हिन्दुस्तान में रथयात्रा महोत्सव के रूप में आयोजित हो रहा है।

**जिले में रथयात्रा को लेकर तैयारियां पूरी, आज निकलेगी रथयात्रा**

## लोहरदगा में एकसाथ तीन स्थानों से निकलती है रथयात्रा



**लोहरदगा।** जिले में रथ यात्रा मेला को लेकर तैयारी पूरी हो गई है। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र व बहन सुभद्रा को मौसी बाड़ी ले जाने के लिए स्थानीय कारीगरों द्वारा रथों को तैयार किया गया है। शहर के ठाकुरबाड़ी मंदिर, तेतरतर स्थित राधा-कृष्ण मंदिर, तिवारी दुरा स्थित जग्रन्नाथ महाप्रभु मंदिर के अलावा विभिन्न प्रखंडों में रथयात्रा का आयोजन किया जाता है। भंडरा प्रखंड में लगने वाले ऐतिहासिक रथ यात्रा मेला की भी तैयारी पूरी हो गई है। विभिन्न राज्यों के दुकानदार भंडरा पहुंचकर अपनी-अपनी दुकानों के लिए जगह तलाश रहे हैं। वहीं लोहरदगा शहरी क्षेत्र में ठाकुरबाड़ी, तेतरतर और तिवारी दुरा से निकलने वाले रथ यात्रा की तैयारी भी जोर-शोर से चल रही है। श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर परिसर के रंग-रोगन का कार्य पूरा किया जा चुका है। भगवान जग्रनाथ के दर्शन को लेकर श्रद्धालु लालायित हैं। भंडरा में नौ दिनों तक चलने वाले रथयात्रा मेला का विशेष महत्व है। मेला में शामिल होने को लेकर दूर-दराज के क्षेत्रों से भी ग्रामीण पहुंचते हैं। इधर रविवार को विशाल और भव्य रथयात्रा निकाली जाएगी। भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और बहन सुभद्रा की रथ खींचने को लेकर श्रद्धालु खासे उत्साहित हैं। वे रथ को मौसीबाड़ी ले जाएंगे। रथयात्रा को लेकर पूरी तैयारियां कर ली गई हैं। लोहरदगा में एकसाथ तीन स्थानों से रथयात्रा निकलती है। तीनों ही रथ यात्रा का समापन मौसी बाड़ी में होता है। काफी संख्या में श्रद्धालु भगवान का रथ खींचने को लेकर उमड़ पड़ते हैं।

### ठाकुरबाड़ी मंदिर, जगन्नाथ मंदिर में भव्य भंडारे का आयोजन

**लोहरदगा।** ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान के मौके पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया. सभी श्रद्धालुओं को मंदिर परिसर में भगवान का प्रसाद खिलाया गया। भगवान को लगाए गए भोग की सभी वस्तुओं को प्रसाद के रूप में लोगो को दिया गया। भगवान का प्रसाद खाने के लिए शहरी क्षेत्र समेत ग्रामीण क्षेत्रों से भी लोग बड़ी संख्या में पहुंचे थे।

### लोहरदगा में भगवान जगन्नाथ का हुआ नेत्रदान अनुष्ठान, रथ यात्रा आयोजन की तैयारियां पूरी

**लोहरदगा।** लोहरदगा में रथ यात्रा के आयोजन को लेकर धार्मिक अनुष्ठान प्रारंभ हो गए हैं। अज्ञातवास से भगवान जगन्नाथ के लौटने के बाद शनिवार को श्री श्री 108 जगन्नाथ महाप्रभु ठाकुरबाड़ी मंदिर में नेत्रदान अनुष्ठान का आयोजन हुआ। जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित हुए और भगवान जगन्नाथ का दर्शन किया। कहा जाता है कि महास्नान के बाद भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और सुभद्रा अज्ञातवास पर चले गए थे। उनके वापस लौटने पर नेत्रदान और प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान किया जाता है।



### चैनपुर में रथयात्रा की तैयारी जोरों पर, आज निकलेगी रथयात्रा



**चैनपुर।** भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा टीनटांगर में 7 जुलाई को आस्था के डोर से खींची जाएगी। रथ यात्रा की तैयारी अंतिम चरण में है। रथ पूजा संचालन समिति के पदाधिकारी व सदस्य युद्ध स्तर पर रात दिन लगे हुए है। टिनटांगर स्थित जगरनाथ मंदिर का रंग रोगन हो चुका है।

### एकांतवास से बाहर आए जगन्नाथ महाप्रभु हुआ नेत्रदान अनुष्ठान

**भंडरा।** भगवान जगन्नाथ प्रभु 15 दिनों के एकांतवास के बाद शनिवार को भाई बलभद्र और बहन सुभद्रा के साथ बाहर आये। उनके आगमन की खुशी में नेत्रदान अनुष्ठान किया गया। इसके बाद भगवान भक्तों को दर्शन दिए 108 दीपों से भगवान की मंगलआरती, जगन्नाथ अष्टकम, गीता के द्वादश अध्याय का पाठ और भगवान की स्तुति की गई। मालपुआ सहित अन्य मिष्ठानों का भोग लगाया गया। भगवान रविवार की सुबह भक्तों को मंडप में दर्शन देंगे।

### सिसई प्रखंड के नागफनी जगन्नाथ मंदिर में हुआ नेत्रदान अनुष्ठान, आज निकलेगी रथयात्रा

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित सिसई प्रखंड के नागफनी स्थित जगन्नाथ मंदिर में शनिवार को नेत्रदान पूजा किया गया। आज निकाली जाएगी रथ यात्रा व लगेगा मेला. मंदिर के पुजारी अनिल पंडा ने बताया कि रथ यात्रा व मेला की सारी तैयारी पूरी कर ली गई है। शनिवार को जगरनाथ महाप्रभु, भाई बलभद्र व बहन सुभद्रा का पूरे विधि विधान के साथ नेत्रदान पूजा सम्पन्न की गई। इसी के साथ श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु मंदिर का पट खोल दिया गया है।



## न्यूज बॉक्स

### विद्यार्थियों ने पर्यावरण संरक्षण को लेकर चलाया जागरूकता अभियान

**चैनपुर।** चैनपुर प्रखंड के टोंगो स्थित संत पीटर उच्च विद्यालय के एनसीसी कैडेट एवं छात्रों ने विश्व पर्यावरण दिवस पर पर्यावरण संरक्षण को लेकर जागरूकता रैली निकालकर लोगों। को पर्यावरण संरक्षित रखने एवं अपने गांव घरों में एक एक पौधा लगाने का संदेश दिया। विधालय के प्रचार्य तेज कुमार बाखला ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण करना हम सभो की जिम्मेदारी है। आज पेड़ की अंधाधुंध कटाई के कारण पर्यावरण दूषित हो रहा है साथ ही जलस्तर भी नीचे होता जा रहा है। इसलिए हम सब का कर्तव्य है कि हम अपने घरों के आसपास या सार्वजनिक जगहों पर पौधारोपण जरुर करे और लोगों को भी पौधा लगाने के लिए प्रेरित करें ताकि पर्यावरण का संतुलन बना रहे। जागरूकता अभियान के तहत स्कूली विद्यार्थियों के द्वारा गुणा टोली में पौधा वितरण किया गया। इस मौके पर मुख्य रूप से सेब्रेन बेक, बरनाबस टोप्पो, शशी शारदा टोप्पो सहित विधालय के विद्यार्थी उपस्थित थे।

### संपूर्णता अभियान के तहत निकाली प्रभातफेरी

**लोहरदगा।** नीति आयोग की ओर से प्रारंभ अभियान संपूर्णता अभियान को लेकर आज प्रभात फेरी का आयोजन समाहरणालय प्रांगण लोहरदगा से नगर भवन तक किया गया। इसका शुभारंभ जिला योजना पदाधिकारी अरुण कुमार सिंह और आइटीडीए परियोजना निदेशक सुषमा नीलम सोरेंग ने हरी झंडी दिखाकर किया। प्रभात फेरी में नदिया हिंदू प्लस टू उच्च विद्यालय लोहरदगा के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। इस दौरान छात्र-छात्राओं ने बैनर व तख्तियों के माध्यम से संपूर्णता अभियान को सफल बनाने की अपील की। संपूर्णता अभियान में गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच, पोषाहार, बच्चों का टीकाकरण, स्कूली बच्चों को पाठ्य पुस्तक उपलब्ध कराना, स्वयं सहायता समूहों को रिवॉल्विंग फण्ड उपलब्ध कराना और किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड उपलब्ध कराना है। यह सभी उपलब्धियां अगले तीन माह यानी सितंबर तक हासिल कर लिया जाना है।

### गरम माड़ में गिरने से महिला घायल गुमला सदर अस्पताल में भर्ती

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के चितरपुर गांव में गरम माड़ में गिरने से शिकुन्दा कुजूर नामक महिला झुलस कर घायल हो गई। जिसे परिजनों के द्वारा गुमला सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया शिकुन्दा कुजूर पेशे से स्कूल में रसोईया पद पर हैं। घटना के संबंध में महिला के पति रूबेल कुजूर ने जानकारी देते हुए बताया कि मेरी पत्नी चावल बना रही थी। जिसका गर्म माड़ बगल में ही रखा हुआ थी, इसी दौरान सिकुन्दा कुजूर को अचानक चक्कर आ गया और गर्म मांड़ में गिर कर गंभीर रूप से जल गई। जिसके बाद उसे गुमला अस्पताल में भर्ती कराया गया।

### शहरी क्षेत्र से दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर जब्त

**लोहरदगा।** बालू के अवैध खनन और परिवहन के विरुद्ध गत मध्य रात्रि जिला खनन पदाधिकारी राजाराम प्रसाद एवं सदर थानेदार रत्नेश मोहन ठाकुर की अगुवाई में छापामारी अभियान चलाया गया। इस दौरान शहरी क्षेत्र के रेलवे साइडिंग स्थित हिंडाल्को के रोपवे ब्रिज के निकट अवैध बालू लदा दो ट्रैक्टर तेजी से गुजरता हुआ देखा गया। जांच टीम टीम को देखते ही, बालू लोडेड ट्रैक्टर भागने लगे। जल्दबाजी में अवैध बालू लोडेड ट्रैक्टर बलपूर्वक निकट के खेतों में घुसा दिया। जांच टीम के निकट आने तक खेत में बालू गिराकर छोड़ दिया। मौके पर जिला खनन पदाधिकारी और पुलिस टीम ने दोनों ट्रैक्टर को जप्त कर लिया। खेत में गिरा अवैध बालू की फोटोग्राफी कर जब्ती सूची बनाई। इस संदर्भ में डीएमओ राजाराम प्रसाद ने बताया कि, वर्तमान में एनजीटी लागू है। बावजूद, बालू के अवैध उत्खनन और परिवहन की लगातार शिकायत मिल रही थी। इसको लेकर औचक अभियान चलाया गया। मौके से बरामद दो अवैध बालू लदे ट्रैक्टर को जब्त कर सदर थाना में रखा गया। इस मामले पर अवैध खनन और परिवहन को लेकर विभागीय कार्रवाई की जा रही है।

### शिक्षकों की गुरुगोष्ठी आयोजित

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित भरनो बालिका मध्य विद्यालय के सभागार में शनिवार को शिक्षको की गुरुगोष्ठी आयोजित हुई। जिसकी अध्यक्षता बीईईओ किरण कुमारी ने किया। गुरुगोष्ठी में पुस्तक और चावल उठाव पर चर्चा, ई-कल्याण पोर्टल में बच्चों का पंजीयन, सामाजिक अंकेक्षन,किचन गार्डन, शिक्षक उपस्थिति, समावेशी शिक्षा के तहत सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में दिव्यांग बच्चों की सूची, सभी स्कूलों में पोषण वाटिका लगाना, सभी रसोईया का आयुष्मान कार्ड बनाना, 60 वर्ष पूर्ण करने वाले रसोइयों की जगह दूसरे रसोईया का चयन करना समेत स्कूल से संबंधित कई मुद्दों पर चर्चा किया गया। साथ गुरुगोष्ठी मे आये सभी स्कूलों के सचिवों के बीच प्रयास सह प्रोजेक्ट इम्पेक्ट ए एन पी पत्रिका का वितरण किया गया। मौके पर बीपीओ समीम एजाज, राजदीप कुमार, नूर एहसान, रंजीत महतो, अर्जुन केशरी, शशि भूषण, विजय कुमार, भूषण केशरी समेत सभी सीआरपी उपस्थित थे।

### जिप सदस्य व मुखिया ने 70 किसानों के बीच बांटे मूंगफली बीज

**भंडरा।** कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के द्वारा बिरसा फसल विस्तार योजना तहत प्रखंड के 70 किसानों के बीच 10 किलो मूंगफली बीज व नेनो यूरिया का वितरण जिप सदस्य राजमनी उरांव, स्थानीय मुखिया परमेश्वर महली व बीटीएम प्रियांशु मिंज द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। बीज वितरण कार्यक्रम के दौरान बीटीएम प्रियांशु मिंज ने लाभुकों को बताया कि बीज वितरण के लिए कृषक मित्रों द्वारा किसान की सूची ग्राम सभा पारित किया जाता है। जिसके बाद ब्लॉक चयन टेक्नोलॉजी सिस्टम के माध्यम से बीज का वितरण किया जाता है। जिसके लिए किसान को आधार संख्या, ओटीपी तथा खाता व प्लांट नम्बर देना पड़ता है। तब जाकर किसानों तक बीज वितरण होता है। मौके पर बीज वितरण कार्यक्रम में कृषि विभाग कि एटीएम सहायक अजय कुमा, उदरंगी, मसमानो, भीठा पंचायत के किसान सहित कृषक मित्र चन्द्रिका सिंह मौजूद थे।

### खेलो इंडिया कार्यक्रम में गिरा बच्चा घायल, रिम्स में इलाज के दौरान मौत

**भंडरा।** खेलो इंडिया कार्यक्रम के तहत उत्क्रमित प्लस टू विद्यालय बिटपी कक्षा एक का छात्र प्रेम उराव उम्र 7 वर्ष पिता विजय उरांव शुक्रवार को खेलने के क्रम में गिरकर गंभीर रूप से घायल हो था। जिसका शनिवार को रांची रिम्स मे इलाज के दौरान मौत हो गई। ज्ञात हो की खेल में घायल बच्चे को शिक्षकों के द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा पहुंचाया गया था। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भंडरा में प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। छात्र की गंभीर स्थिति को देखते हुए रिम्स रांची रेफर किया गया था। विद्यालय के प्रधानाध्यापक अजय तिर्की ने बताया कि खेलो इंडिया कार्यक्रम विद्यालय के खेल प्रांगण में चल रहा था। इसी क्रम में यह छात्र अपने दोस्तों के साथ खेल रहा था। अचानक गिर पड़ा और बुरी तरह घायल हो गया।

### महिला का शव घर से पुलिस ने किया बरामद

**सेन्हा-लोहरदगा।** सेन्हा थाना क्षेत्र के बुटी पंचायत स्थित चमडू रुगड़ी टोली में एक 45 वर्षीय महिला का शव घर मे होने की सूचना पर परिवार के बीच शोक का लहर दौड़ गया। जबकि गांव में मातम छाया हुआ है। मृतक महिला की पहचान चमडू रुगड़ी टोली निवासी बुधवा उराँव का 45 वर्षीय पत्नी राजमुनी उराँव के रूप में किया गया है। शव मिलने की सूचना पर थाना प्रभारी अजित कुमार के निर्देश पर ए एस आई असरफी बहेलिया दलबल के साथ चमडू रुगड़ी टोली पहुंच शव को कब्जे में लेते हुए जांच में पुलिस जुट गई। फिलहाल शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल लोहरदगा भेज अग्रतर कारवाई पुलिस के द्वारा आरम्भ कर दिया गया।

### होटल मालिक को पंजाब पुलिस ने किया गिरफ्तार

**गुमला।** शहर के बायपास रोड स्थित होटल सेलिब्रेशन के मालिक को पंजाब पुलिस ने गिरफ्तार किया है। पंजाब से 66 किलो अफीम खरीदकर लाने के मामले में पंजाब पुलिस ने गुमला पुलिस की मदद से होटल मालिक कमल सिंह को गिरफ्तार किया। पुलिस ने कमल और होटल के एक स्टाफ को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया था, स्टाफ को पुलिस ने बाद में छोड़ दिया। पंजाब पुलिस के अधिकारी ने बताया कि कमल सिंह ने पंजाब से 66 किलो अफीम खरीदा था। पंजाब में अफीम की खरीद-बिक्री में जुड़े एक व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार किया था। उसी की निशानदेही पर गुमला से कमल सिंह को गिरफ्तार किया गया है।

## एक नजर

### कार-बाइक की टक्कर में दो युवक घायल

**भंडरा।** भंडरा-चट्टी मुख्य पथ भंडरा थाना क्षेत्र के कचमची गांव के समीप सड़क दुर्घटना में दो युवक घायल हो गए। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया की भीठा पंचायत के धोबाली गांव निवासी बंदे उरांव के पुत्र मनीष उरांव (22 वर्ष) व आयता उरांव (20 वर्ष) अपने मोटरसाइकिल से कचमची जा रहे थे। तभी विपरीत दिशा से आ रहे ब्रेजा कार नम्बर जेएच 01 एफडी 9610 ने टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल सवार दोनों भाई घायल हो गए। इधर भंडरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सकों ने दो भाइयों का इलाज कर मनीष उरांव को बेहतर इलाज के लिए रिम्स रेफर कर दिया गया।

### युवती को जहरीले सांप ने काटा

**लोहरदगा।** किस्को थाना क्षेत्र के नारी नावाडीह गांव में शनिवार को खेत में घास काटने गई परमेश्वर उरांव की 18 वर्षीय पुत्री नोरपुप उरांव को जहरीला सांप ने काट लिया। घायल नोरपुप उरांव तत्काल भाग कर घर पहुंची और परिजनों को इसकी जानकारी दिया। तत्काल परिजनों ने किस्को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर गए जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज हेतु सदर अस्पताल रेफर कर किया गया है।

### घाघरा में एकदिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन

**गुमला।** गुमला जिला अंतर्गत स्थित घाघरा प्रखंड कार्यालय के सभागार में रागी मिशन अंतर्गत आत्मा गुमला व कृषि विज्ञान केंद्र गुमला के संयुक्त तत्वाधान में एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन शनिवार को किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में प्रशिक्षक द्वारा रागी मडुवा की वैज्ञानिक विधि से खेती करने और फसल सुरक्षा साथ ही धान व सब्जी की खेती करने की विधि पर विशेष जानकारी दी।

## पिता ने कुदाल से काटकर की पुत्र की हत्या, पत्नी गंभीर

- *हत्या के आरोपी पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेजा*

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला के घाघरा थाना स्थित कोमट ग्राम निवासी मोहन उरांव ने शुक्रवार को अपने 8 वर्षीय पुत्र आकाश उरांव की कुदाल से कटकर हत्या कर दी। वहीं अपनी पत्नी चारों उराईन को कुदाल से काटकर गंभीर रूप से घायल कर दिया। घायल महिला को इलाज के लिये गुमला सदर अस्पताल लाया गया जहां डॉक्टरों ने उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिये रांची रिम्स रेफर कर दिया। बाद में घटनास्थल से हत्यारे पिता को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गुमला सदर अस्पताल में मोहन के परिजनों ने बताया की 8 दिन पूर्व ही वह बनारस के ईंट भट्ठे से काम कर वापस घर आया था। शुक्रवार को उसने इस



हत्याकांड को अंजाम दिया। इसके पीछे क्या कारण है किसी को इसकी जानकारी नहीं है। हत्याकांड की सूचना घाघरा थाना पुलिस को मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई की। पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर छानबीन करते हुए, आकाश उरांव के शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए गुमला पोस्टमार्टम हाउस भेजवाया। साथ ही गंभीर रूप से घायल चारों उराईन को गुमला सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद मासूम आकाश उरांव के शव को उसके परिजनों को सौंप दिया गया है। हत्यारे पिता मोहन उरांव को गिरफ्तार कर न्यायालय में प्रस्तुत कर उसे गुमला जेल भेज दिया गया है।

## भाजपा की बैठक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती मनाई गई

**नवीन मेल संवाददाता**

**गुमला।** गुमला जिला मुख्यालय स्थित गुमला के बिरसा मुंडा एग्रो पार्क में भाजपा जिला की दो सत्रों की महत्वपूर्ण बैठक में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जन्म जयंती मनाई गई तथा दूसरे सत्र में 7 जुलाई से 15 जुलाई तक एक दिन होने वाली विधानसभा स्तरीय कार्यक्रम में कार्यकर्ता सम्मान एवं संकल्प सभा करने, एवं विधानसभा चुनाव के मद्देनजर आगामी 20 जुलाई को रांची में होने वाली विस्तृत कार्यसमिति में भाग लेने हेतु उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं के साथ विशेष तैयारी की गई। इस बैठक की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष शिव प्रसाद साहू ने की जबकि मंच संचालन जिला महामंत्री मिसिर कुजूर ने किया। अपने अध्यक्षीय सम्बोधन में शिव प्रसाद साहू ने डॉ श्यामा प्रसाद जी की जीवनी पर प्रकाश डालते हुए आज की बैठक की मुख्य विषय वस्तु से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। मुख्य अतिथि लोहरदगा लोकसभा के निवर्तमान सांसद सुदर्शन भगत जी ने सम्बोधन में जनसंघ के संस्थापक डॉ श्यामा प्रसाद जी 14 साल की राजनीतिक गतिविधियों पर विशेष उल्लेख किया कि मात्र 33 साल की कम उम्र में वे कलकत्ता विश्वविद्यालय के कुलपति बन गए तथा वे 1934 से 38 तक लगातार दो कार्यकाल पूरे किए। अपने नेतृत्व क्षमता के बूते सशक्त हस्तक्षेप से पूरे बंगाल के हिन्दू बहुल टुकड़े (प.बंगाल) को आज के बंग्लादेश (तब के पूर्वी पाकिस्तान) में जाने से बचा लिया। साथ ही मुस्लिम लीग के जिन्ना एवं सोहरावर्दी की कुटिल साजिश को मात देते हुए कलकत्ता जैसे रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण शहर को तब के पूर्वी पाकिस्तान में शामिल होने से बचा लिया। आजादी के बाद कश्मीर में धारा 370 एवं वहां जाने हेतु परमिट सिस्टम का विरोध करते हुए नेहरू मंत्रिमंडल से त्यागपत्र देकर सशक्त आंदोलन चलाया और अपने प्राणों की आहुति देकर परमिट सिस्टम को खत्म कराया। ऐसे महान शिक्षविद काश वो देश के पहले शिक्षा मंत्री होते तो आज भारत के इतिहास की एक अलग ही दशा और दिशा होती, मात्र 14 साल की अपनी राजनीतिक जीवन में उन्होंने कार्य किया है वो हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए अनुकरणीय है। कार्यक्रम को पूर्व विधायक कमलेश उरांव जी, निवर्तमान जिला अध्यक्ष अनुपचन्द्र अधिकारी, वरिष्ठ नेता भूपन साहू, और भाजयुमो जिला अध्यक्ष रबिन्द्र सिन्हा ने भी संबोधन कर डॉ श्यामा प्रसाद जी उपलब्धियों पर अपने विचार व्यक्त किये।

### जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान प्रारंभ, नगर भवन में आयोजित हुआ लॉन्चिंग कार्यक्रम, बोलीं डॉ बानुश्री

## सामाजिक व आर्थिक रूप से सक्षम बनाना उद्देश्य

- *नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बानुश्री वेल्पांडियन ने किया शुभारंभ*
- *उपायुक्त समेत जिला स्तरीय पदाधिकारीगण और जनप्रतिनिधि हुए शामिल*

**नवीन मेल संवाददाता**

**लोहरदगा।** केंद्र सरकार के महत्वकांक्षी कार्यक्रम अंतर्गत शनिवार को जिला स्तर पर संपूर्णता अभियान की शुरूआत नगर भवन, लोहरदगा में हुई। इस अभियान का शुभारंभ नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ डॉ बानुश्री वेल्पंडियन, उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण, जिला परिषद अध्यक्ष रीना कुमारी व अन्य अतिथियों द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर की गई।

मौके पर नीति आयोग की वरीय विशेषज्ञ ने कहा कि हमें आकांक्षी जिला होने के कारण कुछ निर्धारित इंडिकेटर्स में संपूर्णता अभियान में उपलब्धि हासिल करनी है। इसमें अपने शारीरिक क्षमता, मानसिक संकल्प के अनुसार कार्य करना है। स्वास्थ्य, कृषि, महिला एवं बाल विकास, स्वयं सहायता समूह और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ बिंदु निर्धारित किये गये हैं जिनमें सफलता के लिए तेजी से कार्य करना है। इन इंडिकेटर्स की उपलब्धि के लिए हम सभी के पास तीन महीने हैं। किसान, गर्भवती महिला, युवक/युवतियां और बच्चे इस अभियान का हिस्सा हैं। सभी को समन्वय के साथ निर्धारित इंडिकेटर्स की उपलब्धि हासिल करनी है। सामाजिक और आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। संगठित रूप से हम सभी को आगे बढ़ना है। उपलब्धि हासिल करने के लिए आप सभी को जागरूक होना होगा। सरकार की सुविधाओं को आपको प्राप्त करना है। आप सभी इसके लिए जागरूक हों और दूसरों को भी जागरूक करें। जब लोग सक्षम होंगे तो सभी का विकास होगा। भारत सर्वश्रेष्ठ बनेगा।



### हमारे लिए यह गौरव की बात : रीना कुमारी

जिला परिषद अध्यक्ष ने कहा कि आकांक्षी जिला अंतर्गत चयनित जिला होने के कारण यह अभियान आज प्रारंभ किया जा रहा है। हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हम सभी को इस अभियान का हिस्सा बनाया गया है। वर्ष 2018 में इस कार्यक्रम की शुरूआत हुई थी। नीति आयोग के इस कार्यक्रम में जिला के विकास के लिए कई योजनाएं सरकार के द्वारा दी जा रही है। हम सभी को इसका लाभ उठाना है ताकि जिला को आकांक्षी जिला से प्रेरक जिला की ओर हम ले जा सकें। हम सभी को स्वास्थ्य, शिक्षा, कृषि, स्वयंसहायता समूह, महिला एवं बाल विसा आदि विभागों में निर्धारित इंडिकेटर्स को सौ प्रतिशत हासिल करना है। कार्यक्रम में सांकेतिक रूप से पांच किसानों के बीच मृदा स्वास्थ्य कार्ड का वितरण किया गया। अतिथियों द्वारा स्टॉल का निरीक्षण किया गया और बाल विकास परियोजना के स्टॉल पर अन्न प्राशन कार्यक्रम संपन्न कराया गया। जिला जनसम्पर्क की ओर लोकनाथ लोहरा कला जत्था द्वारा निर्धारित इंडिकेटर्स पर प्रस्तुति भी दी गई।

### सभी क्षेत्र में संपूर्णता हासिल करना ही लक्ष्य : डीसी

उपायुक्त डॉ वाघमारे प्रसाद कृष्ण ने अभियान के शुभारंभ पर कहा कि केंद्र सरकार की यह योजना स्वास्थ्य, स्वयं सहायता, शिक्षा, कृषि, स्वयं सहायता समूह के क्षेत्र की बेहतरी के लिए शुरूआत की गई है। स्वास्थ्य विभाग अंतर्गत गर्भवती महिलाओं के दौरान प्रथम तीन माह बहुत ही महत्वपूर्ण होते हैं। ऐसे में उनकी प्रसव पूर्व जांच बहुत ही जरूरी है। इस बच्चों का स्वास्थ्य निर्भर करता है। गर्भवती महिलाओं का प्रसव पूर्व जांच के लिए रजिस्ट्रेशन, उन्हें पूरक आहार समय पर दिया जाना अतिमहत्वपूर्ण चरण है। इसके बाद जब बच्चे का जन्म होता है तो उसका 9 से 12 माह तक की उम्र में सभी टीकारण जो निर्धारित हैं, वे महत्वपूर्ण हैं। इन टीकों के कारण वह बच्चा किसी गंभीर बीमारी की चपेट में नहीं आता है। 10-20 वर्ष पहले पोलियो भारत देश में था लेकिन अब टीकाकरण के कारण यह देश से समाप्त हो चुका है। किसानों को अपने मिट्टी का स्वास्थ्य जानना बहुत जरूरी होता है क्योंकि किसान की फसल का उत्पादन इसी पर निर्भर है। मिट्टी में किस तत्व की कमी है यह मिट्टी जांच से पता चलता है और उसी के बाद उपचार किया जाता है। हमारा लक्ष्य सौ फीसदी किसानों को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देना है।

# रोटी, माटी और बेटी की सुरक्षा सबसे बड़ा मुद्दा : अमर बाउरी

▸ *हुल आंदोलन के 50हजार आदिवासियों के बलिदान को अपमानित किया है हेमंत सोरेन सरकार ने*



**नवीन मेल संवाददाता**

**राजमहल।** नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने शनिवार को राजमहल विधानसभा के कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम एवम विजय संकल्प सभा को संबोधित किया। बाउरी ने कहा कि कार्यकर्ता का सम्मान ही पार्टी का सम्मान है। उन्होंने राजमहल विधानसभा क्षेत्र के बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। बाउरी ने इस अवसर कर विजय संकल्प सभा को संबोधित करते हुए राज्य सरकार पर बड़ा हमला बोला। उन्होंने कहा कि संथाल परगना की धरती हुल क्रांति की धरती है जिसमे शहीद सिदो-कान्हू के नेतृत्व में 50 हजार से भी अधिक आदिवासी भाई बहनों से अपनी संस्कृति, सम्मान की रक्षा के लिए बलिदान दिए।

उन्होंने कहा कि आज संथाल परगना घुसपैठियों की धरती बन गई है। आदिवासी समाज के जमीन पर घुसपैठिए कब्जा कर रहे। लव जिहाद, लैंड जिहाद चरम पर है। उन्होंने कहा कि सीएनटी, एसपीटी एक्ट की सुरक्षा की बात करने वाले झामुमो को बताना चाहिए कि इतने कब्रिस्तान किस एक्ट के तहत बन गए। उसकी घेराबंदी किस कानून के तहत हो गई जब भूमि का हस्तांतरण हो ही नही सकता, नेचर नही बदला जा सकता तो फिर ये सब कैसे हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार को विकास की चिंता नहीं। आदिवासी की चिंता नहीं। घुसपैठियों की चिंता है। यह सरकार तुष्टिकरण और वोट बैंक में आकंठ डूबी है। उन्होंने कहा कि पड़ोसी राज्य पश्चिम बंगाल से घुसकर गुंडे हमला कर रहे और यह सरकार आंख मूंदकर समर्थन कर रही।

## एक नजर

### भाकपा माओवादियों का कोल्हान बंद 10 जुलाई को

**पश्चिमी सिंहभूम।** भाकपा माओवादी की दक्षिणी जोनल कमेटी ने 10 जुलाई को कोल्हान प्रमंडल बंद का आह्वान किया है। दक्षिणी जोनल कमेटी ने कहा है कि आपरेशन कगार के तहत झारखंड पुलिस और अर्द्धसैनिक बलों ने लोवादा में ऑपरेशन क्लीन चलाकर हमारे छह साथियों का नरसंहार किया है। इसके खिलाफ 10 जुलाई को 24 घंटे का कोल्हान प्रमंडल बंद बुलाया गया है। भाकपा माओवादियों ने प्रेस विज्ञप्ति में कहा है कि 23 मई को लोवादा गांव के पास जंगल में कामरेड बुधराम सहित तीन सदस्यीय टीम की पुलिस के साथ मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में जब कामरेड बुधराम को पैर में गोली लगा तो वे चलने में असमर्थ हो गये। पुलिस ने कामरेड बुधराम को घायल अवस्था में पकड़ कर बर्बरता के साथ शारीरिक यातना देने के बाद सिर में गोली मारकर उनकी हत्या कर दी और वे शहीद हो गये।

### टाटा स्टील में क्रेन से गिरकर कर्मचारी की मौत

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील के कोल्ड रोलिंग मिल (सीआरएम) के एक कर्मचारी की प्लांट के भीतर ही क्रेन से गिर जाने से मौत हो गई। मृतक जमशेदपुर के कदमा थाना क्षेत्र का रहने वाला नरेश प्रसाद (32) है, जो टाटा स्टील के सीआरएम विभाग में स्थाई कर्मचारी था। बताया जाता है कि नरेश प्रसाद क्रेन ऑपरेटर था और क्रेन पर चढ़ रहा था। इसी दौरान वह अचानक गिर गया। गिरने की वजह से बुरी तरह घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही सुरक्षा विभाग की टीम ने नरेश प्रसाद को टीएमएच अस्पताल पहुंचाया। जांच के बाद वहां के चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। इस घटना की सूचना परिजनों को दे दी गई है। मामले की उच्चस्तरीय जांच शुरू कर दी गई है।

## भाजपा ने मनाई श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123वीं जयंती, संगोष्ठी का किया आयोजन

**गिरिडीह।** भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की 123 वीं जयंती पर गिरिडीह में भी विभिन्न स्थानों पर कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें नमन किया गया। वहीं स्व. मुखर्जी की जयंती पर शनिवार को भाजपा गिरिडीह जिला कमिटी द्वारा हरिचक स्थित कार्यालय में भी एक संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में बतौर मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनय कुमार सिंह शामिल रहे। मौके पर संगोष्ठी की शुरूआत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर माल्यार्पण और पुष्प अर्पित कर किया गया। इसके बाद प्रदेश कार्यसमिति सदस्य बिनय कुमार सिंह ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जीवनी पर प्रकाश डाला। इस दौरान उन्होंने कहा कि आज के युवा पीढ़ी को उनसे प्रेरणा लेकर देश सेवा की भावना पैदा करनी चाहिए। संगोष्ठी में भाजपा पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी, जिलाध्यक्ष महादेब दूबे, दिलीप वर्मा, मुनिया देवी, प्रो. विनीता कुमारी, चुन्नूकान्त, लक्ष्मण स्वर्णकार, यदुनंदन पाठक समेत कई भाजपा नेता व काफी संख्या में कार्यकर्त्ता मौजूद थे।

## छापेमारी में बालू लदा एक हाइवा तथा एक ट्रैक्टर जब्त

**धनबाद।** जिला खनन टास्क फोर्स ने शनिवार को एक बार फिर कार्रवाई की है। शनिवार सुबह तीन बजे से सात बजे तक टीम ने छापेमारी की गई। इसमें बालू लदा एक हाइवा तथा एक ट्रैक्टर भी जब्त किया गया है। चालक वाहन छोड़कर फरार हो गए। खनन टास्क फोर्स से मिली जानकारी के अनुसार टीम ने राजगंज एवं बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में अवैध खनन एवं परिवहन रोकने को चला विशेष जांच अभियान चलाया। अभियान में राजगंज थाना क्षेत्र से एक बालू लदा हाइवा और बरवाअड्डा थाना क्षेत्र में एक बालू लदा ट्रैक्टर जब्त किया गया। जांच में वाहन में परिवहन चालान भी नहीं मिला। छापामारी करने वाली टीम को देखते ही दोनों वाहनों के चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गए।

## स्कूल वाहन और पिकअप में आमने सामने की टक्कर, दर्जनों बच्चे घायल

**नवीन मेल संवाददाता**



**गिरिडीह।** जिले के जमुआ-कोडरमा मुख्य मार्ग के पेटहंडी पेट्रोल पम्प के पास शनिवार को स्कूल के बच्चों को लेकर जा रहे टाटा मैजिक वाहन और मछली लोड पिकअप वैन में आमने-सामने की जोरदार टक्कर हो गयी। टक्कर में स्कूल के बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हें स्थानीय ग्रामीणों की मदद से आनन-फानन में जमुआ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। इस दौरान प्राथमिक उपचार के बाद 4 बच्चों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें धनबाद रेफर किया गया है। वहीं अन्य बच्चे कुछ स्थानीय निजी नर्सिंग होम तो कुछ को गिरिडीह लाए जाने की सूचना है। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। वाहन की रफ़्तार इतनी तेज थी टक्कर के बाद पलट गया। घटना के बाद वैन चालक मौके से फरार हो गया। बताया गया कि घायल बच्चे जमुआ स्थित इम्पेरियल स्कूल ऑफ लर्निंग में पढ़ते हैं। घटना की सूचना पर तत्काल घायल बच्चों के परिजन भी दौड़ते भागते अस्पताल पहुंचे और सभी का इलाज करवाने में जुट गए। घटना में 4 बच्चों की स्थिति गंभीर है। वहीं घटना की सूचना पर स्थानीय थाना पुलिस मौके पर पहुंची और वाहन को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई में जुट गयी। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार मछली लोड पिकअप वाहन काफी तेज रफ्तार में था जिसके कारण यह घटना घटित हुई है। घायल बच्चों में दिलीप यादव का पुत्र माही यादव, राम मल्लिक का पुत्र मो.अली, फिरदौस, मुकेश कुमार का पुत्र आर्यन कुमार, तरुण कुमार का पुत्र अरविन्द कुमार, कौसर अली का पुत्र हुसान राजा इमाम अंसारी का पुत्र मो. मिस्टर, मो. सिराज अंसारी का पुत्र अमन अंसारी आदि घायल है।

## नीति आयोग की ओर से संचालित संपूर्णता अभियान का किया शुभारंभ

**नवीन मेल संवाददाता**




**गिरिडीह।** समाहरणालय सभागार कक्ष में उप विकास आयुक्त, सदर अनुमंडल पदाधिकारी, सिविल सर्जन, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी समेत अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलित कर नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान का शुभारंभ किया। इस दौरान उप विकास आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने सभी पदाधिकारियों और कर्मियों को लक्ष्य प्राप्ति के लिए शपथ दिलाया। इस दौरान उप आयुक्त दीपक कुमार दूबे ने कहा कि नीति आयोग द्वारा आकांक्षी जिला एवं प्रखंड कार्यक्रम अन्तर्गत संकेतक वार संतृप्ति के निमित्त 09 संकेतक का चयन करते हुए संबंधित क्षेत्रों में परिपूर्णता हेतु तीन माह का 'सम्पूर्णता अभियान' प्रारंभ करने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने कहा कि नीति आयोग भारत सरकार की अति महत्वपूर्ण योजना है। नीति आयोग के 112 आकांक्षी जिलों में गिरिडीह भी एक जिला तथा प्रखंडों में जमुआ प्रखंड चयनित है। इसके तहत जिले एवं जमुआ प्रखंड में विभिन्न गतिविधियों का संचालन किया जा रहा है। नीति आयोग द्वारा संचालित तीन माह का सम्पूर्णता अभियान के तहत इंडिकेटर वाइज सैचुरेशन के निमित्त सभी 09 इंडिकेटर्स में प्रगति करने की आवश्यकता है। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को एक्शन प्लान तैयार कर समन्वय स्थापित करते हुए सभी इंडिकेटर में प्रगति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। कार्यक्रम के दौरान सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्रीकांत या विसुप्त ने कहा कि नीति आयोग द्वारा संचालित संपूर्णता अभियान एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। जिसके तहत नीति आयोग के सभी मानकों में प्रगति सुनिश्चित की जानी है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्णता अभियान के तहत तीन माह का कार्य योजना तैयार कर रोस्टर के अनुरूप प्रत्येक दिन का गतिविधि का संचालन करें एवं निर्धारित लक्ष्य को हर हाल में पूर्ण करना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम में सिविल सर्जन, डॉ एसपी मिश्रा ने कहा कि नीति आयोग के तहत सभी 09 मानकों में प्रगति लाने हेतु 3 महीनों का संपूर्णता अभियान निर्धारित किया गया है।

## 30 किमी पीछाकर अवैध शराब लदे कार को पुलिस ने पकड़ा

**नवीन मेल संवाददाता**



**तिसरी।** थाना पुलिस और उत्पाद विभाग की टीम ने फिल्मी स्टाइल में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब लोड वाहन को जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार तिसरी थाना प्रभारी संजय नायक को एक कार में अवैध शराब लोड कर बिहार जाने की गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी। जिसके बाद तिसरी व लोकाय थाना की पुलिस और उत्पाद विभाग ने जाल बिछा रखा था। हालांकि पुलिस द्वारा बिछाये गए जाल की भनक शराब माफियाओं को लग गई और लोकाय के पास से पुलिस को देख शराब माफिया कार लेके उल्टे पांव भागने लगे। जिसके बाद पुलिस ने उनका पीछा किया इस दौरान तिसरी चौक पर भी उन्हें पकड़ने का प्रयास किया गया, लेकिन तस्कर तेज रफ्तार में कार लेके घंघरीकुरा की ओर भागने लगा। तिसरी पुलिस ने लगभग 30 किमी तक उस कार का पीछा किया। इस दौरान भंडारी और लक्ष्मीपुर गांव में स्थानीय लोगों ने उसे रोकने के लिए सड़क पर चौकी और मोटरसाइकल लगाया लेकिन माफिया उसमें भी टक्कर मारते हुए निकल गए। इसके बावजूद पुलिस ने उसका पीछा नहीं छोड़ा। फिल्मी स्टाइल में अपराधियों की कार आगे - आगे भाग रही थी तो पुलिस उनका पीछा कर रही थी। यह सब देख के लग रहा था कि मानो किसी फिल्म। की शुटिंग हो रही हो।


**कार्यालयः- अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी,पलामू**
**Email:- acmopalamu2017@gmail.com**

**आवश्यक सूचना**

राष्ट्रीय अंधापन नियंत्रण कार्यक्रम अन्तर्गत पलामू जिले को विभागीय स्तर से मोतियाबिन्द ऑपरेशन के लिए प्रद्त लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि हेतु गैर सरकारी संस्थानों से MOU किया जाना है।

अतः अनुरोध है कि MOU के लिए सक्षम गैर सरकारी संस्थान अपना–अपना आवेदन अद्योहस्ताक्षरी कार्यालय में समर्पित करें। MOU हेतु अहर्ता से संबंधित सूचना कार्यालय के सूचना पट पर प्रकाशित किया गया है।

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, पलामू

PR 328832 District(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।**
**अतिअल्पकालिन निविदा सं0–01 / 2024–25**

1 विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग।
2 विज्ञापन दाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।
3 परिमाण विपत्र की बिक्री की तिथि एवं समय :– 18/07 /2024 को (पूर्वाह्न 10:00 बजे से अपराह्न 01:00 बजे तक)
4 मुहरबंद निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 19/07 /2024 को अपराह्न 03:00 बजे तक।
5 मुहरबंद निविदा प्राप्ति खोलने की तिथि एवं समय :– 19/07 /2024 को 03:00 बजे अपराह्न से।
6 परिमाण विपत्र की बिक्री का स्थान :– 1. कार्यपालक अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, गढ़वा द्वारा प्रतिनियुक्त, पदाधिकारी द्वारा कार्यालय परिसर में।
7 निविदा प्राप्ति एवं खुलने का स्थान :– क्रमांक–6 के क्र0सं0–1 के स्थान पर।
8 कार्य का विवरणः–

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | *E/R to Gopniye Office in Campus of S.D.O. Residence at Garhwa.* | ₹ 2,25,400/- | ₹4,600/- | ₹ 500/- | 07 दिन |
| 2 | *E/R to Earth filling in Civil Court Garhwa.* | ₹ 2,20,900/- | ₹ 4,500/- | ₹ 500/- | 07 दिन |
| 3 | *E/R to PDJ Court at Garhwa.* | ₹ 2,49,700/- | ₹ 5,000/- | ₹ 500/- | 07 दिन |
| 4 | *E/R to D.C. Chamber at Garhwa* | ₹ 2,49,300/- | ₹ 5,000/- | ₹ 500/- | 07 दिन |

निविदा की शर्तें **www.jharkhand.gov.in** एवं कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।
नोटः– **Updated Character PAN, GST Return File Latest,** पंजीकरण प्रमाण–पत्र की स्वअभिप्रमाणित छायाप्रति अनिवार्य रूप से जमा करने के पश्चात ही निविदा पत्र निर्गत किया जायेगा।

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, गढ़वा।

PR 328893 Building(24-25)D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा**

**शुद्धि–पत्र**

ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा के अन्तर्गत मुख्यमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत् ई–निविदा संख्या–19/RI/2024-25/RWD/CHATRA, दिनांक–21.06.2024 (Identification No.-RWD/CHATRA/STPKG/ 18/2023-24), जिसकी प्राप्ति की अंतिम तिथि 18.07.2024 है तथा **P.R. No.** 327599 **RURAL DEPARTMENT(24-25):D** से प्रकाशित 06 अदद् पथों के सुदृढ़ीकरण कार्यों को अगले आदेश तक अपरिहार्य कारणवश स्थगित किया जाता है।

PR 328865 Rural Work Department(24-25).D

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग,कार्य प्रमण्डल, चतरा

**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
Email:-nphussainabad@gmail.com
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा निकाली गयी निविदा UDHD/NPH/06/2023-24,PR No– 319698 को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

प्रशासक, नगर पंचायत हुसैनाबाद।

PR 328846 District(24-25)D

**कार्यालय नगर पंचायत हुसैनाबाद**
**Email:-nphussainabad@gmail.com**
**आवश्यक सूचना**

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत हुसैनाबाद के द्वारा निकाली गयी निविदा UDHD/NPH/07/2023-24,PR No–320668 को अपरिहार्य कारणों से रदद् किया जाता है।

प्रशासक, नगर पंचायत हुसैनाबाद

PR 328845 District(24-25).D

**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, गढ़वा**
सहिजना मोड़, गढ़वा (झारखण्ड) पिन नं0 822114
Email : eedwsd.garhwa1@gmail.com

**अतिअल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना संख्या–DWSD/GAR-RM-02 / 2024–25**
**(द्वितीय सूचना)** दिनांक–04.07.2024

1- विभाग का नाम :– पेयजल एवं स्वच्छता विभाग, झारखण्ड, रांची
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियन्ता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा
3- परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति की तिथि :– 08-07.2024 को 12-30 बजे अपराह्न से
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 13.07.2024 को 03-30 बजे अपराह्न तक
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 13-07.2024 को 04.30 बजे अपराह्न में
6. परिमाण विपत्र (BOQ) प्राप्ति का स्थान :– विभागीय वेबसाइट dwsd.jharkhand.gov.in/Office of the Executive Engineer, D.W.&S. Division, Garhwa से प्राप्त किया जाना है।
7. निविदा प्राप्ति का स्थान :– (1) कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा। (2) अधीक्षण अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता अंचल, मेदिनीनगर।
8. निविदा खोलने का स्थान :– कार्यपालक अभियन्ता का कार्यालय, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।
9. कार्य का नाम :– नलकूपों के साधारण मरम्मति कर चालू करने का कार्य (स्पेयर पार्ट्स की आपूर्ति प्रमंडल स्तर से की जायेगी)
10. कार्य का विवरण :–

| क0 | प्रखण्ड का नाम | ग्रुप संख्या | नलकूपों की सं0 (अनुमानित) | प्राक्कलित राशि (रू0 में) | अग्रधन की राशि (रू0 में) | परिमाण विपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | गढ़वा एवं डंडा | GAR/RM-01 | 200 Nos. | 1,84,119.00 | 4,000.00 | 500.00 | 03 Months |

नोट– (i) निविदा की प्राक्कलित राशि घट–बढ़ सकती है, तत्पश्चात अग्रधन की राशि देय होगा।
(ii) निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी विभागीय वेबसाईट dwsd.jharkhand.gov.in तथा कार्यालय के सूचना पटट से प्राप्त किया जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, गढ़वा।

PR 328820 (Drinking Water and Sanitation) 24-25 (D)

पत्रांक–................................/
**झारखण्ड सरकार**
**श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग,**
**प्राचार्य का कार्यालय, औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।**
Email :principalitidtg@gmail.com

**प्रधानमंत्री नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला सूचना**

RDSDE झारखण्ड रांची के माध्यम से **औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज में दिनांक–08.07.2024 (दिन सोमवार)** को PM नेशनल अप्रेन्टिसशिप मेला 10:00 बजे पूर्वाह्न में आयोजित किया गया है, जिसमें राज्य के निबंधित MSME/Manufacturing Sector/Service Sector एवं अन्य प्रतिष्ठान/उपक्रम, तकनीकी प्रशिक्षणार्थियों (आई0टी0आई0/ डिप्लोमा/ इंजीनियरिंग/Short Term Skill etc.) एवं गैरतकनीकी छात्रों(5वीं से स्नात्तक आदि) का **अप्रेन्टिसशिप पोर्टल https://www.apprenticeshipindia.gov.in/** पर पंजीयन कराया जाएगा एवं आवश्यकतानुसार प्रतिष्ठानों द्वारा अप्रेन्टिसशिपों का चयन किया जायेगा।

उक्त अप्रेन्टिसशिप मेला में अभ्यर्थी अपने सभी **शैक्षणिक योग्यता, तकनीकी योग्यता, आधार कार्ड, जाति प्रमाण–पत्र, बैंक पासबुक एवं पासपोर्ट साईज फोटो के साथ पहूँच कर पंजीयन करा सकते है।**

अतः पलामू जिला अंतर्गत 18 वर्ष से अधिक सभी बेरोजगार अभ्यर्थी इस सुनहरे अवसर का लाभ उठायें एवं अपने भविष्य को सँवारें एवं रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में अहम कदम बढ़ायें।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहींह ोगा।

**अप्रेन्टिसशिप मेला में भाग लेने वाले नियोक्ता एवं बेरोजगार अभ्यर्थियों को मेला स्थल पर Covid-19 के अंतर्गत सरकार द्वारा जारी अद्यतन SOP के तहत मॉस्क एवं सेनेटाईजर का प्रयोग के साथ Social Distance का पालन करना अनिवार्य है।**

**नोटः**–अप्रेन्टिसशिप मेला की विस्तृत जानकारी हेतु औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, छत्तरपुर, हुसैनाबाद, सतबरवा, डालटनगंज एवं जिला नियोजन कार्यालय, पलामू से प्राप्त की जा सकती है।

जिला नियोजन पदाधिकारी, पलामू
–सह–
निकासी एवं व्ययन पदाधिकारी,
औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, डालटनगंज।

PR 328843 (District) 24-25 (D)

**कार्यालय मेदिनीनगर नगर निगम**
ज्ञापांक................../ दिनांक..................
**आम सूचना**

मेदिनीनगर नगर निगम में जमीन से संबंधित कार्यो के लिए एक अनुभवी अमीन की आवश्यकता है। जिनकी शैक्षणिक योग्यता मैट्रिक उत्तीर्ण एवं अमानत उत्तीर्ण हो। पलामू जिला निवासी को प्राथमिकता दी जायेगी। जिसकी उम्र अधिकतम 40 वर्ष का हो वैसे इच्छुक उम्मीदवार अपना आवेदन दिनांक 15.07.2024 तक सभी कागजातो सहित कार्यालय में जमा कर सकते है अथवा डाक द्वारा आवेदन भेज सकते है। डाक द्वारा/हाथो–हाथ अन्तिम तिथी तक कार्यालय में प्राप्त आवेदन को ही स्वीकार किया जायेगा। सेवा निवृत अमीन के लिए उम्र सीमा 61 से 65 वर्ष तक का हो आवेदन के साथ आधार कार्ड, पैन कार्ड (यदि हो तो) पासपोर्ट साईज फोटो, शैक्षणिक योग्यता तथा अनुभव प्रमाण–पत्र संलग्न करना है। यह पद पुर्ण रूप से अस्थाई/अनुबंध पर एक वर्ष के लिए होगी। एक वर्ष तक किये गये कार्यो का आक्कलन के पश्चात् ही सक्षम पदाधिकारी के द्वारा अवधि विस्तारित करने पर विचार किया जायेगा। कार्य में कोताही/अनियमिता पाये जाने पर बिना कारण बताये सेवा समाप्त कर दिया जायेगा। चयनित उम्मीदवार को निगम के कोष से मो0– 15,000/- रूपये प्रतिमाह मानदेय का भुगतान किया जायेगा। आवेदन पत्र का प्रारूप कार्यालय सूचना पट्ट एवं सामाचार पत्र में देखा जा सकता है। दो लिफाफा (42 रूपये का डाक टिकट सहित) जमा करना अनिवार्य होगा।

नोट :– आवेदन हाथो हाथ या निबंधित डाक द्वारा नगर आयुक्त, मेदिनीनगर नगर निगम, कचहरी कैम्पस, मेदिनीनगर नगर निगम के पते पर भेजी जा सकती है।

आवेदन का प्रारूप

1. पदनाम :– ..............................
2. आवेदक का नाम (बड़े एवं साफ अक्षरों में) :– ..............................
3. पिता/पति का नाम :– ..............................
4. स्थायी पता :– ..............................
5. वर्त्तमान पता :– ..............................
6. मोबाईल नं0 :– ..............................
7. जन्म तिथि :– ..............................
8. सूचना निर्गत तिथि को उम्र :– ..............................
9. आधार नम्बर :– ..............................
10. पैन कार्ड (यदि हो तो) :– ..............................
11. शैक्षणिक योग्यता :– ..............................

हाल का अभिप्रमाणित फोटोग्राफ

आवेदक का हस्ताक्षर

ह0/–
नगर आयुक्त –सह– प्रशासक
मेदिनीनगर नगर निगम

PR 328830 District(24-25).D

राजनीति

## नेपाल में पवित्र गठबंधन



प्रो. श्याम सुंदर भाटिया

**पड़ोसी** मुल्क नेपाल में सियासी लुका-छिपी का खेल बरसों-बरस से जारी है। हिमालयी राष्ट्र के लोकतंत्र का दुर्भाग्य यह है, शटल कॉक की मानिंद सियासत अस्थिर है। इधर सोलह वर्षों का सियासी लेखा-जोखा टटोला जाए तो नेपाल में पुष्प कमल दहल प्रचंड की अल्पमत सरकार को हटाकर शेर बहादुर देउबा और केपी शर्मा ओली का नया गठबंधन अब सत्तारूढ़ होने की तैयारी में है। प्रचंड सरकार में शामिल सीपीएन-यूएमएल के आठ मंत्रियों ने इस्तीफा देकर अपनी मंशा साफ कर दी है, वे अब इस सरकार का संवैधानिक हिस्सा नहीं हैं। इससे पूर्व नेपाली कांग्रेस के मुखिया शेर बहादुर देउबा और सीपीएन-यूएमएल के सुप्रीमो केपी शर्मा ओली ने मिलकर नेपाल में बारी-बारी से सरकार बनाने का फैसला लिया है। ओली गुट के वजीरों के सामूहिक त्यागपत्र के बाद नेपाल में 2022 से काबिज प्रचंड की सरकार अलविदा होने की स्थिति में है। नेपाल में नया गठबंधन कब काबिज होगा, भारत समेत पूरी दुनिया की नजर इस पर रहेगी। यह राजनीतिक बदलाव चंद घंटों या चंद दिनों में संभव है, क्योंकि प्रधानमंत्री प्रचंड का साफ कहना है, वह इस्तीफा नहीं देंगे, जबकि प्रचंड गुट के मुताबिक प्रचंड सरकार विश्वास मत का सामना करेगी। नेपाली संवैधानिक प्रावधानों के अनुसार, नेपाली संसद में बहुमत होने वाले प्रधानमंत्री को 30 दिनों के भीतर बहुमत सिद्ध करना होता है। नेपाली संविधान के अनुच्छेद 76(2) के अनुसार तत्कालीन राष्ट्रपति बिद्या देवी भंडारी ने 25 दिसंबर 2022 को सीपीएन-मायोवादी सेंटर के मुखिया पुष्प कमल दहल प्रचंड को प्रधानमंत्री नियुक्त किया। प्रचंड ने 26 दिसंबर को नेपाल के प्रधानमंत्री पद की शपथ ली थी। यह महज संयोग था या इसके भी कुछ सियासी मायने हैं, यह सियासी टीकाकारों के मूल्यांकन का विषय है। इस दिन आधुनिक चीन के संस्थापक माओत्से तुंग की 130वीं जयंती थी। चीन ने प्रचंड के प्रधानमंत्री बनने पर सबसे पहले न केवल खुशी का इजहार किया, बल्कि लंबे समय से जारी सीमा विवाद को निपटाकर उन्हें रिटर्न गिफ्ट भी दे दिया। संसद में तीसरी सबसे बड़ी पार्टी के नेता के तौर पर उभरे प्रचंड को इस पद पर गंभीर दावेदार नहीं माना जा रहा था। इस चुनाव में नेपाली कांग्रेस 89 सीटों पर कब्जा करके सबसे बड़ी पार्टी बन गई। नेपाल में 276 सीटों वाले सदन में बहुमत के लिए 138 सीटें हासिल करना अनिवार्य है। सीपीएन-यूएमएल के खाते में 78 सीटें आईं, जबकि प्रचंड की पार्टी को महज 32 सीटों पर ही सफलता मिली। केवल 32 सीट जीतने के बावजूद प्रचंड गठबंधन सरकार में प्रधानमंत्री के पद पर काबिज हो गए। प्रचंड को नेपाल के सबसे बड़े विजयी दल- नेपाली कांग्रेस का साथ मिल गया। यह बेमेल गठबंधन अंततः 15 मार्च 2022 को टूट गया। सियासत के चतुर खिलाड़ी प्रचंड ओली की पार्टी के बूते सरकार बचाने में सफल रहे। करीब-करीब दो साल में वह तीसरी बार सत्ता परिवर्तन होने जा रहा है। काठमांडू पोस्ट के मुताबिक नई सरकार में डेढ़ साल तक केपी शर्मा ओली पीएम बनेंगे, जबकि बचे हुए कार्यकाल पर शेर बहादुर देउबा प्रधानमंत्री बनेंगे। पेंडुलम की मानिंद नेपाली सियासी दंगल में हार न मानने वाले प्रधानमंत्री प्रचंड अंत तक सरकार बचाने की जुगत में रहे। उन्होंने इस सियासी संक्रमण काल से उबरने के लिए पहली जुलाई को आपात बैठक बुलाई, लेकिन राजनीतिक हवा को भांपते हुए अंतिम क्षणों में इस बैठक को निरस्त कर दिया। अंततः गठबंधन सरकार को बचाने की सारी कवायद विफल हो गई। इस्तीफा न देने पर अड़े हताश एवं निराश प्रचंड को नेपाली कांग्रेस के प्रवक्ता डॉ. प्रकाश शरण सलाह देते हैं, बदलते सियासी परिवेश के चलते अल्पमत में आई प्रचंड सरकार को खुद इस्तीफा देने की पहल करनी चाहिए, ताकि नेपाल में नए गठबंधन की सरकार स्थापित हो सके। नेपाल में यूं तो संसदीय लोकतंत्र का शंखनाद 1951 में हो गया था, लेकिन इसे नेपाली राजशाही ने 1960 और 2005 में निलंबित कर दिया। 2008 में धर्मनिरपेक्ष गणराज्य की स्थापना के साथ ही दुनिया की अंतिम राजशाही का अंत हो गया।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# कोलेस्ट्रॉल का बढ़ रहा खतरा, स्वास्थ्य को चौपट कर देगा



ललित गर्ग



**देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुा बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। कोलेस्ट्रॉल की पहचान के लिए लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराना चाहिए। शरीर में लिपिड का लेवल कितना हो इसके लिए भारत की अपनी पहली गाइडलाइन बनाई गई है। कोलेस्ट्रॉल का बेहतर ढंग से इलाज दिल की बीमारियों कम कर सकता है।**

***स्वास्थ्य*** के मोर्चे पर भारत का अनेक खतरों से रू-ब-रू होना चिन्ता में डाल रहा है। बढ़ती शारीरिक निष्क्रियता के साथ मधुमेह एवं उच्च रक्तचाप जैसे रोग दबे पांव इंसानों को घेर कर बड़ी चुनौतियां बन रहे हैं, जिन्हें बड़े खतरों के रूप में देखा जाना चाहिए। इन्हीं बढ़ते खतरों के बीच देश में कोलेस्ट्रॉल एक नई स्वास्थ्य चुनौती बनकर उभरा है। कार्डियोलॉजिकल सोसायटी ऑफ इंडिया की 22 सदस्यीय समिति ने अब अधिक कोलेस्ट्रॉल की वजह से होने वाले डिस्लिपिडेमिया को लेकर जो दिशा-निर्देश जारी किए हैं, वे इसी मायने में महत्वपूर्ण एवं स्वास्थ्य के मोर्चे पर गंभीर हैं। शरीर का यह ऐसा विकार है, जिसका पता अक्सर खुद उसके शिकार को भी नहीं चल पाता, क्योंकि अक्सर इसके कोई स्पष्ट लक्षण नहीं दिखाई देते। नतीजा यह होता है कि वह धीरे-धीरे हृदय रोग और गंभीर स्थितियों में हृदयाघात जैसी समस्याओं की ओर बढ़ता जाता है। बहरहाल, इस संगठन ने भारत के बारे में जो आंकड़े दिए हैं, वे डराने वाले हैं। देश की 81 फीसदी आबादी में कोलेस्ट्रॉल का स्तर सुरक्षित सीमा से काफी ज्यादा मिला है, यानी चुपचाप होने वाले इस शारीरिक विकार का खतरा देश की आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से पर मंडरा रहा है। कोलेस्ट्रॉल की पहचान के लिए लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराना चाहिए। शरीर में लिपिड का लेवल कितना हो इसके लिए भारत की अपनी पहली गाइडलाइन बनाई गई है। कोलेस्ट्रॉल का बेहतर ढंग से इलाज दिल की बीमारियों का खतरा कम कर सकता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल बढ़ना बेहद खतरनाक होता है। इससे कई तरह की गंभीर शारीरिक समस्याएं हो सकती हैं। आज जितनी भी नई-नई बीमारियां उभर रही है, उसका कारण असंतुलित एवं सुविधावादी जीवनशैली है। डिस्लिपिडेमिया को जीवन शैली से जुड़ी समस्या माना जाता है। कहा जाता है कि इस समस्या के मूल में आर्थिक समृद्धि के कारण लोगों की खान-पान, नशा एवं उन्मुक्त जीवनशैली है। देर रात को सोना एवं सुबह देर से उठना, ना खाने का समय, ना शरीर को तपाने की कोई पद्धति। फास्ट-फूड के आधुनिक दौर में अब हमारे भोजन में ज्यादा शर्करा, ज्यादा कार्बोहाईड्रेट और ज्यादा वसा होने के कारण यह समस्या तेजी से बढ़ रही है। निश्चित ही यह यह रोग अमीर लोगों में ज्यादा देखने को मिलता है, लेकिन बड़ी समस्या यह है एक बड़ी आबादी इसकी गिरफ्त में आ गयी है। वह गरीब आबादी जो देश में आज मुफ्त अनाज पर निर्भर है। इसलिये बहुसंख्यक लोगों में इस रोग के पनपने एवं शारीरिक समस्या के लिए सिर्फ हम जीवनशैली को दोषी नहीं ठहरा सकते। यही वजह है कि भारतीय स्थितियों में इस समस्या के प्रसार के अभी और गहन एवं गंभीर अध्ययन की जरूरत है। इस बढ़ते खतरे को समय पर नियंत्रित नहीं किया गया तो भारत बीमारों का देश बन जायेगा। भारत में डिस्लिपिडेमिया की बीमारी तेजी से फैल रही है, जो एक साइलेंट किलर की तरह है। इस बीमारी के लक्षण तो नजर नहीं आते लेकिन यह धीरे-धीरे शरीर में अपनी जड़े जमाने लगती है और हार्ट अटैक जैसी खतरनाक बीमारियों का जोखिम बढ़ा देती है। निश्चित ही कोलेस्ट्रॉल को लेकर जो खबर आई है, वह बहुत अच्छी नहीं है। हालांकि, इसके पीछे की जो पहल है, उसकी तारीफ तो की ही जानी चाहिए। पहली बार देश में कोलेस्ट्रॉल को लेकर दिशा-निर्देश जारी हुए हैं। अभी तक जब देश के डॉक्टर मरीजों के कोलेस्ट्रॉल या सरल भाषा में कहें, तो शरीर में जमा हो गई चर्बी का इलाज करते थे या लोगों को लिपिड प्रोफाइल टेस्ट कराने की हिदायत देते थे, तो वे यह काम यूरोपियन सोसायटी ऑफ कार्डियोलॉजी के दिशा-निर्देश के तहत कर रहे होते थे। हार्ट अटैक को लेकर अक्सर ये कहा जाता रहा है कि डायबिटीज, हाइपरटेंशन, स्ट्रेस, तंबाकू सेवन, मद्यपान आदि के कारण हार्ट अटैक होते हैं, लेकिन इसके विपरीत भारत में हार्ट अटैक के लिए सबसे ज्यादा जिम्मेदार जो चीज देखी गई है, वह है डिस्लिपिडेमिया यानि लिपिड प्रोफाइल जो भारत में 80 फीसदी लोगों में नॉर्मल नहीं है और न ही लोगों को इसकी जानकारी ही है। विशेषज्ञ बताते हैं कि पश्चिमी देशों के मुकाबले भारत में पिछले 10 सालों में दिल का रोग बढ़ता गया है। इसका बड़ा कारण खानपान, खराब एवं असंतुलित हुई जीवनशैली, दैनिक शारीरिक गतिविधि में आई कमी सहित दूसरे कारण है। इस बढ़ते कोलेस्ट्रॉल को गंभीरता से लेना होगा। क्योंकि अभी भी हमारे देश में आबादी के एक बहुत बड़े हिस्से तक प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं नहीं पहुंच पाती हैं। बहुत सारी छोटी-छोटी मौसमी बीमारियों तक का इलाज, खासकर दूरदराज के अनेक ग्रामीण इलाकों में आज भी सहज उपलब्ध नहीं है और जहां प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच गई हैं, वहां भी शायद ही इस तरह की स्वास्थ्य-समस्या के इलाज की समुचित व्यवस्था होगी। इसलिए हमारे सामने जो चुनौती है, वह बहुत ज्यादा बड़ी है। इसी के साथ-साथ यह भी बहुत जरूरी है कि इस समस्या से बचाव के तरीकों का देश में पर्याप्त प्रचार-प्रसार हो। यह बहुत कठिन काम नहीं है। उदाहरण भी हमारे पास है। सही तरीके से प्रचार के कारण ही कोविड के दौर में बहुत बड़ी आबादी ने मास्क पहनने, सार्वजनिक दूरी बनाने, खानपान को संतुलित करने के उपक्रम शुरू कर दिए थे। कोलेस्ट्रॉल के इलाज को सर्वसुलभ बनाने के रास्ते भी हमें खोजने होंगे। हमारे देश की आधी आबादी शारीरिक रूप से सक्रिय नहीं है। भारत की जनता शारीरिक रूप से सक्रियता के मामले में दुनिया में 12वें नबंर पर है। द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ जर्नल के अनुसार हमारे देश में 57 फीसदी महिलाएं शारीरिक रूप से निष्क्रिय हैं। वहीं, इस सूची में पुरुष तकरीबन 42 फीसदी है। दुनिया की बड़ी चिन्ताओं में स्वास्थ्य प्रमुख है। सभी देशों में स्वास्थ्य की स्थिति सोचनीय एवं परेशान करने वाली है। वैज्ञानिक प्रगति, औद्योगिक क्रांति, बढ़ती आबादी, शहरीकरण तथा आधुनिक जीवन के तनावपूर्ण वातावरण के कारण शारीरिक एवं मानसिक रोगों में भारी वृद्धि हुई है। यह किसी एक राष्ट्र के लिये नहीं, समूची दुनिया के लिये चिन्ता का विषय है। अस्वास्थ्य वर्तमान युग की एक व्यापक समस्या है। चारों ओर बीमारियों का दुर्भेध घेरा है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# सार्थक संवाद की दृष्टि से निराशाजनक रहा लोकसभा का पहला सत्र



प्रो. संजय द्विवेदी

***राष्ट्रपति*** के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल था। भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ. राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ, वह संवाद की धारा को रोकने वाला है। इससे संसद विमर्श और संवाद का केंद्र नहीं अखाड़ा बन गयी। राष्ट्रपति के भाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर लोकसभा में जब नेता सदन और प्रधानमंत्री बोल रहे थे, उनके लगभग दो घंटे के भाषण में विपक्षी सदस्यों ने आसमान सिर पर उठा रखा था। लगातार नारेबाजी से उनका भाषण सुनना मुश्किल था। इसके विपरीत जब पहले दिन नेता प्रतिपक्ष बोल रहे थे, तो उनके भाषण में सत्तारूढ़ दल के प्रधानमंत्री सहित तीन मंत्रियों ने हस्तक्षेप किया। नेता प्रतिपक्ष को बताया गया कि वे सदन के पटल पर गलत तथ्य न रखें। यह दोनों स्थितियां भारतीय राजनीति में बढ़ते अतिवाद को स्पष्ट करती हैं, जहां संवाद संभव नहीं है। लोकसभा अध्यक्ष पर नेता प्रतिपक्ष द्वारा की गई अनावश्यक टीका-टिप्पणी को भी इसी संदर्भ में देखा जाना चाहिए। नेता प्रतिपक्ष की गलत बयानी के लिए बाद में सत्तारूढ़ दल के वक्ता अपने भाषणों में उनके भाषण की चीरफाड़ कर सकते थे। किंतु शीर्ष स्तर से लगातार हस्तक्षेप ने नेता प्रतिपक्ष का मनोबल बढ़ा दिया। वे सत्ता पक्ष को उत्तेजित करने में सफल रहे और पहले दिन के मीडिया विमर्श में उन्हें 'सक्रिय नेता प्रतिपक्ष' घोषित कर दिया गया। सेकुलर मीडिया के सेनानियों ने उन्हें 'मैन आफ द मैच' घोषित कर दिया। जाहिर है लंबे समय से गंभीर राजनेता की छवि बनाने के लिए आतुर राहुल गांधी के लिए यह अप्रतिम समय था। किंतु पहले दिन की वाह वाही अगले दिन ही धराशाई हो गई जब प्रधानमंत्री के भाषण में दो घंटे तक नारेबाजी चलती रही। देश की जनता दोनों तरह की अतियों के विरुद्ध है। सदन की गरिमा को बचाने के लिए राजनीतिक दलों को कुछ ज्यादा उदार होना चाहिए। लोकसभा के प्रथम सत्र से निकली छवियां बता रही हैं कि आगे भी सब कुछ सामान्य नहीं रहने वाला है। किंतु संसद को अखाड़ा, चौराहे की चर्चा के स्तर पर ले जाने के लिए किसे जिम्मेदार माना जाए? यह ठीक बात है कि सदन चलाना सरकार की जिम्मेदारी है, किंतु सदन में सार्थक और प्रभावी विमर्श खड़ा करना विपक्षी दलों की भी जिम्मेदारी है। अब जबकि विपक्ष अपनी बढ़ी संख्या पर मुग्ध है तो क्या उसे संसदीय मर्यादाओं को छोड़कर अराजकता का आचरण करना चाहिए? सच तो यह है कि सदन के इस तरह चलने से सत्तारूढ़ दल का ही लाभ है। बिना बहस और चर्चा के कानून इसीलिए पास होते हैं क्योंकि संसद का ज्यादातर समय हम विवादों में खर्च कर देते हैं। संसदीय परंपरा रही है कि हर नयी सरकार को प्रतिपक्ष कम से कम छः माह का समय देता है। उसके कार्यक्रम और योजनाएं का मूल्यांकन करता है। पहले दिन से ही सदन को अराजकता की ओर ढकेलना उचित नहीं कहा जा सकता। अपनी लंबी संसदीय प्रणाली में भारत ने अनेक संकटों का समाधान किया है। हमारे संसदीय परंपरा का मूलमंत्र है संवाद से संकटों और समस्याओं का समाधान खोजना। संसद इसी का सर्वोच्च मंच है। यह प्रक्रिया नीचे पंचायत तक जाती है। इससे सहभागिता सुनिश्चित होती है, सुशासन का मार्ग प्रशस्त होता है। संसद से नीचे के सदनों विधानसभा सभाओं, विधान परिषदों, नगरपालिका, नगर निगमों और पंचायतों को भी सांसदों का आचरण ही रास्ता दिखाता है। लोकसभा के पहले सत्र का लाइव प्रसारण देखते हुए हर संवेदनशील भारतीय जन को ये दृश्य अच्छे नहीं लगे हैं। संसदीय मयार्दाओं और परंपराओं की रक्षा हमारे सांसद गण नहीं करेंगे तो कौन करेगा? संसदीय राजनीति के शिखर पर बैठे दायित्ववान सांसदों की यह बहुत बड़ी जिम्मेदारी है कि वे अपने आचरण से इस महान संस्था का गौरव बढ़ाने में सहयोगी बनें। नफरतों, कड़वाहटों और संवादहीनता से 'राजनीति' तो संभव है पर 'राष्ट्रनीति' हम न कर पाएंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

**भारतीय संसद अपनी गौरवशाली परंपराओं, विमर्शों और संवाद के लिए जानी जाती है। प्रथम प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू ने लोकतांत्रिक बहसों को प्रोत्साहित किया और अपने प्रतिपक्ष के नेताओं डॉ. राममनोहर लोहिया, श्यामा प्रसाद मुखर्जी, अटल बिहारी वाजपेयी से लेकर पीलू मोदी तक को मुग्ध भाव से सुना। राष्ट्र प्रेम ऐसा कि चीन युद्ध के बाद गणतंत्र दिवस की परेड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के स्वयंसेवकों को आमंत्रित कर उनकी राष्ट्रभक्ति को सराहा। किंतु लोकसभा के प्रथम सत्र में जो कुछ हुआ, वह संवाद की धारा को रोकने वाला है।**

लोकतंत्र

## लेकिन राहुल गांधी ने मर्यादा तोड़ दी



हृदय नारायण दीक्षित

***लोकसभा*** में प्रतिपक्ष के नेता राहुल गांधी ने हिन्दुओं को हिंसक कहा है। इस वक्तव्य पर अखिल भारतीय प्रतिक्रिया हो रही है। नेता प्रतिपक्ष से सदन की मर्यादा और अतिरिक्त शालीन व्यवहार की अपेक्षा रहती है। लेकिन राहुल ने मर्यादा तोड़ दी। वे प्रधानमंत्री को संसदीय परंपरा के अनुसार माननीय नहीं कहते। वे उन्हें 'नरेंदर मोदी' कहते हैं। वे संभवतः यह बात भी नहीं जानते कि संसदीय व्यवस्था में नेता प्रतिपक्ष का पद बेहद सम्माननीय होता है। ब्रिटिश संसदीय परम्परा में वह 'गवर्नमेन्ट इन वेटिंग' कहा जाता है। कमाल है कि वे भारतीय उपमहाद्वीप के अभिजनों की विश्ववरेण्य हिन्दू संस्कृति से अपरिचित हैं। हिन्दू उन्हें हिंसक दिखाई पड़ते हैं। हिन्दू समाज व्यवस्था का मूलभूत तत्व लोककल्याण है। हिन्दू भारत की प्रकृति और संस्कृति के संवाहक हैं। यह भारत के लोगों की जीवनशैली है। हिन्दू जीवनशैली में सभी विश्वासों के प्रति आदर भाव है। हिन्दुत्व समग्र दार्शनिक अनुभूति है। लेकिन भारतीय राजनीति के आख्यान में हिन्दू तत्व के अनेक चेहरे हैं। उग्र हिन्दुत्व, साम्प्रदायिक हिन्दुत्व आदि अनेक विशेषण मूल हिन्दुत्व पर आक्रामक हैं। हिंसक हिन्दुत्व राहुल ने जोड़ा है। अंग्रेजी भाषान्तर में हिन्दुत्व को हिन्दुइज्म कहा जाता है। इज्म विचार होता है। विचार 'वाद' होता है। वाद का प्रतिवाद भी होता है। पूंजीवाद-कैप्टलिज्म है। समाजवाद सोशलिज्म है। इसी तरह कम्युनिज्म है। अंग्रेजी का हिन्दुइज्म भी हिन्दूवाद का अर्थ देता है। लेकिन हिन्दुत्व हिन्दूवाद नहीं है। हिन्दुत्व समग्र मानवीय अनुभूति है। आस्तिकता हिन्दू जीवन की मूल प्रकृति है। हिन्दू होना परिपूर्ण लोकतंत्री होना है। हिन्दू सभी विचारों का आदर करते हैं। हिन्दू धर्म वैदिक धर्म का विकास है। हिन्दू होना भारतीय जीवन शैली है। इस्लाम और ईसाईयत पंथ हैं। वे भारत के बाहर विकसित हुए। भारत में उनका परिचय हिन्दू धर्म से हुआ। हिन्दुओं के लिए भी इस्लाम व ईसाईयत सर्वथा नए विश्वास थे। भारतीय जनता का एक हिस्सा इस्लाम व ईसाईयत को भी धर्म कहता है। लेकिन हिन्दू धर्म ईसाईयत या इस्लामी पंथिक विश्वास जैसा नहीं है। ईसाईयत और इस्लाम में एक ईश्वर, एक देवदूत या पैगम्बर और एक पवित्र पुस्तक के प्रति विश्वास की धारणा है। हिन्दू धर्म किसी एक पवित्र पुस्तक या देवदूत से बंधा नहीं है। कुछ विद्वान भारत में सभी धर्मों में समन्वय की बातें करते हैं। वे इस्लाम और ईसाईयत को भी धर्म कहते हैं। सच यह नहीं है। पंथ, मत, मजहब और रिलीजन अनेक हैं। धर्म एक है। इसे सनातन धर्म भी कहते हैं। इसे वैदिक धर्म भी कहते हैं। भारत में धर्म और धार्मिक विकास की यात्रा मजेदार है। यहां दर्शन और वैज्ञानिक विवेक का जन्म पहले हुआ और धर्म संहिता का विकास बाद में। जिज्ञासा और प्रश्नाकुलता हिन्दू दर्शन की विशेषता है। यहां साधारण हिन्दू भी आस्था पर प्रश्न करते हैं और संवाद भी। प्रश्नाकुलता और उदारता हिन्दू समाज की बड़ी पूंजी है। सबके प्रति बंधुभाव हिन्दू की प्रकृति है। ऐसा उदार हिन्दू समाज हिंसक नहीं हो सकता। हिन्दू विचार में प्रकृति शाश्वत है। प्राकृतिक नियम शाश्वत होते हैं। प्रकृति सुंदर है। आनंदरस से भरी पूरी है। यह सत्य है। शिव है। कल्याणकारी है। इसी शिव और सुंदर का संवर्द्धन हम सबका कर्तव्य है। यह प्रतिपल सृजनशील है। नया आता है। अरुण होता है। तरुण होता है। गृह नक्षत्र सुनिश्चित नियम में गतिशील रहते हैं। प्रकृति के गोचर प्रपंचों में हिंसा नहीं है। वैदिक पूर्वजों ने प्रकृति के संविधान को 'ऋत' कहा है। ऋत वैज्ञानिक अनुभूति है और हिन्दू प्रतीति है। हिन्दू दृष्टि में प्रकृति की शक्तियां उपास्य हैं। इन्द्र, अग्नि, पृथ्वी, पर्जन्य, मरुत, रूद्र आदि अनेक वैदिक देवता हैं। वरुण देवता प्राकृतिक नियमों के संरक्षक-ऋताव हैं। हिन्दू विश्वास में देवता भी नियम पालन करते हैं। मरुत वायुदेव भी नियमानुसार गतिशील ऋतजाता हैं । हिन्दू आस्तिकता में किसी भी शक्तिशाली मनुष्य या देवता को नियम पालन न करने की छूट नहीं है।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

# भारतीय कूटनीति नजरिए से कितना अहम है ब्रिटेन का सत्ता परिवर्तन



डॉ. रमेश ठाकुर



**लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला।**

***ब्रिटेन*** में बेशक कड़ाके की ठंड पड़ रही हो, लेकिन आम चुनाव के परिणाम ने अचानक मौसम को गरमा दिया है। वहां राजनीति इतिहास का नया पन्ना लिखा जाएगा, क्योंकि सियासत की नई सुबह का आगाज हुआ है। चुनाव का ऐसा रिजल्ट, जिसकी कल्पना तक किसी ने नहीं की थी। सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ने भी नहीं सोचा होगा। ब्रिटेनवासियों ने एकतरफा फैसला विपक्ष के हक में सुना डाला। चुनाव में विजय हासिल करने वाली लेबर पार्टी ने ब्रिटेन के सियासी इतिहास में पूर्व में जीत के सभी रिकॉर्ड तोड़ डाले। रिजल्ट देखकर पार्टी प्रमुख कीर स्टार्मर फूले नहीं समा रहे। आखिर उनका सपना जो सच हो रहा है। प्रधानमंत्री का ताज उनके सिर पर सजेगा। ब्रिटेन की नेशनल असेंबली में अभी तक वह नेता विपक्ष की भूमिका में थे। विपक्ष के तौर पर उन्होंने जो जनकल्याणी मुद्दे कुरेदे। उनको देशवासियों ने पसंद किया। चुनावी समर में उन्होंने जनता से जो जमीनी वादे किए, उन्हें देश के मतदाताओं ने सिर आंखों पर उठाया। जनता ने आंख मूंदकर विश्वास किया। फिलहाल उन सभी वादों को पूरा करने की जिम्मेदारी अब नए सरताज के कंधों पर है। चुनौतियां हजार हैं, लेकिन उन्हें खुद पर उम्मीद है कि चुनौतियों का सामना कर लेंगे। भारत के लिहाज से ऋषि सुनक की हार अच्छी नहीं है, क्योंकि प्रधानमंत्री रहते उनका मंदिरों में जाना, पूजा-अर्चना करना, हिंदू-हिंदुत्व की बातें करना, ये सब सनातनी प्रचार का हिस्सा माना जाता था। शायद ऐसा करना उनके लिए नुकसानदायक साबित हुआ हो। ब्रिटेन में बड़ी संख्या में भारतीय मूल के लोग रहते हैं। अफसोस इस बात का है कि उन्होंने भी ऋषि सुनक से किनारा कर लेबर पार्टी को वोट किया। भारतीयों ने ऋषि सुनक को क्यों नकारा इसकी समीक्षा लंदन से लेकर भारत में खूब हो रही है। प्रधानमंत्री ऋषि सुनक बेशक अपनी संसदीय नॉर्थलेरटन सीट से जीते हों। पर, बहुत कम अंतर से? उनकी समूची पार्टी बुरी तरह से हारी है। विपक्ष की ऐसी सुनामी जिसमें मानो सत्तापक्ष असहाय होकर बह गया हो। ऋषि सुनक भी मात्र 23,059 वोटों से ही जीते हैं। वरना, शुरूआती रुझानों में उनकी भी हालत पतली थी। दो राउंड तक पीछे रहे। ताज्जुब वाली बात ये है कि नॉर्थलेरटन वह क्षेत्र है, जहां सुनक स्वयं रहते हैं और भारतीयों की संख्या भी अच्छी-खासी है। बाकायदा उनके घर मंगलवार को हनुमान चालीसा का पाठ होता है, लोग शामिल होते हैं। इसके अलावा भारतीय तीज-त्यौहारों पर लोगों को जुटना होता हैं। ऐसे मौकों पर तरह-तरह के भारतीय व्यंजन पकते हैं। पर वो लोग और समर्थक भी उनसे छिटक गए। ऋषि के ज्यादातर मंत्री और पार्टी के वरिष्ठ प्रमुख नेता भी चुनाव में चित हो गए। कइयों की तो जमानत भी जब्त हुई हैं। ब्रिटेन और भारत के मौजूदा चुनाव ने एक बात यह बता दी है कि मतदाताओं के मिजाज को पढ़ना अब आसान नहीं। कोई नेता या दल इस मुगालते में न रहे कि फला समुदाय या मतदाता उनका है। बहरहाल, ब्रिटेन में चुनाव नतीजे एग्जिट पोल के मुताबिक ही रहे। कुल सीटें 650 हैं जिनमें एग्जिट पोल में लेबर पार्टी को 410 सीट मिलने का अनुमान था। नतीजों को लेबर पार्टी चमत्कार मान रही है। जैसे, दिल्ली विधानसभा चुनाव नतीजों को देखकर खुद अरविंद केजरीवाल हक्के-बक्के रह गए थे। लेबर पार्टी ने 650 सीटों में से 400 पार के साथ 14 साल बाद प्रचंड वापसी की है। ब्रिटेन में चार जुलाई को आम चुनाव हुए थे। चुनावी मुद्दे कुछ ऐसे थे, जिनमें ऋषि सुनक घिर गए थे। दो प्रमुख मसले जिसमें पहला कोरोना में व्यवस्थाओं का चरमराना, वहीं दूसरा देश की अर्थव्यवस्था का ग्राफ नीचे खिसक जाना। इन दोनों मुद्दों को लेबर पार्टी ने अपना चुनावी कैंपेन बनाया था। भारत के साथ मित्रता और देशवासियों के हितों की अनदेखी करने का मुद्दा भी चुनाव में खूब उछला। ब्रिटेन की नई हुकूमत के साथ हमारे संबंध कैसे होंगे? इस सवाल के अलावा बड़ा सवाल यह भी है कि आखिर भारतीयों का सुनक के प्रति मोहभंग हुआ क्यों? ऋषि के भारतीय मूल के होने पर प्रवासी भारतीयों को उन पर गर्व होता था। पर, जब वोटिंग का समय आया, तो ऐसा प्रतीत हुआ कि भारतीयों ने इमोशनल एंगल की जगह बदलने के लिए मतदान किया। दरअसल इसे कंजर्वेटिव पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार के 14 साल के शासन से उपजी निराशा मानी जा रही है। वैसे, दिल पर लेने की जरूरत इसलिए भी नहीं है, राजनीति में हार-जीत कोई बड़ी बात नहीं। बदलाव होते रहते हैं और होने भी चाहिए। किसी एक व्यक्ति या दल के पास सत्ता की चाबी ज्यादा समय तक जनता रखना भी नहीं चाहती। हमारे यहां संपन्न लोकसभा चुनाव में भी दुनिया ने चमत्कारी बदलाव देखें। हालांकि, प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने हार स्वीकार करते हुए लंदन वासियों से माफी मांगते हुए लेबर पार्टी के नेता कीर स्टार्मर को दिल खोलकर बधाई दी है। राजनीतिक लोगों में ऐसे नैतिकता हमेशा रहनी चाहिए। लेबर पार्टी की यह जीत उम्मीदों को सच करने वाली, अभिलाषाओं को जीवित करने वाली और नए इतिहास और संविधान को स्थापित करने वाली है। नई सरकार पर उम्मीदों का पहाड़ है। चरमराई अर्थव्यवस्था को फिर से पटरी पर लाने की चुनौती के अलावा विभिन्न देशों के साथ संबंध सुधारने की परीक्षा भी है। लेबर पार्टी को सरकार को नए किस्म के आतंकवाद से निपटना, अमेरिका की बिना वजह दखलदांजी को रोकना, ऊर्जा स्त्रोतों को स्थानीय स्तर पर खोजना, गैस और प्राकृतिक संसाधनों का उत्सर्जन करना, यूक्रेन-रूस युद्ध के बाद बिगड़े कई मुल्कों से संबंधों को फिर से नई धार देना भी होगा। भारत के साथ मधुर हुए संबंधों को यथावत रखना किसी चुनौती से कम नहीं होगा। हालांकि स्टॉर्मर ने अपने पहले विजयी भाषण में सिर्फ अपने मुल्कवासियों को संदेश दिया है। उन्होंने कहा है कि 'मैं आपकी आवाज बनूंगा, आपका साथ दूंगा, हर दिन आपके लिए लडूंगा। उनके कहे उन शब्दों पर जनता ने खूब तालियां बजाई हैं। लंदन का एक तिहाई समर्थन उनके पक्ष में है। इस जनादेश और जनसमर्थन को सहेजना भी कठिन परीक्षा जैसा रहेगा।

**(ये लेखक के निजी विचार है।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाईं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI. 61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 । प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, गढ़वा कार्यालय : मेन रोड, गढ़वा-822114, फोन : 9430164580, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com
(*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

# हाथरस भगदड़ का मुख्य आरोपी हुआ गिरफ्तार

एजेंसी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश पुलिस ने हाथरस में एक 'सत्संग' में हुई भगदड़ के मुख्य आरोपी देव प्रकाश मधुकर को गिरफ्तार कर लिया है। भगदड़ में 121 लोगों की जान चली गई थी, जिनमें ज्यादातर महिलाएं थीं। पुलिस ने एफआईआर में मुख्य सेवादार मधुकर को मुख्य आरोपी बनाया है। इससे पहले, मधुकर के बारे में सूचना देने वाले को एक लाख रुपये का इनाम देने की घोषणा की गई थी। पुलिस ने भगदड़ के सिलसिले में छह लोगों की गिरफ्तारी के एक दिन बाद मधुकर को गिरफ्तार किया। ये सभी छह लोग सत्संग आयोजन समिति के सदस्य थे। भगदड़ दो जुलाई को स्वयंभू संत और उपदेशक नारायण साकार हरि उर्फ 'भोले बाबा' के सत्संग के दौरान हुई थी। एफआईआर के अनुसार, कार्यक्रम में 2.50 लाख से अधिक लोग शामिल हुए थे, जबकि प्रशासन ने केवल 80 हजार लोगों को ही अनुमति दी थी। एफआईआर के अनुसार, सत्संग आयोजकों ने बाबा के अनुयायियों की चप्पलें और अन्य सामान पास के खेतों में फेंक कर कार्यक्रम में मौजूद लोगों की वास्तविक संख्या को छिपाने की कोशिश की। ऐसा बताया जा रहा है कि भगदड़ तब मची जब कई श्रद्धालु उपदेशक के पैरों की मिट्टी लेने के लिए दौड़े थे। उनका मानना था कि इससे उनकी सभी बीमारियां ठीक हो सकती हैं।



## नोएडा में भी भोले बाबा की संपत्ति की तलाश शुरू

**नोएडा।** भोले बाबा की पूरे उत्तर प्रदेश में अलग-अलग जगह पर कई संपत्तियां है। अब इन संपत्तियों का पता लगाया जाने लगा है। इसी कड़ी में नोएडा प्राधिकरण भी नोएडा स्थित भोले बाबा की संपत्तियों की तलाश में जुट गया है। जानकारी के अनुसार इसकी एक रिपोर्ट बनाकर शासन को भेजी जाएगी शासन से मिले दिशा निर्देश के अनुसार प्राधिकरण आगे की कार्रवाई करेगा। हाथरस हादसे के बाद से ही भोले बाबा गायब था। शनिवार को उसका एक वीडियो सामने आया है जिसमें उसने घटना पर शोक व्यक्त किया है। बाबा के कई जिलों में बड़े और भव्य आलीशान आश्रम है। ट्रस्ट के नाम पर मैनपुरी, कासगंज, आगरा, कानपुर और ग्वालियर में कई बड़े आश्रम है।

## गरीबों को 'भोले बाबा' जैसे बाबाओं के बहकावे में नहीं आना चाहिए : मायावती



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की पूर्व मुख्यमंत्री और बसपा सुप्रीमो मायावती ने शनिवार को लोगों को सलाह दी कि वे अपने दुखों को दूर करने के लिए हाथरस के भोले बाबा जैसे अनेकों और बाबाओं के अंधविश्वास व पाखंडवाद के बहकावे में न आएं। मायावती ने कहा, बाबा साहेब डा. भीमराव अम्बेडकर के बताए हुए रास्तों पर चलकर इन्हें सत्ता खुद अपने हाथों में लेकर अपनी तकदीर खुद बदलनी होगी। इन्हें अपनी पार्टी बीएसपी से ही जुड़ना होगा, तभी ये लोग हाथरस जैसे काण्डों से बच सकते हैं, जिसमें 121 लोगों की हुई मृत्यु अति-चिन्ताजनक है।

## हाथरस की घटना से सबक लेकर श्रावणी मेले में भीड़ प्रबंधन पर खास जोर

**पटना।** भगवान महादेव को अति प्रिय माने जाने वाले श्रावण महीने की शुरूआत 22 जुलाई से होने वाली है। इस महीने की शुरूआत के साथ ही प्रदेश के 14 स्थानों पर श्रावणी मेला शुरू हो जाएगा। इसी बीच हाथरस की घटना से सबक लेते हुए सरकार ने भीड़ नियंत्रण प्रबंधन पर खास ध्यान देने के लिए अधिकारियों को आदेश दिए हैं। भागलपुर के सुल्तानगंज से प्रतिदिन हजारों कावड़िया पवित्र गंगा से जल लेकर देवघर बाबा बैद्यनाथ धाम जाते हैं। यहां भीड़ नियंत्रण प्रबंधन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। भागलपुर के जिलाधिकारी नवल किशोर चौधरी ने बताया कि इस साल भीड़ के मद्देनजर कांवड़ियों के आने-जाने के रास्ते की अलग-अलग रखने की व्यवस्था की जा रही है। प्रवेश और निकास अलग-अलग होगा। उन्होंने बताया कि मेला क्षेत्र में किसी नाले का ढक्कन खुला न रहे, इसको लेकर भी निर्देश दिए गए हैं। अगर स्लैब में कोई दिक्कत है, तो लोहे की मजबूत सीट ही ऊपर डाल दी जाए, ताकि कोई दुर्घटना न हो सके।

## एक नजर

### पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय की हालत गंभीर आईसीयू में भर्ती



**कोलकाता।** पूर्व रेल मंत्री मुकुल रॉय की हालत गंभीर हो गई है। कुछ दिनों पहले अपने निवास पर गिरने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अस्पताल के एक अधिकारी ने शनिवार को बताया कि रॉय अभी भी अस्पताल के आईसीयू में हैं और उनकी स्थिति पर डॉक्टर लगातार निगरानी रख रहे हैं। तृणमूल कांग्रेस के संस्थापक सदस्य रहे मुकुल रॉय, 2017 में भाजपा में शामिल हुए थे और 2021 विधानसभा चुनाव में कृष्णानगर उत्तर निर्वाचन क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर विजयी हुए थे। हालांकि, बाद में उन्होंने तृणमूल कांग्रेस में वापसी कर ली थी। अधिकारी ने बताया, रॉय की हालत गंभीर है। हमारे डॉक्टर उनकी हालत पर चौबीसों घंटे नजर रख रहे हैं।

### तेलंगाना में बीआरएस का एक और विधायक कांग्रेस में शामिल



**हैदराबाद।** बीआरएस को शनिवार को एक और झटका लगा। पार्टी का एक और विधायक कांग्रेस में शामिल हो गया। इससे एक दिन पहले बीआरएस के विधान परिषद के छह सदस्य कांग्रेस में शामिल हो गए थे। गडवाल विधानसभा क्षेत्र के विधायक बंदला कृष्ण मोहन रेड्डी ने मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी की मौजूदगी में कांग्रेस की सदस्यता ले ली। मुख्यमंत्री ने विधायक का पार्टी में स्वागत किया। कृष्ण मोहन सीएम रेवंत रेड्डी के गृह जिले महबूबनगर के गडवाल विधानसभा क्षेत्र से चुने गए हैं।

# किसी भी दशा में बख्शे न जाएं जमीन कब्जाने वाले : योगी

एजेंसी

**गोरखपुर।** यूपी के सीएम योगी आदित्यनाथ ने अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं कि किसी की जमीन पर अवैध कब्जा करने वाले भूमाफिया और कमजोरों को उजाड़ने वाले दबंग किसी भी दशा में बख्शे न जाएं। सीएम ने कहा है कि उनके खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर से कठोर कानूनी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। सरकार का संकल्प है कि किसी के भी साथ अन्याय नहीं होने दिया जाएगा।

सीएम ने जमीन कब्जा करने के मामलों में तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। सीएम ने शनिवार को गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की समस्याएं सुन रहे थे। बारिश के कारण मंदिर परिसर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन



*भूमाफिया के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति का अनुसरण करते हुए कठोर कार्रवाई सुनिश्चित करें*

में कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक वह खुद पहुंचे और एक-एक करके, इत्मीनान से सबकी समस्याएं सुनीं। करीब 400 लोगों से मुलाकात कर उन्होंने सबको आश्वस्त किया कि उनके रहते किसी के साथ नाइंसाफी नहीं होगी। जनता दर्शन में कुछ महिलाओं ने भूमाफिया और दबंगों द्वारा जमीन कब्जा करने की शिकायत की। इस पर सीएम ने कहा कि भूमाफिया को करारा सबक सिखाया जाएगा। उनके रहते कोई भी किसी कमजोर या गरीब को उजाड़ नहीं पाएगा। सीएम ने पास में मौजूद प्रशासन व पुलिस के अफसरों को निर्देशित किया कि जबरन जमीन कब्जा करने वालों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त विधिक कार्रवाई करें। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए सीएम ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़े एस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए।

# बिहार में वज्रपात से 24 घंटे में 9 की मौत

## सीएम नीतीश ने किया मुआवजे का ऐलान

एजेंसी

**पटना।** बिहार के विभिन्न जिलों में पिछले 24 घंटों के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से नौ लोगों की मौत हो गई। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मृतकों के आश्रितों को चार-चार लाख रुपये अविलंब अनुग्रह अनुदान देने का निर्देश दिया है। आपदा प्रबंधन विभाग के मुताबिक, पिछले 24 घंटे के दौरान वज्रपात की चपेट में आने से जहानाबाद में तीन और मधेपुरा में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि पूर्वी चंपारण, रोहतास, सारण तथा सुपौल में एक -एक व्यक्ति को जान गंवानी पड़ी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इन घटनाओं पर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आपदा की



इस घड़ी में वे प्रभावित परिवारों के साथ हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को शनिवार को ही चार-चार लाख रुपये अनुग्रह अनुदान देने के निर्देश दिये हैं। मुख्यमंत्री ने लोगों से अपील की है कि सभी लोग खराब मौसम में पूरी सतर्कता बरतें। खराब मौसम होने पर वज्रपात से बचाव के लिये आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा समय-समय पर जारी किये गये सुझावों का अनुपालन करें। खराब मौसम में घरों में रहें और सुरक्षित रहें।

## न्यूज बॉक्स

### अररिया में मास्टर साहब को उनके सहकर्मी से मिला जबरन शादी कराने की धमकी




**फारबिसगंज/अररिया।** शादियों का सीजन है और नौकरी वाले लड़का ओर वो भी सरकारी स्कूल का मास्टर साहब हो तो और अति उत्तम है जिसका आज की तारीख में सबसे अधिक डिमांड है। यही कारण है कि कुंवारों शिक्षकों पर शादी का दबाव बढ़ गया है। इतना ही नहीं अब तो जबरन शादी के लिए धमकी भी दी जा रही है। सीमांचल के अररिया में एक ऐसा ही मामला प्रकाश में आया है जहाँ एक शिक्षक को जबरन शादी कराने की धमकी दी गई है। वही, इस मामले के सामने आने के बाद शिक्षा विभाग भी काफी हैरान है। दरअसल, मामला अररिया के चिकनी गैरा उच्च माध्यमिक विद्यालय का है। शिक्षक आशीष गौरव ने सहयोगी टीचर और ग्रामीणों द्वारा अपहरण कर जबरन शादी कराने की धमकी मिलने की शिकायत की है। वही, शिक्षक की इस शिकायत पर शिक्षा विभाग ने कड़ा एक्शन लिया है शिक्षा विभाग ने मामले को गंभीरता से लेते हुए आरोपी शिक्षकों राजकिशोर, लक्ष्मण, शाहीन परवीन, जहांआरा को चेतावनी देते हुए स्पष्टीकरण मांगा है और शिक्षा विभाग ने मामले में आरोपी शिक्षकों को चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर शिक्षक के साथ भविष्य में ऐसी कोई घटना होती है तो उसके लिए जिम्मेदार आप लोग ही होंगे।

### नाव पर वाहन के साथ सवार लोग, जान जोखिम में डालकर पार कर रहे गंगा नदी



**पटना।** बिहार में लगातार बारिश के कारण राजधानी पटना में कई जगह जलभराव हो गया है, जिसकी वजह से आम जीवन अस्त व्यस्त हो गया है। गंगा नदी भी उफान पर है। नदी में तेज बहाव की वजह से पीपा पुल बंद कर दिया गया, जिसके कारण पटना और राघोपुर दियारा का संपर्क टूट गया। पीपा पुल बंद होने से अब आलम यह है कि पटना से राघोपुर जाने-आने वाले लोगों को अब मौत की सवारी करनी पड़ रही है। लोगों को इसके लिए नाव का सहारा लेना पड़ रहा है। वो अपनी जान को जोखिम में डाल रहे हैं। लोग अपने साथ ऑटो, रिक्शा और बाइक जैसे वाहनों को भी नाव पर लादकर ले जा रहे हैं। नाव चालक मोटी रकम कमाने के चक्कर मे लोगों की जिंदगी के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं। नाव की क्षमता से अधिक लोगों को बैठाकर गंगा नदी पार कराया जा रहा है। वहीं इस मामले पर जिलाधिकारी चंद्रशेखर कुमार ने कार्रवाई करने की बात कही है।

### मदमहेश्वर में अस्थाई पुल नदी में समाया, आवाजाही बंद



**रुद्रप्रयाग/मदमहेश्वर।** उत्तराखंड में मानसून ने आते ही अपना रंग दिखाना शुरू कर दिया है। पहाड़ से लेकर मैदान तक हर तरफ तबाही है। प्रदेश में सभी नदियां, नाले, बरसाती नाले इस समय लगातार हो रही भारी बारिश से उफान पर हैं। नदियों का जलस्तर खतरे के निशान पर पहुंचता जा रहा है। रुद्रप्रयाग में भी मंदाकिनी नदी का जलस्तर लगातार हो रही भारी बारिश से बढ़ रहा है। द्वितीय केदार मदमहेश्वर में भारी बारिश के चलते अब यात्रा प्रभावित हो रही है। भारी बारिश के कारण मदमहेश्वर जाने वाले पुल पर पानी आ गया है। इसके चलते यात्रियों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है और यात्रा भी प्रभावित हो रही है। मदमहेश्वर धाम के मुख्य पड़ाव गोंडार गांव से आगे बनतोली पुल में मधुगंगा नदी का जलस्तर तेजी से बढ़ गया। जिसके कारण यहां बना अस्थाई पुल इसकी चपेट में आ गया।

### हर किसी की अपनी धार्मिक आजादी होती है : फखरूल हसन



**लखनऊ ।** जमीयत उलेमा-ए-हिंद के एक प्रस्ताव पर समाजवादी पार्टी के नेता फखरूल हसन की प्रतिक्रिया सामने आई है। उन्होंने कहा, सबसे पहले आपको एक बात समझनी होगी कि हर किसी की अपनी धार्मिक आजादी होती है। अगर किसी का धर्म सूर्य नमस्कार की इजाजत नहीं देता है, तो आप उसे ऐसा करने के लिए बाध्य नहीं कर सकते। हालांकि, इसके लिए सभी धर्मों में अन्य विकल्प सुझाए गए हैं। अगर कोई सूर्य नमस्कार नहीं कर सकता, तो आसन कर सकता है। उन्होंने आगे कहा, इस तरह के मुद्दे पहले भी उठे हैं। यह राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक मुद्दा है, लेकिन इसे राजनीतिक मुद्दा बनाना गलत है। बता दें कि जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने प्रस्ताव पारित कर कहा था कि स्कूलों के अंदर हिंदू धार्मिक प्रथाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। जमीयत उलेमा-ए-हिंद ने स्कूलों में सरस्वती वंदना और सूर्य नमस्कार के खिलाफ भी प्रस्ताव पारित किया है।

### शहडोल : ट्रक और ऑटो की जोरदार टक्कर, एक ही परिवार के 4 की मौत

**शहडोल।** मध्य प्रदेश के शहडोल जिले में शुक्रवार देर रात एक भीषण सड़क हादसे में चार लोगों की मौत हो गई। हादसा बुढार में हुआ, जहां एक ट्रक ने ऑटो को जोरदार टक्कर मार दी। चारों मृतक एक ही परिवार के है। वहीं हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हुए है, जिन्हें ईलाज के लिए मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है। जानकारी अनुसार घटना बुढ़ार थाना क्षेत्र में शुक्रवार रात करीब दस बजे की है। यहां एनएच 43 के रुंगटा - पकरिया गांव के बीच अनूपपुर से शहडोल की ओर आ रहे ट्रेलर ट्रक और शहडोल से ओपीएम की ओर जा रहे ऑटो की आमने-सामने से भीषण भिड़ंत हो गई है। ऑटो में कुल 6 लोग सावर थे, जिसमें दो महिलाओं की मौके पर ही मौत हो गई ।

### मेडिकल बोर्ड के साथ केजरीवाल के परामर्श के दौरान सुनीता को मौजूद रहने की इजाजत नहीं



**नई दिल्ली।** दिल्ली के दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट ने तिहाड़ जेल अधिकारियों को दिल्ली के मुख्यमंत्री को मेडिकल बोर्ड के साथ परामर्श के मेडिकल रिकॉर्ड उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। अदालत ने सुनीता केजरीवाल को केजरीवाल को निर्धारित आहार से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए स्वतंत्र रूप से मेडिकल बोर्ड से संपर्क करने की अनुमति दी। साथ ही राऊज एवेन्यू कोर्ट ने शनिवार को सुनीता केजरीवाल को अरविंद केजरीवाल के चिकित्सा स्थिति की निगरानी के लिए एम्स द्वारा गठित मेडिकल बोर्ड के साथ उनके पति के परामर्श के दौरान उपस्थित होने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। प्रवर्तन निदेशालय द्वारा उनके खिलाफ दायर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में केजरीवाल 12 जुलाई तक न्यायिक हिरासत में हैं। मामले के सिलसिले में सीबीआई ने 26 जून को आप संयोजक को गिरफ्तार किया था। इससे पहले दिन में सुनीता केजरीवाल ने एक वीडियो संदेश में आरोप लगाया कि आप संयोजक एक 'गहरी साजिश' का शिकार थे और एक गवाह के झूठे बयान पर ईडी ने उन्हें गिरफ्तार किया था। उन्होंने कहा कि ईडी ने टीडीपी सांसद मगुंटा श्रीनिवासुलु रेड्डी के बयान के आधार पर अरविंद केजरीवाल को गिरफ्तार किया।

## आज का राशिफल

**मेष:** मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। धार्मिक कार्य में समय और धन व्यय होगा। अपना काम दूसरों के सहयोग से पूरा होगा। ले देकर की जा रही काम की कोशिश ठीक नहीं। पुराने मित्र से मिलन होगा।

**वृषभ:** समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बन रहा है। अपने हितैषी समझे जाने वाले ही पीठ पीछे नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। परिवारजन का सहयोग व समन्वय काम को बनाना आसान करेगा। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। स्वविवेक से कार्य करें।

**मिथुन:** हित के काम में आ रही बाधा मध्याह्न पश्चात दूर हो जाएगी। अपने काम आसानी से बनते चले जाएंगे। साथ ही आगे के लिए रास्ता भी बन जाएगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग। जीवन साथी अथवा यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। मनोरथ सिद्धि का योग है।

**कर्क:** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कार्यक्षेत्र में आगे बढ़ने में रुकावट का एहसास होगा। विरोधियों के सक्रिय होने की संभावना है। शुभकार्यों में अड़चनें व परिवार के बुजुर्ग-जनों से मतभेद रहेगा।

**सिंह:** मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश सफल होगी। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें।

**कन्या:** आत्मविश्वास बढ़ेगा। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। मांगलिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा।

**तुला:** अपने काम पर नजर रखिए। स्वास्थ्य लाभ में समय और धन व्यय होगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी।

**वृश्चिक:** पर-प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे।

**धनु:** कार्यक्षेत्र में संतोषजनक सफलता मिलेगी। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। पारिवारिक विवाद टालें। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। यात्रा से लाभ।

**मकर:** खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। निष्ठा से किया गया कार्य पराक्रम व आत्मविश्वास बढ़ाने वाला होगा। संतान-स्त्री पक्ष से लाभ होगा।

**कुम्भ:** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। खान-पान में सावधानी रखें। व्यापार में प्रगति होगी। अपने अधीनस्थ लोगों से कम सहयोग मिलेगा। भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। आय के योग बनेंगे। यात्रा का योग है।

**मीन:** जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। आलस्य का त्याग करें। पुरुषार्थ का सहारा लें। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में किसी मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा।

## जातीय हिंसा से झुलस रहे मणिपुर दौरे पर कल जाएंगे राहुल गांधी



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी आठ जुलाई को मणिपुर दौरे पर जाएंगे। पूर्वोत्तर का यह राज्य पिछले गई महीनों से हिंसा की आग में झुलस रहा है। राहुल गांधी वहां कांग्रेस नेताओं से भी मुलाकात करेंगे। इससे पहले वो हाथरस के दौरे पर गए थे। बीते दिनों हाथरस में बाबा साकार हरि के सत्संग में मची भगदड़ में सैकड़ों लोगों की जान चली गई थी। राहुल उन्हीं के परिजनों को सांत्वना देने हाथरस दौरे पर थे। इस बीच, उन्होंने केंद्र सरकार से पीड़ितों को मिलने वाली राशि को भी बढ़ाने का ऐलान किया था। वहीं, अब राहुल गांधी गुजरात गए हैं। हाथरस और अहमदाबाद के बाद राहुल गांधी ने मणिपुर जाने का ऐलान किया है।

# अगस्त तक सरकार गिरने के मुद्दे पर चिराग का लालू यादव पर तंज

एजेंसी

**पटना।** लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के प्रमुख और केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने



राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव के 'अगस्त में सरकार गिरने' के बयान पर जोरदार कटाक्ष करते हुए कहा कि ये यही कहते रहेंगे, इन्हें कार्यकर्ताओं को उलझाए रखना है। उन्होंने कहा कि पिछले पांच सालों में तैयारी नहीं कर पाए, अब करने जा रहे हैं। कितनी सीटों पर चुनाव लड़े और कितनी सीटें जीते, यह सबको पता है। अभी अगस्त में सरकार गिराएंगे, फिर आगे यही बोलते-बोलते पांच साल निकाल देंगे। चिराग ने कहा, मजबूती से अगले पांच साल तक सरकार चलेगी और अगले पांच साल में देश हित में कई बड़े ऐतिहासिक फैसले भी लिए जाएंगे, जिसमें एनडीए के सभी दलों का समर्थन होगा। एनडीए की सरकार मजबूती से चल रही है। उल्लेखनीय है कि राजद के 28वें स्थापना दिवस समारोह में लालू यादव ने कहा था कि अगस्त माह में केंद्र की एनडीए सरकार गिर जाएगी।

## लालू यादव पर बढ़ती उम्र का असर



*लालू* प्रसाद यादव ने कहा है कि अगस्त में केंद्र की एनडीए सरकार गिर जाएगी। उनके इस दावे पर बीजेपी नेता सुशील सिंह ने निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि लालू यादव की उम्र अब बढ़ती जा रही है। सामान्य रूप से उम्र का असर हर इंसान पर होता है। लालू यादव में भी यही देखने को मिल रहा है। उनके बयानों को गंभीरता से नहीं लिया जाना चाहिए। वहीं, जेडीयू नेता नीरज कुमार ने भी लालू प्रसाद यादव के बयान पर तंज कसते हुए कहा, न्यायपालिका द्वारा सजा मुकर्रर होने के बाद लालू प्रसाद यादव ने भविष्यवाणी करने का काम शुरू कर दिया है। अब लालू जी भविष्यवक्ता बन गए हैं। अब हम बिहार के आम लोगों से गुजारिश करना चाहेंगे कि वो अपनी जन्म टिप्पणी लेकर लालू के पास जाएं, वो आपको बताएंगे कि आपके भाग्य में क्या है। 2029 तक मोदी सरकार चलेगी और लालू प्रसाद यादव इसी तरह से लगातार तड़पते रहेंगे और भ्रष्टाचारी जेल की सलाखों तक जाते रहेंगे।

**उपलब्धि** वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में दर्ज हुआ नाम

# बीएचयू के छात्र ने बनाई पीएम मोदी की 8 एमएम की पेंटिंग

एजेंसी

**वाराणसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देश दुनिया में लाखों चाहने वाले हैं। खास तरह की पेंटिंग और पोट्रेट बनाकर लोग उनके प्रति अपना प्रेम और सम्मान भी व्यक्त करते हैं। ऐसी ही एक बेहद खास चित्रकारी पीएम मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी के रहने वाले सुनील कुमार मौर्या ने की है। बीएचयू के पीएचडी छात्र सुनील ने पीएम नरेंद्र मोदी की 8 एमएम की पेंटिंग बनाई है। सुनील ने बताया कि यह अब तक की सबसे छोटी पेंटिंग है। इसके साथ ही उसने वर्ल्ड ग्रेटेस्ट रिकॉर्ड में अपना नाम दर्ज करा लिया। उसने कहा कि पीएम मोदी तीसरी बार हमारे देश के प्रधानमंत्री बने हैं। इसलिए उनके सम्मान में मैंने यह पेंटिंग बनाई है। सुनील ने बताया कि उसे यह खास तरह की पेंटिंग बनाने की तैयारी में एक महीना का समय लगा, जिसके लिए उसने कड़ी मेहनत की। पहले उसने छोटी-छोटी पेंटिंग बनाकर इसकी खूब प्रैक्टिस की। इसके बाद लेंस की सहायता से उसने मिनटों में इस पेंटिंग को तैयार कर दिया।



### पेंटिंग शिक्षक पूनम ने किया प्रोत्साहित

प्रधानमंत्री की पेंटिंग बनाने के लिए उसको पेंटिंग टीचर पूनम राय ने प्रोत्साहित किया। टीचर ने बताया कि सुनील बहुत अच्छा छात्र है, उसकी पेंटिंग में बेहद रूचि है। उसके काम को देखकर लगता है कि वो देश के लिए बहुत अच्छा करेगा। टीचर ने कहा, मैंने उसको पीएम मोदी की पेंटिंग बनाने का टास्क दिया था, जिसको उसने बखूबी पूरा किया। इसके लिए उसने कड़ी मेहनत की। उसने एक बेहतरीन रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। मैं चाहूंगी कि सुनील प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आगामी जन्मदिन 17 सितंबर के अवसर पर उन्हें यह पेंटिंग भेंट करे।

## भाजपा कार्यकर्ता, पत्नी और बेटे पर हमले के बाद दक्षिण 24 परगना में तनाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में दक्षिण 24 परगना जिले के सोनारपुर इलाके में शनिवार को उस समय तनाव फैल गया जब एक स्थानीय भाजपा कार्यकर्ता, उनकी पत्नी और उनके बेटे पर चाकू से हमला किया गया। गोबिंदो अधिकारी, उनकी पत्नी नमिता अधिकारी और उनके बेटे गौरव अधिकारी हमले में गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें सरकारी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें एसएसकेएम मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में शिफ्ट कर दिया गया है। गोबिंदो अधिकारी भाजपा के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। वो हाल ही में संपन्न लोकसभा चुनाव में पार्टी की ओर से पोलिंग एजेंट थे। इस सिलसिले में तीन लोगों- अर्चन भट्टाचार्य, सुभाष देबनाथ और सुमित देबनाथ - को गिरफ्तार किया गया है। स्थानीय भाजपा नेता देबनाथ चक्रवर्ती ने कहा, गोबिंदो, उनकी पत्नी और उनके बेटे पर हमला करने वाले लोग तृणमूल कांग्रेस के सक्रिय कार्यकर्ता हैं। हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा चुनाव में जिस मतदान केंद्र पर गोबिंदो पोलिंग एजेंट थे, वहां भाजपा आगे चल रही थी।

# जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रनों से हराया, चतारा ने किया टीम इंडिया को चित्त

**एजेंसी। हरारे**

भारतीय क्रिकेट टीम को जिम्बाब्वे के खिलाफ पांच मैचों की टी20 सीरीज के पहले मुकाबले में करारा झटका लगा है। हरारे स्पोर्ट्स क्लब में हुए इस मैच में जिम्बाब्वे ने भारत को 13 रनों से हरा दिया है। इस मैच में जिम्बाब्वे की टीम ने 20 ओवर में 9 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाए, इसके जवाब में भारतीय टीम 19.5 ओवर में 102 रन बनाकर आउट हो गई। मैच में शुभमन गिल ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और भारतीय स्पिनरों ने शानदार प्रदर्शन किया।

रवि बिश्नोई ने चार ओवर में 13 रन देकर 4 विकेट लिए और वाशिंगटन सुंदर ने चार ओवर में 11 रन देकर 2 विकेट हासिल किए। जिम्बाब्वे की ओर से बल्लेबाजी में ओपनर वेसली मधेवेरे ने 22 गेंदों पर 21, ब्रायन बेनेट ने 15 गेंदों पर 23 रन, डायोन मायर्स ने 22 गेंदों पर 23 रनों की पारी खेली। लेकिन



अंत में यह विकेटकीपर क्लाइव मदांदे थे, जिन्होंने अंत तक मोर्चा संभाल कर जिम्बाब्वे का स्कोर 100 के पार किया और 25 गेंदों पर 29 रन बनाकर अंत तक नाबाद रहे। ये पारी मैच के अंत में निर्णायक साबित हुई। 116 रनों के टारगेट के जवाब में भारतीय बल्लेबाजों की शुरूआत काफी खराब रही और अपना पहला मैच खेल रहे अभिषेक शर्मा बगैर खाता खोले ब्रायन बेनेट की गेंद पर आउट हो गए। तीसरे नंबर पर आए उप-कप्तान ऋतुराज गायकवाड़ भी 9 गेंदों पर 7 रन बनाकर ब्लेसिंग मुजारबानी की गेंद पर इनोसेंट काइया को कैच थमा बैठे। इसके बाद एक और डेब्यूटेंट खिलाड़ी रियान पराग को तेंदई चतारा ने 2 रनों के स्कोर पर चलता कर दिया। चतारा ने उसी ओवर में रिंकू सिंह को बिना खाता खोले बेनेट के हाथों कैच आउट कराकर भारतीय टीम के ऊपरी मध्यक्रम को हिलाकर रख दिया। इसी बीच एक छोर पर कप्तान शुभमन गिल डटे हुए थे, लेकिन ध्रुव जुरेल के रूप में भारत का तीसरा डेब्यूटेंट खिलाड़ी भी विफल हो गया। ध्रुव को 7 रनों के स्कोर पर ल्यूक जोंग्वे ने आउट कर दिया। इसके बाद जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा की फिरकी का जादू देखने के लिए मिला, जिन्होंने 29 गेंदों पर 31 रन बनाकर खेल रहे शुभमन गिल को बोल्ड करके भारत की सबसे बड़ी उम्मीद ध्वस्त कर दी। रजा ने रवि बिश्नोई को भी 9 रनों के स्कोर पर पगबाधा कर दिया। इसी बीच आवेश खान और वाशिंगटन सुंदर के बीच एक छोटी साझेदारी देखने के लिए मिली। आवेश ने 12 गेंदों पर 16 रनों की पारी खेली और उनको वेलिंग्टन मसाकाद्जा ने आउट किया। इसके अगले ही ओवर में सिकंदर रजा ने मुकेश कुमार को बगैर खाता खोले आउट कर दिया। वाशिंगटन सुंदर ने अंतिम ओवर तक टिककर भारतीय उम्मीदों को जिंदा रखा था, लेकिन चतारा ने उनको 27 रनों के स्कोर पर आउट करके भारतीय पारी को चित्त कर दिया। सुंदर ने 34 गेंदों पर 27 रनों की पारी खेली। जिम्बाब्वे की ओर से तेंदई चतारा ने 3.5 ओवर में 1 मेडन फेंकते हुए 16 रन देकर 3 विकेट हासिल किए। सिकंदर रजा ने 4 ओवर में 25 रन देकर 3 विकेट लिए। ब्रायन बेनेट, वेलिंग्टन मसाकाद्जा, ब्लेसिंग मुजारबानी और ल्यूक जोंग्वे ने एक-एक विकेट लिया।

## एक नजर

### गॉफ ने कार्टल को हराया, राडुकानू सकारी को हराकर चौथे दौर में

**लंदन।** दूसरी वरीयता प्राप्त अमेरिका की कोको गॉफ ने खचाखच भरे नंबर 1 कोर्ट पर ब्रिटिश क्वालीफायर सोने कार्टल को सीधे सेटों में 6-4, 6-0 से हरा दिया, जबकि पूर्व यूएस ओपन विजेता और वाइल्ड कार्ड एम्मा राडुकानू नौवीं वरीयता प्राप्त मारिया सकारी को हराकर शुक्रवार को यहां विंबलडन में महिला एकल के चौथे दौर में पहुंच गईं।

### प्रियांशु राजावत कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में

**नई दिल्ली।** फॉर्म में चल रहे भारत के प्रियांशु राजावत ने विश्व के चौथे नंबर के खिलाड़ी डेनमार्क के एंडर्स एन्टन्सन को तीन गेमों तक चले क्वार्टरफाइनल मुकाबले में 21-11, 17-21, 21-19 से हराकर कनाडा ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया। कैलगरी में खेले गए इस मुकाबले को प्रियांशु ने एक घंटे 19 मिनट में जीता। इससे पहले, उन्होंने सेमीफाइनल की राह में राउंड ऑफ 32 में डेनमार्क के वर्ल्ड नंबर 24 रासमस गेमके और अंतिम-16 में वर्ल्ड नंबर 33 ताकुमा ओबयाशी को हराया था।

# वेनेजुएला को पेनाल्टी में शूट कर कनाडा पहली बार कोपा अमेरिका के सेमीफाइनल में

**नवीन मेल संवाददाता। आर्लिंगटन**

कनाडा ने इतिहास रचते हुए कोपा अमेरिका टूनार्मेंट के क्वार्टर फाइनल में वेनेजुएला को पेनल्टी शूटआउट में हराकर पहली बार सेमीफाइनल में जगह बना ली है। एटीएंडटी स्टेडियम में खेले गए इस मुकाबले नियमित समय तक दोनों टीमों के 1-1 से बराबरी पर रहने के बाद कनाडा ने पेनल्टी शूटआउट में 4-3 से जीत हासिल की। खेल के 13वें मिनट में जैकब शैफेलबर्ग ने कनाडा को बढ़त दिला दी। टीम के पास अपनी बढ़त को और बढ़ाने के कई मौके थे लेकिन वह फिर से प्रतिद्वंद्वी के डिफेंस



को तोड़ने में सक्षम नहीं हो पाई। कनाडा ने अपराजित वेनेजुएला टीम के खिलाफ तब तक अपनी पकड़ बनाए रखी जब तक कि सॉलोमन रोंडन, फॉर्म में चल रहे खिलाड़ी ने 40 गज की दूरी से जबरदस्त चिप लगाई और गोलकीपर को परास्त कर 64वें मिनट में स्कोर बराबर कर दिया। उन्होंने टूनार्मेंट का अपना तीसरा गोल स्कोर किया। पूर्ण समय की सीटी 1-1 पर बजने से मैच सीधे पेनल्टी शूट आउट में चला गया क्योंकि टूनार्मेंट के इस चरण में अतिरिक्त समय नहीं खेला जाता है। पेनल्टी शूटआउट देखना रोमांचकारी था क्योंकि दोनों पक्ष अपने विरोधियों को प्रतिबिंबित कर रहे थे। दोनों टीमों ने अपना पहला, तीसरा और पांचवां प्रयास भुनाया, जबकि साथ ही अपने दूसरे और चौथे शॉट को चूक गए, जिससे शूटआउट सडन डेथ में चला गया। विल्कर एंजेल का पेनल्टी मैक्सिम क्रेप्यू ने बचा लिया और इस्माइल कोन ने शूटआउट 4-3 से जीतने का अगला मौका भुनाने में कोई गलती नहीं की। जेसी मार्श की टीम टूनार्मेंट के इतिहास में पहली बार खेल रही है और अब वह टूनार्मेंट के सेमीफाइनल में है जहां उनका मुकाबला अर्जेंटीना से होगा।

**गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा की मां ने कहा**

## पीएम मोदी को इस बार खास चूरमा खिलाएंगे

**एजेंसी। नई दिल्ली**

पेरिस ओलंपिक 2024 के आयोजन में अब कुछ ही दिन बचे हैं। यह 26 जुलाई से 11 अगस्त तक चलेगा, इसके लिए 120 सदस्यीय भारतीय दल रवाना हो रहा है। इससे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा समेत सभी एथलीटों से मुलाकात की। पीएम मोदी ने पेरिस ओलंपिक के लिए सभी



खिलाड़ियों को शुभकामनाएं दी। इस बार ओलंपिक में भारतीय दल का नेतृत्व करने जा रहे नीरज चोपड़ा से उन्होंने खाने की खास डिमांड भी की। पीएम मोदी ने गोल्डन ब्वॉय नीरज चोपड़ा से उनकी मां के हाथों से बना चूरमा खाने के लिए कहा। नीरज ने ओलंपिक से लौटकर पीएम मोदी को मां के हाथ का बना खास चूरमा खिलाने का वादा किया। पीएम मोदी से मुलाकात पर नीरज चोपड़ा की मां ने खुशी व्यक्त की। उन्होंने कहा कि परमात्मा ने अगर चाहा तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देशी घी और शक्कर से बना खास चूरमा खिलाएंगे।

### स्पेन सेमीफाइनल में

**बर्लिन।** मिकेल मेरिनो के 119वें मिनट के विजयी गोल ने टूर्नामेंट के मेजबान जर्मनी को बाहर कर दिया और स्पेन ने शुक्रवार को स्टटगार्ट के एमएचपी-एरेना में यूरो 2024 में सेमीफाइनल का टिकट कटा लिया। समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, दोनों टीमें नियमित समय तक 1-1 से बराबरी पर थीं और मैच को अतिरिक्त समय में खींच लिया गया, जहां ओल्मो के सटीक क्रॉस ने मेरिनो को निर्णायक गोल करने में मदद की।

# 63वीं सुब्रतो कप : पेनाल्टी शूट आउट से लातेहार टीम ने गढ़वा टीम को 4-0 से हराया

**नवीन मेल संवाददाता। गढ़वा**

प्रमंडल स्तरीय 63वीं सुब्रतो कप मुखर्जी इंटरनेशनल फुटबॉल टूनार्मेंट प्रतियोगिता 2024 -25 का आयोजन मुख्यमंत्री उत्कृष्ट उच्च विद्यालय रामासाहू के स्टेडियम में आयोजित की गई। यह फुटबॉल प्रतियोगिता का फाइनल मैच मुख्य रूप से अंडर-17 बालिका वर्ग एवं अंडर-15 बालक वर्ग के छात्रों ने भाग लिया। अंडर-17 बालिका वर्ग में गढ़वा एवं लातेहार टीम के बीच फाइनल मैच में लातेहार की टीम ने पेनाल्टी शूट आउट के द्वारा गढ़वा टीम को 4-0 से पराजित किया, जबकि अंडर-15 बालक वर्ग में पलामू की टीम ने लातेहार के टीम को 1-0 से पराजित करते हुए राज्य स्तरीय फुटबॉल प्रतियोगिता के लिए अपना स्थान को पक्का किया। बालिका वर्ग अंडर-17 की विनर लातेहार की टीम रही जबकि रनर गढ़वा की टीम रही इसके साथ ही अंडर-15 बालक वर्ग में विनर पलामू की टीम रही एवं रनर लातेहार की टीम रही। सभी विजेता टीम के खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए



जिला शिक्षा पदाधिकारी सह जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आकाश कुमार ने कहा की सरकारी विद्यालयों के छात्राओं में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है केवल निरंतर इस तरह के आयोजन के माध्यम से छिपी हुई प्रतिभा को आगे लाते हुए राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रतियोगिता में जिले के छात्र/छात्राओं का चयन कराया जा सकता है। जबकि सहायक कार्यक्रम पदाधिकारी सह खेल प्रभारी राकेश कुमार ने संबोधित करते हुए कहा कि खेल के प्रति विभाग अत्यंत ही गंभीर है एवं विभाग की निदेर्शानुसार इस तरह का आयोजन प्रत्येक वर्ष भव्य तरीके से किया जाएगा एवं छात्र-छात्राओं को बेहतर खेल महौल उपलब्ध कराते हुए प्रतिभा को निखार कर राज्य स्तर पर भेजा जाएगा। इस भव्य फुटबॉल प्रतियोगिता में क्षेत्र शिक्षा पदाधिकारी कैसर राजा, प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी रंभा चौबे, विधायक प्रतिनिधि ओमप्रकाश गुप्ता, प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी संतोष कुमार दुबे, पूनम श्री, वीरेंद्र प्रसाद, सुनीता कुजूर विभा रानी, रवि सिंह, एडमोन कच्छप, रवि वैद्य, रेणु बाला संकुल साधन सेवी देवेंद्र नाथ उपाध्याय शारीरिक शिक्षक सुशील कुमार तिवारी, शमशाद अहमद, शिक्षक जगन्नाथ राम, मनोज कुमार तिवारी सहित सभी लोग उपस्थित थे।

### टोनी क्रूस ने पेशेवर फुटबॉल से लिया संन्यास

**स्टटगार्ट।** 2024 यूरो में अब तक का सबसे बड़ा उलटफेर तब हुआ जब मेजबान जर्मनी को स्पेन के हाथों एक रोमांचक मुकाबले में 2-1से हार का सामना करना पड़ा। यह हार जर्मनी के लिए काफी निराशाजनक रही, क्योंकि उनके स्टार खिलाड़ियों में से एक टोनी क्रूस ने इस हार के बाद संन्यास ले लिया है। उन्होंने पहले कहा था कि वे यूरोपीय चैम्पियनशिप के खत्म होने के बाद खेलना जारी नहीं रखेंगे। हार के बाद क्रूस ने खुलासा किया कि यूरो जीतने का उनका सपना 'टूट गया है।

## व्यापार/लाइफ व साइंस

### मई में भारत में बिजली उत्पादन 15 प्रतिशत बढ़ा

**नई दिल्ली।** भारत में बिजली उत्पादन इस साल मई में 15.06 प्रतिशत बढ़कर 167.55 अरब यूनिट्स हो गया, जो कि पिछले साल समान अवधि में 145.61 अरब यूनिट्स पर था। सेंट्रल इलेक्ट्रिसिटी ऑथोरिटी की ओर से मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। थर्मल पावर, जो कि कोयला और गैस आधारित प्लांट्स में बनाई जाती है। मई में इन प्लांट्स में 127.87 अरब यूनिट्स की बिजली पैदा की गई। इसमें पिछले वर्ष की समान अवधि के मुकाबले 14.67 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। उत्तर भारत में हीट वेब के कारण बिजली की मांग 30 मई को 250 गीगावाट के आंकड़े को छू गई थी।


### पेरिस ओलंपिक से पहले हौसमैन में यूपीआई से कर सकेंगे भुगतान

**नई दिल्ली।** एफिल टॉवर पर ऑनलाइन टिकट बुकिंग के लिए यूनिफाइड पेमेंट इंटरफेस (यूपीआई) के सफल कार्यान्वयन के बाद अब नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) की अंतरराष्ट्रीय शाखा एनपीसीआई इंटरनेशनल पेमेंट्स लिमिटेड की तरफ से शुक्रवार को पेरिस ओलंपिक से पहले, ई-कॉमर्स और रकम भुगतान के लिए पेरिस के हौसमैन में गैलेरीज लाफायेट के प्रमुख स्टोर में से एक के साथ साझेदारी की है। यह ई-कॉमर्स और सुरक्षित रकम भुगतान सेवा मुहैया कराने वाली फ्रांसीसी पेमेंट गेटवे लायरा के साथ साझेदारी के तहत है।

# वित्त मंत्री 23 को पेश करेंगी आम बजट

**एजेंसी। नई दिल्ली**

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण वित्त वर्ष 2024-25 के लिए आम बजट 23 जुलाई को पेश करेंगी। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू ने शनिवार को यह जानकारी दी। संसद का बजट सत्र 22 जुलाई को शुरू होगा और 12 अगस्त तक चलेगा। केंद्रीय मंत्री की ओर से एक्स पर की गई एक पोस्ट में लिखा गया कि भारत सरकार के सुझाव पर आदरणीय राष्ट्रपति जी ने संसद के दोनों सदनों में 22 जुलाई से लेकर 12 अगस्त तक बजट सत्र रखने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। केंद्रीय बजट 23 जुलाई, 2024 को लोकसभा में पेश किया जाएगा। बता दें, भारत में जिस वर्ष लोकसभा चुनाव होते हैं। उस दौरान एक बजट चुनाव से पहले और एक बजट चुनाव के बाद पेश किया जाता है। चुनाव के पहले पेश होने वाले बजट को अंतरिम बजट कहा जाता है। ये




आमतौर पर सरकार की आय और व्यय का लेखा जोखा होता है। चुनाव के बाद नई सरकार पूर्ण बजट पेश करती है। यह अन्य वर्षों के बजट की तरह होता है। 23 जुलाई को आने वाला आम बजट मोदी 3.0 का पहला बजट होगा। इसके जरिए सरकार की दिशा और नीतियों की जानकारी मिलेगी। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा 2.1 लाख करोड़ रुपये का डिविडेंड दिए जाने और कम राजस्व घाटे के चलते सरकार के पास कल्याणकारी योजनाओं पर खर्च करने के लिए काफी जगह है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से पहले ही ऐलान किया जा चुका है कि गरीबी के खिलाफ लड़ने के लिए अगले पांच वर्ष काफी अहम होने वाले हैं। ऐसा माना जा रहा है कि इस बजट में सरकार फोकस देश के विकास की गति को बढ़ाने और अधिक रोजगार पैदा करने को लेकर होगा। मौजूदा समय में भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती हुई अर्थव्यवस्था है। वित्त वर्ष 2023-24 में जीडीपी वृद्धि दर 8.2 प्रतिशत रही थी, जो कि चालू वित्त वर्ष में 7.2 प्रतिशत रहने का अनुमान है।

# भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए 15,000 कंपनियों ने कराया पंजीकरण

**एजेंसी। नई दिल्ली**

जून महीने में 15,000 से अधिक कंपनियों ने भारत में अपनी यूनिट सेटअप करने के लिए पंजीकरण कराया है। इसमें कई विदेशी कंपनियां भी शामिल हैं, जो कि बड़ी संख्या में इंफ्रास्ट्रक्टर में उपयोग होने वाली मशीनें बनाती हैं। कॉरपोरेट मामले के मंत्रालय की ओर से संकलित किए गए डेटा से यह जानकारी मिली है। वरिष्ठ अधिकारियों ने कहा कि सरकार द्वारा हाईवे, पोर्ट और रेलवे प्रोजेक्ट में बड़ी मात्रा में निवेश के कारण बड़ी मशीनों की मांग देखने को मिल रही है। साथ ही बताया कि यह भारत के मेक-इन-इंडिया और आत्मनिर्भर भारत अभियान की सफलता को भी दिखाता है, जिसके कारण विदेशी कंपनियां भारत में अपने ऑपरेशन शुरू करना चाहती हैं। यूके की



कंपनी ऑगर टॉर्क यूरोप लिमिटेड, उन विदेशी कंपनियों में से एक है, जिन्होंने भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए पंजीकरण कराया है, जो अर्थ ड्रिल और अटैचमेंट बनाती है और जर्मनी के किंशोफर ग्रुप का हिस्सा है जो ट्रक क्रेन और एक्सीवेटर के लिए अटैचमेंट बनाती है। जापान की टोमो इंजीनियरिंग कंपनी लिमिटेड भी इस लिस्ट में शामिल है, जो कि मशीनरी और केमिकल मैन्युफैक्चरिंग करती है। एक अन्य जापानी कंपनी कावाड़ा इंडस्ट्रीज जो कि केटीआई कावाड़ा समूह का हिस्सा है, वह भी इस लिस्ट में शामिल है। यह कंपनी इंफ्रास्ट्रक्चर बनाने और रखरखाव का काम करती है। रूस की हैवी मशीनरी बनाने वाली कंपनी और यूएई के एनर्जी ग्रुप ने भी भारत में ऑपरेशन शुरू करने के लिए पंजीकरण कराया है।

## लग्जरी घरों की बिक्री बढ़कर कुल सेल्स का 41 प्रतिशत हुई

**एजेंसी। नई दिल्ली**

भारत के लग्जरी रियल एस्टेट मार्केट में तेजी देखने को मिल रही है। इसकी वजह अर्थव्यवस्था में तेज विकास दर होना है, जिसके कारण देश में लग्जरी घरों की मांग में इजाफा हो रहा है। प्रॉपर्टी कंसलटेंट फर्म नाइट फ्रैंक की ओर से जारी 'इंडिया रियल एस्टेट: रेजीडेंशियल और ऑफिस (जनवरी-जून 2024)' रिपोर्ट में बताया गया है कि इस साल देश में लग्जरी घरों की बिक्री में बड़ा इजाफा देखने को मिल रहा है। 2024 की छमाही में एक करोड़ रुपये से ऊपर के घरों की बिक्री



कुल बिक्री का 41 प्रतिशत रही है। यह आंकड़ा 2023 की समान अवधि में 30 प्रतिशत था। 2024 की पहली छमाही में देश के आठ बड़े शहरों जिसमें मुंबई, दिल्ली-एनसीआर, बेंगलुरू, पुणे और हैदराबाद शामिल हैं, वहां घरों की बिक्री में पिछले वर्ष के मुकाबले 11 प्रतिशत की बढ़त देखने को मिली है।

## स्टार्टअप्स से पिछले 5 वर्ष में 8 करोड़ रोजगार पैदा हुए : केंद्रीय श्रम सचिव

**एजेंसी। नई दिल्ली**

ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स और स्टार्टअप्स भारत में नौकरियां पैदा करने में बड़ी भूमिका निभा रहे हैं। पिछले पांच वर्षों में इन दोनों क्षेत्रों ने साथ मिलकर आठ करोड़ रोजगार के अवसर पैदा किए हैं। केंद्रीय श्रम और रोजगार मंत्रालय में सचिव सुमिता डावरा की ओर से यह जानकारी राष्ट्रीय राजधानी में कॉन्फेडरेशन ऑफ इंडियन इंडस्ट्री और एम्प्लॉयर्स फेडरेशन ऑफ इंडिया के एक इवेंट में पीरियोडिक लेबर फोर्स सर्वे के



- श्रम कानूनों का गैर-अपराधीकरण और वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने से व्यापार में हुई आसानी
- 29 श्रम कानूनों को चार श्रम कानूनों में बदला जा चुका है

हवाले से दी गई। उन्होंने आगे कहा कि मंत्रालय द्वारा श्रम कानूनों का गैर-अपराधीकरण और वर्कफोर्स में महिलाओं की भागीदारी को बढ़ाने के कारण व्यापार में आसानी हुई है। सामाजिक सुरक्षा और श्रम कल्याण जैसे सुधारों से भारत की वृद्धि दर को और सहारा मिलेगा। डावरा ने आगे बताया कि 29 श्रम कानूनों को चार श्रम कानूनों में बदला जा चुका है।

## मालदा आम की निर्यात में गिरावट घरेलू बाजार में मिले बेहतर दाम

**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल के मालदा जिले से आम का निर्यात इस साल प्रभावित हुआ है क्योंकि निर्यातकों को विदेशी खरीदारों से लाभकारी दाम नहीं मिल सके। अधिकारियों ने शनिवार को बताया कि घरेलू बाजार में आम विक्रेताओं को अच्छे दाम मिल रहे हैं। यूके और यूएई के आयातकों ने शुरू में रुचि दिखाई थी, लेकिन कीमतों पर सहमति न होने के कारण निर्यात नहीं हो



सका। दिल्ली में एक एक्सपो में मालदा के करीब 17 टन आम 100 से 150 रुपये प्रति किलोग्राम के बीच बेचे गए। थोक कीमतों में 50-80 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जिसका कारण कम उत्पादन और उच्च गुणवत्ता है। मालदा के बागवानी उपनिदेशक समंता लायक ने बताया, इस साल यूके और दुबई के खरीदारों ने हमारी कीमतों पर सहमति नहीं जताई। लायक ने बताया कि इस साल उत्पादन में 60 प्रतिशत की गिरावट आई है।

# जमीनी लड़ाई कार्यकर्ता ही लड़ता है : बाबूलाल

**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**

हजारीबाग विधानसभा क्षेत्र में आयोजित विजय संकल्प सभा व कार्यकर्ता सम्मान कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि भाजपा की पूंजी कार्यकर्ता ही हैं। पार्टी के नेता तो मंच, माला, माइक से जुड़े रहते हैं लेकिन एक सामान्य कार्यकर्ता चुपचाप पार्टी के लिए असाधारण कार्य करता है। उन्होंने कहा कि जमीनी लड़ाई बूथ का साधारण कार्यकर्ता ही लड़ता है। सभी अभिनंदन के पात्र हैं। कदम कदम पर जनता के सवालों का जवाब कार्यकर्ता ही देता है,घर घर संपर्क कार्यकर्ता ही करता है। इसलिए कार्यकताओं को सम्मान देना पार्टी का धर्म है। मरांडी ने कहा कि तीसरी बार मोदी सरकार का बनना कार्यकताओं के अथक परिश्रम का फल है। जिसे आज कांग्रेस झामुमो सहित इंडी एलायंस के लोग पचा नहीं पा रहे।

*कार्यकताओं के परिश्रम और जनता के आशीर्वाद से झारखंड में बनेगी डबल इंजन सरकार*

*भाजपा 15 जुलाई तक विधानसभा वार कार्यकर्ता सम्मान व विजय संकल्प सभा आयोजित करेगी*



### हम राज्य के 52 विधानसभा सीट पर आगे रहे

उन्होंने कहा कि झारखंड में एनडीए को 81 लाख वोट व 9 सीटों पर विजय मिली जबकि इंडी ठगबंधन 66 लाख वोट के साथ 5 सीटों पर सिमट गया। राज्य के 52 विधानसभा सीट पर एनडीए की जीत हुई है। राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री सहित कई मंत्री अपने विधानसभा क्षेत्र में इंडी ठगबंधन को जीत नहीं दिला सके। आज राज्य में विधि व्यवस्था ध्वस्त है। व्यवसायियों से अपराधी रंगदारी मांगते हैं, एक भी उद्योगपति उद्योग लगाने को तैयार नहीं। पुलिस अधिकारियों ने वसूली में महारत हासिल कर लिया है। युवाओं की नौकरियां लाखों में बेंची जा रही हैं।

### संताल में समाप्त हो जाएगा आदिवासियों का अस्तित्व

संताल परगना की डेमोग्राफी बदल रही। 1951 से 2011की जनगणना रिपोर्ट के अनुसार आदिवासियों की आबादी  तेजी से घटती ही जा रही और मुस्लिम आबादी दिनों दिन अप्रत्याशित रूप से बढ़ रही। ऐसा लगता है कि कुछ दिनो में संताल परगना से आदिवासियों का अस्तित्व ही समाप्त हो जाएगा।

## सोरेन परिवार के लिए सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने के लिए ही हैं झामुमो के कार्यकर्ता : बाबूलाल मरांडी



**रांची।** प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने जिस तरह से चम्पाई सोरेन को अपमानित कर मुख्यमंत्री की कुर्सी से बेदखल किया, उसकी पीड़ा अब चम्पाई के बयानों में दिखाई देने लगी है। बाबूलाल ने शनिवार को सोशल मीडिया के जरिए कहा कि हेमंत सोरेन में असुरक्षा की भावना इस कदर घर कर गई है कि उन्हें अपने ही पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और विधायकों पर भरोसा नहीं रहा। हेमंत सोरेन और उनका परिवार झामुमो के आदिवासी नेताओं और कार्यकताओं को सिर्फ दरी बिछाने और झंडा ढोने के योग्य समझता है।

बाबूलाल के मुताबिक चम्पाई सोरेन ने धीरे-धीरे ही सही लेकिन सकारात्मक राजनीति की ओर कदम बढ़ाया था। पार्टी कैडरों के बीच चम्पाई की बढ़ती स्वीकार्यता देख हेमंत विचलित हो उठे। चम्पाई के प्रकरण को देखकर अब उम्मीद है कि जल-जंगल-जमीन और झारखंड राज्य का आंदोलन करने वाले आदिवासी नेता, कार्यकर्ता झारखंड की अस्मिता और यहां के संसाधनों को किसी परिवारवादी व्यक्ति के हाथ में नहीं सौंपेंगे। उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री पद से हटाए जाने के बाद चम्पाई जब शुक्रवार को पहली बार गृह जिला सरायकेला पहुंचे थे तो एक सवाल के जवाब में कहा था कि उन्हें हेमंत सरकार में मंत्री पद की लालसा नहीं है। उन्हें थोड़ा और समय मिलता तो राज्य के विकास के लिए और भी बहुत कुछ कर पाते।

## सरकार की प्राथमिकता काम नहीं कमाई : सुदेश महतो

**रांची।** आजसू पार्टी अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो ने कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता काम नहीं कमाई है। सरकार में ट्रांसफर-पोस्टिंग एवं अवैध ट्रांसपोटिंग के उद्योग चल रहे हैं। भ्रष्टाचार शिष्टाचार बन गया है। जनसेवा की शपथ लेने वाली सरकार के मुखिया जनता के बारे में सोचने के स्थान पर सिर्फ अपने बारे में सोच रहें है।



इससे झारखंडी जनमानस के बीच हताशा और निराशा है। सुदेश कुमार महतो शनिवार को कांके रोड, रांची स्थित आवासीय कार्यालय में मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। इस दौरान समाजसेवी रामचंद्र साहू के नेतृत्व में बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र के कई युवाओं और समाजसेवियों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। पार्टी की सदस्यता ग्रहण करने वाले लोगों का पार्टी में स्वागत करते हुए सुदेश कुमार महतो ने कहा कि सरकार ने सबसे अधिक युवाओं को छलने का काम किया है। उनकी वादाखिलाफी के चलते युवाओं का भविष्य अंधकार में है। आज राज्य के सभी वर्ग के लोग आजसू से जुड़ रहे हैं। पार्टी के केंद्रीय महासचिव रोशन लाल चौधरी ने कहा कि विकास की असीमित संभावनाओं वाले बड़कागांव विधानसभा क्षेत्र को विकास से कोसों दूर कर दिया गया है। क्षेत्र के विकास के लिए कोई काम नहीं हुआ है। विस्थापन का दंश झेल रहे बड़कागांव के लोग आजसू की ओर उम्मीद भारी निगाहों से देख रहे हैं। हम सभी मिलकर जनाकांक्षाओं के अनुरूप विकसित बड़कागांव बनाने का काम करेंगे।

## न्यूज बॉक्स

### आज शाम 7 बजे भाजपा विधायकदल की बैठक

**रांची।** भाजपा प्रदेश कार्यालय में रविवार की शाम 7 बजे भाजपा विधायक दल की बैठक प्रदेश अध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी की अध्यक्षता में होगी। बैठक में नेता  प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी, प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह सहित विधायक गण शामिल होंगे।

### झारखंड हाई कोर्ट ने जेल में कैदी की खुदकुशी पर लिया संज्ञान

**रांची।** रांची के होटवार स्थित बिरसा मुंडा केंद्रीय कारागार में विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव की आत्महत्या पर झारखंड हाई कोर्ट के जस्टिस और झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष सुजित नारायण प्रसाद ने शनिवार को संज्ञान लिया। उन्होंने झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकार और रांची जिला विधिक सेवा प्राधिकार को यह आदेश दिया कि वह तत्काल टीम गठित कर बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा का निरीक्षण करें। साथ ही मृतक के परिजनों को उचित विधिक सहायता प्रदान करें। इस निर्देश का पालन करते हुए झालसा के उप-सचिव अभिषेक कुमार एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकार रांची के सचिव कमलेश बेहरा खुद निरीक्षण करने बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा पहुंचे। उन्होंने मौत का स्पॉट निरीक्षण किया एवं सीसीटीवी फुटेज का भी अवलोकन किया। मृतक के परिजनों को भी जानकारी दी। उल्लेखनीय है कि विचाराधीन कैदी सोमरा उरांव बिरसा मुंडा ने केंद्रीय कारा में शुक्रवार भोर 4.30 बजे जेल अस्पताल के बाथरूम में गमछे के सहारे फंदे पर लटककर जान दे दी थी। वह पत्नी की हत्या के जुर्म जेल में 2017 से बंद था।

### झारखंड विधानसभा में हेमंत सोरेन के विश्वास मत के दौरान अधिकारियों को दीर्घा में मौजूद रहने के निर्देश




**रांची ।** झारखंड विधानसभा सत्र के दौरान सभी अधिकारियों को उपस्थित रहने का आदेश दिया गया है। सरकार की प्रधान सचिव वंदना दादेल के कार्यालय से इस संबंध में शनिवार को एक आदेश जारी किया गया है। राज्य सरकार के सभी अपर मुख्य सचिव, प्रधान सचिव, सचिव के साथ पुलिस महानिदेशक, सभी विभागों के प्रमुख, रांची के उपायुक्त और एसएसपी को संबोधित पत्र में कहा गया है कि आठ जुलाई को 11:00 बजे से पांचवें झारखंड विधानसभा का 16वां सत्र शुरू होगा। इस सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। सरकार के इस आदेश में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के तहत मुख्यमंत्री की ओर से मंत्रिपरिषद में विश्वास का प्रस्ताव रखा जाना है। इसके बाद वाद-विवाद एवं मतदान होना है। इसलिए आठ जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी विधानसभा के पदाधिकारी दीर्घा में मौजूद रहेंगे।

### हाई कोर्ट से सीए की अग्रिम जमानत पर ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए मिला अंतिम मौका

**रांची।** झारखंड हाई कोर्ट में मनी लॉन्ड्रिंग मामले के आरोपित जेल में बंद ग्रामीण विकास विभाग के निलंबित चीफ इंजीनियर वीरेंद्र राम से जुड़े मामले में चार्टर्ड अकाउंटेंट हृदयानंद तिवारी की अग्रिम जमानत याचिका की सुनवाई शनिवार को हुई। मामले में ईडी ने दो सप्ताह का समय जवाब दाखिल करने के लिए मांगा। कोर्ट ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए अंतिम मौका देते हुए मामले की अगली सुनवाई 26 जुलाई निर्धारित की है। इससे पूर्व भी ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए चार सप्ताह के समय की मांग की गई थी।दरअसल, ईडी ने टेंडर कमीशन घोटाले में 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था। इनके तीन सहयोगियों नीरज मित्तल, ताराचंद गुप्ता एवं राम प्रकाश भाटिया को भी ईडी ने इस मामले में गिरफ्तार किया है। हृदयानंद तिवारी ने ही चार्टर्ड अकाउंटेंट मुकेश मित्तल से वीरेंद्र राम को मिलवाया था। मुकेश मित्तल के ऑफिस में हृदयानंद तिवारी काम करता था। ईडी की टीम ने वीरेंद्र राम की 39.28 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति जब्त की थी। जब्त की गई संपत्ति वीरेंद्र ने टेंडर में कमीशन से उगाही अर्जित की है। 22 फरवरी, 2023 को वीरेंद्र राम के आवास पर छापेमारी के दौरान उसके रांची के अशोक नगर स्थित आवास से ईडी ने वीरेंद्र राम को गिरफ्तार किया था।

## सशरीर उपस्थिति से छूट के आवेदन पर ईडी ने जवाब के लिए मांगा समय

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

समन अवहेलना मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की सशरीर उपस्थिति से छूट के पिटीशन पर एमपी-एमएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की कोर्ट में शनिवार को सुनवाई हुई। मामले में ईडी ने जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की। कोर्ट ने अगली सुनवाई की तिथि 15 जुलाई निर्धारित की है। हेमंत सोरेन ने कोर्ट में सशरीर उपस्थिति से छूट के लिए सीआरपीसी की धारा 205 के तहत पिटीशन दाखिल किया है। इससे पूर्व तीन जून को सीजेएम कृष्ण कांत मिश्रा ने यह मामला एमपी-एमएलए कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया था। पूर्व में सीजेएम कोर्ट द्वारा मामले में संज्ञान लिए जाने के बावजूद भी हेमंत सोरेन की उपस्थिति कोर्ट में नहीं हुई थी। मामले में हेमंत सोरेन की ओर से सीजेएम कोर्ट के समन आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई है। हाई कोर्ट में यह मामला अभी लंबित है। इस संबंध में ईडी की ओर से शिकायतवाद संख्या 3952/2024 सीजेएम कोर्ट में दाखिल की गई है।



### क्या है मामला

ईडी ने समन की अवहेलना करने के मामले में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के खिलाफ सीजेएम कोर्ट में ईडी ने 19 फरवरी को शिकायत वाद दर्ज कराया था। इस पर गत चार मार्च को सीजेएम कोर्ट ने सुनवाई करते हुए संज्ञान लिया था और मुकदमा चलाने का निर्देश दिया था। सुनवाई के दौरान ईडी ने अदालत को बताया था कि जमीन की खरीद-बिक्री मामले में ईडी ने हेमंत सोरेन को दस बार समन जारी किया गया था। आठवें समन पर 20 जनवरी और दसवें समन पर 31 जनवरी को ईडी के समक्ष उपस्थित हुए थे। ईडी का कहना है कि आठ समन पर उपस्थित नहीं होना समन की अवहेलना है।

### राजद के झारखंड प्रभारी सहित अन्य नेताओं ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात

**रांची ।** राजद के झारखंड प्रभारी जयप्रकाश नारायण यादव के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने शनिवार को मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान नेताओं ने हेमंत सोरेन को फिर से मुख्यमंत्री बनने पर हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। प्रदेश महासचिव सह मीडिया प्रभारी कैलाश यादव ने कहा कि मुलाकात के दौरान जयप्रकाश नारायण यादव, अध्यक्ष संजय सिंह यादव एवं प्रधान महासचिव संजय प्रसाद यादव ने संयुक्त रूप से मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से राज्यहित, जनहित में राजनीतिक-सामाजिक कार्यों सहित अन्य विषयों पर घंटो तक विस्तार पूर्वक चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल में मुख्य प्रवक्ता डॉ. मनोज कुमार, महासचिव अभय सिंह, महिला अध्यक्ष रानी कुमारी, युवा अध्यक्ष रंजन यादव, सचिव रामकुमार यादव सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# आलमगीर आलम ने विधानसभा सत्र में शामिल होने की कोर्ट से मांगी अनुमति

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

टेंडर कमीशन मामले के आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम ने शनिवार को पीएमएलए कोर्ट से विधानसभा के विशेष सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। वहीं दूसरी ओर आठ जुलाई को झारखंड विधानसभा का विशेष सत्र भी आहूत है। इसमें मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बहुमत साबित करेंगे। फ्लोर टेस्ट में शामिल होने के लिए आलमगीर आलम ने कोर्ट से अनुमति मांगी है। उनकी ओर से हाई कोर्ट एवं सुप्रीम कोर्ट के कई आदेश का हवाला देकर विधानसभा सत्र में शामिल होने की अनुमति मांगी गई है। पूर्व में विधानसभा के पटल पर बहुमत साबित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन, विधायक दुल्लू महतो और नलिन सोरेन सहित कई को अब तक अनुमति मिली है। तत्कालीन चंपाई सोरेन सरकार को बहुमत साबित करने के लिए मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पीएमएलए कोर्ट से अनुमति मिली थी। आलमगीर आलम को टेंडर घोटाला में 15 मई को ईडी ने पूछताछ के बाद गिरफ्तार किया था। फिलहाल वह न्यायिक हिरासत में बिरसा मुंडा केंद्रीय कारा (जेल) में बंद है।

### टेंडर घोटाला मामले के आरोपित संजीव लाल की जमानत याचिका पर सुनवाई 12 को



**रांची।** टेंडर घोटाला मामले में आरोपित पूर्व मंत्री आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल की जमानत याचिका पर शनिवार को पीएमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। मामले में ईडी की ओर से जवाब दाखिल करने के लिए कोर्ट से समय की मांग की गई। पीएमएलए कोर्ट के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने ईडी को जवाब दाखिल करने के लिए समय देते हुए मामले में सुनवाई की अगली तिथि 12 जुलाई निर्धारित की है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी आलमगीर आलम, संजीव लाल और नौकर जहांगीर आलम के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चूकी है। टेंडर घोटाला मामले में ईडी ने कार्रवाई करते हुए छह मई को कई इंजीनियर ठेकदार, कॉन्ट्रेक्टर और आलमगीर आलम के पीएस संजीव लाल और उनके नौकर जहांगीर आलम के ठिकाने पर छापेमारी की थी।

## धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी के आरोपित ने कोर्ट में किया सरेंडर, मिली जमानत

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

पूर्व भारतीय कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से 15 करोड़ की धोखाधड़ी करने के आरोपित अरका स्पोर्ट्स प्राइवेट लिमिटेड एंड मैनेजमेंट लिमिटेड के मिहिर दिवाकर ने न्यायिक दंडाधिकारी राजकुमार पांडे की अदालत में शनिवार को सरेंडर किया। इस दौरान अदालत ने 10-10 हजार रुपये के दो निजी मुचलके पर रिहा करने का आदेश दिया है। मिहिर दिवाकर अपने अधिवक्ता प्रमोद शर्मा के साथ अदालत पहुंचे थे। इससे पहले मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी



सौम्या दास मामले में न्यायायुक्त से अग्रिम जमानत ले चुके थे। गत शुक्रवार को मामले में मिहिर दिवाकर और उनकी पत्नी सौम्या दास ने समन के बावजूद भी कोर्ट में उपस्थित नहीं हुए थे। मामले में अदालत ने 20 जुलाई की तिथि निर्धारित की है। दोनों पर धोखाधड़ी करके धोनी को 15 करोड़ रुपये की आर्थिक क्षति पहुंचाने का आरोप है। यह शिकायतवाद धोनी की ओर से सीमांत लोहानी ने दर्ज कराया है। धोनी के प्रतिनिधि सीमांत लोहानी ने अक्तूबर 2023 में मुकदमा किया था। दर्ज शिकायतवाद (13269/2023) पर पहली बार पांच जनवरी को अदालत में सुनवाई हुई थी।

### राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर फैसला 20 जुलाई को

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से जुड़े जमीन घोटाला मामले में जमीन के मूल रैयत राजकुमार पाहन की अग्रिम जमानत याचिका पर पीएमएलए की विशेष अदालत में में सुनवाई हुई। मामले में दोनों पक्षों की सुनवाई पूरी हो गई। अदालत मामले में 20 जुलाई को अपना फैसला सुनाएगी। ईडी ने राजकुमार पाहन को भी आरोपित बनाते हुए उसके खिलाफ आरोप पत्र दाखिल कर चुकी है। ईडी के आरोप पत्र पर संज्ञान लेते हुए कोर्ट ने समन जारी किया है। इसके बाद उसे पर गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। गिरफ्तारी से बचने के लिए राजकुमार पाहन ने एक मई को पीएमएलए की विशेष कोर्ट में अग्रिम जमानत याचिका दायर की है।

### सीसीटीवी से सरहद की सुरक्षा नहीं हो सकती प्रशिक्षित जवान ही चाहिए : हृदयानंद यादव

**रांची।** कांग्रेस सैनिक विभाग के प्रदेश चेयरमैन एवं कारगिल योद्धा हृदयानंद यादव ने कहा कि सीसीटीवी लगाकर सरहदों की सुरक्षा नहीं हो सकती, देश की सीमाओं पर प्रशिक्षित सुरक्षा प्रहरी ही चाहिए। उन्होंने कहा कि देश के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने संसद में शहीद अग्निवीरों के परिवारों को मुआवजे के मुद्दे पर झूठ बोला है और इसके लिए उनसे माफी की मांग करते हैं। उन्होंने कहा कि संसद में अग्निवीर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने गलत और आधी-अधूरी जानकारी दी है। 13 अग्निवीर जो शहीद हुए हैं और जो अग्निवीर सेवारत है। यह उनका मामला है। उन्होंने कहा कि यह देश की सुरक्षा का मामला है, लेकिन देश की सुरक्षा को ही दांव पर इस सरकार ने लगा दिया है और गलत बयान दिये जा रहे हैं।

# अमित शाह टिप्पणी मामला : राहुल को राहत नहीं, होना होगा सशरीर हाजिर

**नवीन मेल संवाददाता। रांची**

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने के मामले में राहुल गांधी को एमपी-एमएलए कोर्ट से फिर समन जारी किया है। कोर्ट ने राहुल गांधी को निर्देश दिया कि सशरीर हाजिर होंगे। हालांकि, तारीख स्पष्ट नहीं हुई है।पिछली सुनवाई 11 जून को हुई थी। इस सुनवाई से पहले राहुल गांधी के नाम समन जारी हुआ था। लेकिन, उनकी ओर से अदालत को यह नहीं बताया गया था कि उन्हें समन मिला है या नहीं। इसको सर्विस रिपोर्ट कहते हैं। शनिवार को सुनवाई के दौरान कोर्ट को सर्विस रिपोर्ट नहीं मिली। इसके बाद अगली तारीख दी है।सुनवाई के दौरान शिकायतकर्ता के वकील विनोद साहू ने राहुल गांधी के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का आग्रह किया। बता दें कि राहुल



गांधी का ओर से पूर्व में एमपी/एमएलए कोर्ट की ओर से जारी समन को हाई कोर्ट में चुनौती दी गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने खारिज कर दिया था।दिल्ली में साल 2018 में अधिवेशन हुआ था। इस अधिवेशन को संबोधित करते हुए राहुल गांधी ने कहा था कि भाजपा में हत्या का आरोपी भी अध्यक्ष बन सकता है, लेकिन कांग्रेस में ऐसा नहीं हो सकता है। इसको लेकर चाईबासा कोर्ट में भी शिकायत दर्ज कराई गई थी।झारखंड हाईकोर्ट ने पूर्व में राहुल गांधी पर 1000 रुपए का जुमार्ना भी लगा चुका है। ये जुमार्ना अदालत में जवाब दाखिल करने में देरी के कारण लगाया गया था। दरअसल, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष के खिलाफ केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने का मामला चाईबासा सिविल कोर्ट में चल रहा है, जिसे निरस्त करने के लिए उन्होंने हाईकोर्ट में याचिका दायर की थी। इसी को लेकर अदालत ने जवाब मांगा था, जिसे नहीं देने पर कोर्ट ने जुमार्ना लगाया।झारखंड में राहुल गांधी के खिलाफ तीन मुकदमे चल रहे हैं। पहला मामला नवीन झा ने रांची की निचली अदालत में अमित शाह पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी के खिलाफ चल रहा है।

## मोदी सरनेम मामले में राहुल गांधी के खिलाफ एमपी-एमएलए कोर्ट में 29 से होगी गवाही

**रांची।** मोदी सरनेम मामले में कांग्रेस नेता राहुल गांधी के खिलाफ शनिवार को एमपी-एमएलए के विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की अदालत में सुनवाई हुई। राहुल के अधिवक्ता ने दोष स्वीकर नहीं किया। इसके बाद कोर्ट ने शिकायतकर्ता को गवाह पेश करने का निर्देश दिया। मामले में 29 जुलाई से कोर्ट में गवाही चलेगी। राहुल गांधी के खिलाफ शिकायतकर्ता प्रदीप मोदी ने रांची सिविल कोर्ट में कंप्लेन केस दायर किया है। इसमें कहा गया है कि तीन मार्च, 2019 को रांची के मोरहाबादी मैदान में कांग्रेस पार्टी ने उलगुलान महारैली का आयोजन किया था। महारैली में राहुल गांधी ने अपने भाषण में कहा था कि देश का चौकीदार चोर है। आपने नीरव मोदी और ललित मोदी के बारे में सुना है, आखिरकार सारे मोदी चोर क्यों हैं? राहुल गांधी के इस बयान से आहत होकर अधिवक्ता प्रदीप मोदी ने 23 अप्रैल, 2019 को रांची सिविल कोर्ट में शिकायतवाद कराया था। हालांकि, 30 सितम्बर, 2021 को एमपी-एमएलए कोर्ट में यह केस स्थानांतरित किया गया था। इसके बाद कोर्ट ने राहुल के खिलाफ समन जारी किया था। राहुल की अदालत में उपस्थिति से छूट संबंधी सीआरपीसी की धारा 205 की पिटीशन को कोर्ट ने निचली अदालत में खारिज कर दिया था लेकिन हाई कोर्ट ने उनकी छूट संबंधी याचिका को स्वीकार कर लिया था। इससे इस मामले में राहुल गांधी की व्यक्तिगत उपस्थिति के बजाय उनके अधिवक्ता पक्ष रख सकते हैं। हालांकि, बयान दर्ज कराने के लिए राहुल गांधी को अदालत में आना होगा।

*23 अप्रैल, 2019 को रांची सिविल कोर्ट में दर्ज कराया था शिकायतवाद।*

## पृष्ठ एक के शेष

**अधिक से अधिक रोजगार सृजन के...**

राज्यसभा सदस्य महुआ माजी, विधायक रामेश्वर उरांव, पूर्व राज्यसभा सदस्य महेश पोद्दार, मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, सूचना प्रौद्योगिकी एवं ई-गवर्नेन्स विभाग की सचिव विप्रा भाल, फेडरेशन ऑफ झारखंड चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष किशोर मंत्री, पूर्व अध्यक्ष विनय अग्रवाल, उपाध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा, सचिव परेश गटानी सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**झारखंड विधानसभा में विश्वास...**

आठ जुलाई को 11:00 बजे से पांचवें झारखंड विधानसभा का 16वां सत्र शुरू होगा। इस सत्र के दौरान सभी पदाधिकारियों का उपस्थित रहना अनिवार्य है। सरकार के इस आदेश में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा की प्रक्रिया तथा कार्य संचालन के नियम 139 के तहत मुख्यमंत्री की ओर से मंत्रिपरिषद में विश्वास का प्रस्ताव रखा जाना है। इसके बाद वाद-विवाद एवं मतदान होना है। इसलिए आठ जुलाई को पूर्वाह्न 11:00 बजे से विधानसभा की कार्यवाही समाप्त होने तक सभी पदाधिकारी विधानसभा के पदाधिकारी दीर्घा में मौजूद रहेंगे।

**झारखंड में माओवादियों का...**

बम निरोधक दस्ते ने निष्क्रिय कर दिया। बम करीब 200 फीट की दूरी तक सड़क के बीच बिछाया हुआ था। बम को निष्क्रिय करने के दौरान गांव के आसपास का इलाका धमाकों से गूंज उठा। इस रास्ते पर आम लोगों के आने-जाने पर रोक लगा दी गयी है। पुलिस मामले की गंभीरता को देखते हुए लगातार छानबीन कर रही है। एसपी शंभू कुमार सिंह ने शनिवार बताया कि गुमला इलाका नक्सल प्रभावित है। माओवादियों ने पुलिस को निशाना बनाने के लिए निमाणार्धीन कुटमा-बामड़ा सड़क पर पांच आईईडी बिछाए थे। बम निरोधक दस्ते और जगुआर पुलिस की टीम ने शुक्रवार देर रात इनको निष्क्रिय कर दिया। पुलिस के मुताबिक, ग्रामीणों ने जमीन से एक तार निकला देखा तो उन्हें अनहोनी की आशंका हुई। लोगों ने पुलिस को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही रांची से बम निरोधक दस्ता बुलाया गया। दस्ते ने बिना समय गंवाए पहुंच कर आईईडी को निष्क्रिय कर दिया।

KASHYAP'S DENTAL CLINIC

Dr. Vaibhav Kashyap

Oral & Dental Surgeon, C.c. Endodontist & Implantologist Certified Orthodontist, MIDA

" Smiles & More"

छात्र-छात्राओं के लिए 50% की छूट

Facilities

❖ आरसीटी
❖ पायरिया का ईलाज
❖ टेढ़े-मेढ़े दाँतों का ईलाज
❖ स्माईल डिजाइन
❖ इनविजिबल क्लिप
❖ दंत रोपण
❖ फिक्स दाँत लगाना
❖ अत्याधुनिक मशीन और तकनीक के द्वारा ईलाज







CHAMBER
SKYLINE - 4006, 4th Floor, Kadru, Opp. Dr. Lal's Hospital, Ranchi
Contact No. : 9199533383, 7903835453
Time : 9 am to 2 pm & 4 pm to 8 pm
Sunday : 9 am to 2 pm
E-mail : vaibhav.kashyap2011@gmail.com


## ब्रीफ न्यूज

### पीएम स्टारमर ने गठित की कैबिनेट देश की पहली महिला चांसलर नियुक्त



**लंदन।** ब्रिटेन के नए प्रधानमंत्री कीर स्टारमर ने अपना नया कैबिनेट नियुक्त कर दिया है। इस कैबिनेट में एंजेला रेनर को डिप्टी पीएम और रेचल रीव्स को देश की पहली महिला चांसलर ऑफ द एक्सचेकर बनाया गया है। स्टारमर के मंत्रिमंडल में 25 सदस्यों की टीम में रिकॉर्ड 11 महिलाएं शामिल हैं। नए कैबिनेट में यवेट कूपर को गृह मंत्री, डेविड लैमी को विदेश मंत्री और जॉन हीली को रक्षा मंत्री नियुक्त किया गया है। अन्य नियुक्तियों में शबाना महमूद को न्याय मंत्री, वेस स्ट्रीटिंग को स्वास्थ्य मंत्री, ब्रिजेट फिलिप्सन को शिक्षा मंत्री और एड मिलिबैंड को ऊर्जा मंत्री बनाया गया है।

### गाजा में युद्ध विराम वार्ता के लिए कतर में टीम भेजेगा इजरायल

**यरूशलम।** गाजा में युद्ध समाप्त करने के लिए क़तर के दोहा में बैठक चल रही है। इजरायल के मोसाद जासूसी एजेंसी के प्रमुख डेविड बार्निया ने मध्यस्थों के साथ दोहा में एक बैठक की। इजरायल के प्रधानमंत्री कार्यालय ने घोषणा की है वार्ता जारी रखने के लिए अगले सप्ताह एक टीम फिर से दोहा भेजी जाएगी। इजरायली पीएमओ ने एक बयान में कहा, "इस बात को ध्यान में रखना चाहिए कि दोनों पक्षों के बीच अभी भी मतभेद हैं।

### श्री राम सेना को बम से उड़ाने की धमकी की जांच की मांग : जोशी

**हुबली, (कर्नाटक)।** केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्री प्रल्हाद जोशी ने लव जिहाद के पीड़ितों के लिए हेल्पलाइन खोलने पर श्री राम सेना को बम से उड़ाने की धमकी की जांच की मांग की है। शनिवार को हुबली में पत्रकारों से बात करते हुए जोशी ने कहा, श्री राम सेना का फेसबुक अकाउंट बंद करना और बम से उड़ाने की धमकी देना गलत है। हिंसा सही नहीं होती। राज्य सरकार को मामले की जांच करनी चाहिए। इससे पहले मीडिया को संबोधित करते हुए श्री राम सेना के वरिष्ठ नेता गंगाधर कुलकर्णी ने कहा कि 29 मई को हेल्पलाइन खोलकर लव जिहाद के खिलाफ अभियान शुरू करने के बाद बम से उड़ाने और जान से मारने की धमकी दी गई।

# पीएम मोदी ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को श्रद्धांजलि अर्पित की

## 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' के सपने को कैसे किया साकार, सोशल मीडिया पर पोस्ट वायरल

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारतीय जनसंघ के संस्थापकों में शामिल रहे डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की शनिवार को 123वीं जयंती मनाई जा रही है। इस मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह समेत तमाम नेताओं ने उन्हें श्रद्धांजलि दी। श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती को भारतीय जनता पार्टी बलिदान दिवस के रूप में मना रही है। इस दिन, श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 'बलिदान दिवस' के अवसर पर नरेंद्र मोदी ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक को श्रद्धांजलि अर्पित की और बताया कि कैसे उन्होंने अपना पूरा जीवन राष्ट्र की एकता के लिए समर्पित कर दिया। इसी बीच मोदी आर्काइव नाम के सोशल मीडिया एक्स हैंडल से उनकी जयंती पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जुड़ी एक दिलचस्प जानकारी शेयर की गई है। इसमें बताया गया है कि कैसे पीएम मोदी ने लगातार श्यामा प्रसाद मुखर्जी के आदर्शों और भारत को एकजुट करने के उनके प्रयासों का समर्थन किया है। इसके साथ ही इसमें बताया गया कि तत्कालीन गुजरात के मुख्यमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 के लोकसभा चुनाव में रैली उसी स्थान से शुरू की थी, जहां से श्यामा प्रसाद मुखर्जी को गिरफ्तार किया गया था। वहीं, 5 अगस्त 2019 में मोदी सरकार ने कश्मीर से आर्टिकल 370 हटाकर उनके सपने को साकार किया।



### डॉ. मुखर्जी को संविधान सदन में दी गई श्रद्धांजलि

देश आज महान विचारक और प्रखर शिक्षाविद् डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है। शनिवार को संविधान सदन (पुरानी संसद) के सेंट्रल हॉल में राज्यसभा के उपसभापति हरिवंश नारायण सिंह, संसदीय कार्य मंत्री किरेन रिजिजू, कानून मंत्री अर्जुन राम मेघवाल और पार्टी के अन्य नेताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को उनकी जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। राष्ट्र के लिए प्राणों का बलिदान देने वाले माँ भारती के महान सपूत डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की आज 123वीं जयंती है।

**नड्डा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी को पुष्पांजलि अर्पित की :** भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा) के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती के अवसर पर आज पार्टी मुख्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। नड्डा ने एक्स पर कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने राष्ट्र प्रथम के सिद्धांत पर चलकर राष्ट्र के वैभव और सम्प्रभुता के लिए अपना सर्वस्व अर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि कश्मीर हो या बंगाल, देश अखंडता के लिए उनके बलिदान को कृतज्ञ राष्ट्र कभी नहीं भूलेगा। आज उनकी जयंती पर शत-शत नमन करता हूं।

## भाजपा के लोगों ने हमारा ऑफिस तोड़ा हम इनकी सरकार तोड़ेंगे : राहुल गांधी

एजेंसी



**अहमदाबाद ।** अहमदाबाद के पालडी स्थित राजीव गांधी भवन में शनिवार को कांग्रेस नेता और लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पार्टी कार्यकतार्ओं में जमकर जोश भरा। उन्हें गुजरात में भाजपा को हराने के लिए अभी से कमर कस लेने को कहा। राममंदिर, अभय मुद्रा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जिक्र कर उन्होंने भाजपा को चारों ओर से घेरने का प्रयास किया। राहुल गांधी कांग्रेस कार्यालय पर पथराव और पार्टी कार्यकतार्ओं की गिरफ्तारी के विरोध में गुजरात दौरे पर हैं। गुजरात में हुए विभिन्न हादसों के पीड़ित परिवारजनों से भी मिलने का उनका कार्यक्रम है। राहुल गांधी ने गुजरात कांग्रेस के कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए उन्हें विश्वास दिलाया कि गुजरात में कांग्रेस जीतेगी। भाजपा ने उनका ऑफिस तोड़ा है, हम इनकी सरकार तोड़ेंगे। राहुल गांधी ने अयोध्या में भाजपा की हार का जिक्र करते हुए कहा कि भाजपा अयोध्या में इसलिए हारी क्योंकि भाजपा ने अयोध्या में जिन लोगों की जमीनें लीं, उन्हें राममंदिर की प्राण प्रतिष्ठा में जगह नहीं मिली। राहुल गांधी ने कार्यकतार्ओं से कहा कि चुनाव में कांग्रेस कार्यकर्ता अयोध्या में बब्बर शेर की तरह इंडिया गठबंधन के लिए खड़े रहे और वहां पर भाजपा हार गई। राहुल गांधी ने गुजरात के कांग्रेस कार्यकतार्ओं से कहा आप लोगों ने बहुत लाठियां खा ली हैं, अब उन्हें हटाना है।

## राष्ट्रपति मुर्मू आज से नौ जुलाई तक ओडिशा के दौरे पर

**नई दिल्ली।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू आज से नौ जुलाई तक ओडिशा के दौरे पर रहेंगी। भारत सरकार के पत्र सूचना कार्यालय (पीआईबी) ने पांच जुलाई को उनके ओडिशा दौरे के कार्यक्रम की जानकारी विज्ञप्ति में साझा की थी। पीआईबी के अनुसार, राष्ट्रपति मुर्मू छह जुलाई को भुवनेश्वर में उत्कलमणि पंडित गोपबंधु दास की 96वीं पुण्यतिथि पर आयोजित समारोह में शामिल होंगी।

## कुलगाम मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान, अभियान जारी

एजेंसी

**कुलगाम ।** दक्षिण कश्मीर के कुलगाम जिले के मोदरगाम गांव में शनिवार को आतंकवादियों और सुरक्षा बलों के बीच जारी मुठभेड़ में सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि आतंकवादियों द्वारा की गई शुरूआती गोलीबारी में ही जवान घायल हो गया। घायल जवान को पास के अस्पताल पहुंचाया गया, जहां पर वह उपचार के दौरान वीरगति को प्राप्त हो गया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र मे अभियान जारी है। अधिकारियों ने बताया कि पुलिस, सेना की 9 आरआर और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी की विशेष सूचना पर घेराबंदी और तलाशी अभियान शुरू किया। उन्होंने बताया कि जैसे ही सुरक्षा बलों की संयुक्त टीम संदिग्ध स्थान की ओर बढ़ी तो मौके पर छिपे हुए आतंकवादियों ने उन पर गोलीबारी शुरू कर दी।

## एजुकेशन/करियर

रजनीश । **आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अर्थ है-** बनावटी (कृत्रिम) तरीके से विकसित की गई बौद्धिक क्षमता। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के जनक जॉन मैकार्थी के अनुसार 'यह बुद्धिमान मशीनों, विशेष रूप से बुद्धिमान कंप्यूटर प्रोग्राम को बनाने का विज्ञान और इंजीनियरिंग है'। सामान्य शब्दों में यह मशीनों द्वारा प्रदर्शित की गई इंटेलिजेंस है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कंप्यूटर साइंस का एक सब-डिवीजन है और इसकी जड़ें पूरी तरह से कंप्यूटिंग सिस्टम पर आधारित हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उद्देश्य ऐसे उपकरणों का निर्माण करना है जो इंटेलिजेंस से और स्वतंत्र रूप से कार्य कर सकें और मानव श्रम और मैनुअल काम को कम कर सकें। यहां कुछ प्रमुख विषय दिए गए हैं जिनसे आप AI कोर्स में पढ़ेंगे...

# संभावनाओं से भरी है एआई की फील्ड, अवसर अपार




### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस डिज़ाइन

- क्लाउड कम्प्यूटिंग
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का अनुप्रयोग
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस प्रोग्रामिंग
- AI सिस्टम
- नेटवर्क एनालिस्ट
- आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के प्रकार
- /सीमित स्मृति (Limited Memory)
- मस्तिष्क सिद्धांत (Brain Theory)
- आत्म-चेतन (Self Conscious)

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स प्रदान करने वाली दुनिया की टॉप यूनिवर्सिटीज़ की लिस्ट

- मेसाचुसेट्स इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी
- कैम्ब्रिज यूनिवर्सिटी
- क्वींसलैंड यूनिवर्सिटी
- मिशिगन यूनिवर्सिटी
- लीड्स यूनिवर्सिटी
- वाटरलू यूनिवर्सिटी
- लंदन की क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी
- टॉरेंस यूनिवर्सिटी
- नॉर्थईस्टर्न यूनिवर्सिटी




### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स के उदाहरण भी जानिए

- इंटेलिजेंट रोबोट
- कम्प्यूटर गेमिंग
- भाषा पहचान
- विशेषज्ञ सिस्टम
- प्राकृतिक भाषा प्रोसेसिंग
- विजन सिस्टम

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कोर्स प्रदान करने वाली भारत की टॉप यूनिवर्सिटीज़ के नाम

- सभी IIT
- आंध्र यूनिवर्सिटी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग, विशाखापत्तनम
- एनआईटी सुरथकल : नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी कर्नाटक
- इंस्टीट्यूशंस ऑफ इंजीनियर्स इंडिया, कोलकाता
- सीवी रमन ग्लोबल यूनिवर्सिटी, भुवनेश्वर
- वेल्स विश्वविद्यालय : वेल इंस्टिट्यूट ऑफ साइंस टेक्नोलॉजी एंड एडवांस्ड स्टडीज
- श्रीनिवास इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी, मैंगलोर
- शिवाजी विश्वविद्यालय, कोल्हापुरी
- इंडियन मैरीटाइम यूनिवर्सिटी, चेन्नई
- पार्क कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, कोयंबटूर
- समुंद्रा इंस्टिट्यूट ऑफ मैरीटाइम स्टडीज, पुणे
- जीकेएम कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी, चेन्नई



### भारत के विश्वविद्यालयों में आवेदन प्रक्रिया, इस प्रकार है

- सबसे पहले अपनी चुनी हुई यूनिवर्सिटी की ऑफिशियल वेबसाइट में जाकर रजिस्ट्रेशन करें।
- यूनिवर्सिटी की वेबसाइट में रजिस्ट्रेशन के बाद आपको एक यूज़र नेम और पासवर्ड प्राप्त होगा।
- फिर वेबसाइट में साइन इन के बाद अपने चुने हुए कोर्स का चयन करें जिसे आप करना चाहते हैं।
- अब शैक्षिक योग्यता, वर्ग आदि के साथ आवेदन फॉर्म भरें।
- इसके बाद आवेदन फॉर्म जमा करें और आवश्यक आवेदन शुल्क का भुगतान करें।
- यदि एडमिशन, प्रवेश परीक्षा पर आधारित है तो पहले प्रवेश परीक्षा के लिए रजिस्ट्रेशन करें और फिर रिजल्ट के बाद काउंसलिंग की प्रतीक्षा करें।
- प्रवेश परीक्षा के अंको के आधार पर आपका चयन किया जाएगा और लिस्ट जारी की जाएगी।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के तहत जॉब प्रोफाइल्स

- मशीन लर्निंग इंजीनियरिंग
- स्टेटिस्टिक्स साइंटिस्ट
- रोबोटिक्स साइंटिस्ट
- बिजनेस इंटेलिजेंस डेवलपर
- एल्गोरिथम

एनालिस्ट

- सॉफ्टवेयर एनालिस्ट और डेवलपर्स
- इंजीनियरिंग सलाहकार
- सर्जिकल तकनीशियन
- कंप्यूटर साइंटिस्ट

